रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 17 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 226, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

ओम् कूमयि नमः। ओम अनन्तम नमः।

विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं

अवकाश

विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर 17 सितंबर (मंगलवार) को राष्ट्रीय **नवीन मेल कार्यालय** में अवकाश रहेगा। अवकाश के कारण सुधि पाठकों को अखबार का अगला अंक 19 सितंबर (गुरुवार) को उपलब्ध होगा। राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार की ओर से विश्वकर्मा पूजा पर सभी हितधारकों, पाठकों और कर्मयोगी साथियों को शुभकामनाएं।

विज्ञापन या अखबार प्राप्त करने के लिए कृपया संपर्क करें
news.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप
82923 73444

झारखंड के 4 जिलों में आज फिर भारी बारिश, 5 में ऑरेंज अलर्ट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर दिख रहा है। सोमवार को संथाल परगना के कुछ भाग को छोड़कर पूरे झारखंड में बारिश हुई। राजधानी में रविवार की शाम से शुरू हुई बारिश लगातार 24 घंटे से अधिक समय से जारी है। कुछ जिलों में तेज बारिश से नदियों और जलस्त्रोतों का स्तर भी बढ़ गया।

कई डैम के फाटक भी खोलने पड़े। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। 16 से 17 सितंबर के लिए राज्य के चार जिलों में अत्यधिक भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें गढ़वा, पलामू, लातेहार और सिमडेगा शामिल है। वहीं पांच जिलों चतरा, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही रांची समेत सात जिलों रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग और कोडरमा में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 17 से 18 सितंबर के लिए गढ़वा और पलामू में ऑरेंज अलर्ट, वहीं लातेहार और चतरा में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान विभाग ने कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं (गति 50-60 केएमपीएच) का झोंका के साथ वज्रपात की संभावना भी जताई है।

आज की चेतावनी

रेड अलर्ट
गढ़वा, पलामू, लातेहार और सिमडेगा

ऑरेंज अलर्ट
चतरा, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और प. सिंहभूम

येलो अलर्ट
रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग और कोडरमा

17 से 18 सितंबर तक की चेतावनी

ऑरेंज अलर्ट गढ़वा और पलामू

येलो अलर्ट लातेहार और चतरा

पीएलएफआई के 3 उग्रवादी गिरफ्तार

लातेहार। पुलिस ने छापामारी कर नक्सली संगठन पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर समेत तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में बालूमाथ निवासी सब जोनल कमांडर रामविजय सिंह, हेरहंज निवासी रूपेश राम और चंदवा निवासी धर्मेंद्र लोहरा शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से पीएलएफआई का पर्चा और तीन मोबाइल जब्त किया है। बालूमाथ डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का सब जोनल कमांडर राकेश उर्फ राम विजय लोहरा पिछले पिछले दिनों एक संवेदक को रंगदारी के लिए धमकी दिया था। संवेदक के द्वारा इस मामले को लेकर हेरहंज थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। इसी बीच रविवार की रात लातेहार पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआई का सबजोनल कमांडर राकेश अपने कुछ साथियों के साथ हेरहंज की ओर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने छापामारी कर तीनों उग्रवादियों को पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में उग्रवादियों ने बताया कि वे लोग रंगदारी मांगने जा रहे थे।

पहले 100 दिन पीएम ने कहा

इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए

12 नई इंडस्ट्रियल स्मार्ट शहरों को बनाने, 8 नए हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर प्रोजेक्ट को अनुमति देने और 15 से ज्यादा सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन को लॉन्च किया गया है।

2030 तक 500 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता पाना भारत का लक्ष्य। पेरिस क्लाइमेट समझौते की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाला भारत पहला देश है, जिसने डेडलाइन से नौ साल पहले अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है।

1. 30 करोड़ परिवार का पंजीकरण 'पीएम सूर्य घर फ्री इलेक्ट्रिसिटी स्कीम' में हो चुका है। 3.25 लाख घरों में इंस्टॉलेशन पूरा हो चुका है।

एजेंसी

गांधीनगर। नई सरकार के पहले 100 दिन का कार्य उसकी प्राथमिकता और गति को दशार्ता है। आज देश के 140 करोड़ से ज्यादा लोग भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर मिलकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोमवार को यह बयान दिया गया। चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो (आरई-इन्वेस्ट) को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन में देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर में विस्तार करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, सरकार भारत में तेजी से सात करोड़ नए घर बनाने के रास्ते पर काम कर रही है, जो कि कई देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। बीते दो कार्यकाल में चार करोड़ से ज्यादा घरों का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को गिनाया।

चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो में शामिल हुए प्रधानमंत्री

RE INVEST 2024 RENEWABLE ENERGY INVESTORS' MEET

सरकार भारत में तेजी से सात करोड़ नए घर बनाने के रास्ते पर काम कर रही है

1,00, 000 करोड़ रुपये के फंड को रिसर्च को प्रोत्साहित करने के लिए मंजूरी दी गई है।

12,000 करोड़ रुपये की राशि से 31,000 मेगावाट की हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स बनाने को लेकर भारत काम कर रहा है।

पीएम मोदी का जन्मदिन आज, पूरे देश में मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 74 साल के हो जाएंगे, जिससे उनकी दशकों की सार्वजनिक सेवा में एक और शानदार साल जुड़ जाएगा। पीएम मोदी का जन्मदिन किसी भी अन्य कार्य दिवस की तरह ही है, लेकिन यह सेवा पर्व मनाने का अवसर भी है, जो एक पखवाड़ा उत्सव है, जिसे भाजपा हर साल नागरिक कल्याण और मानवता को ध्यान में रखकर निस्वार्थ सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित करती है।

17 सितंबर 1950 को गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में पैदा हुए नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने लगातार तीन कार्यकाल (2001-14) तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और अब वह रिकॉर्ड तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री हैं। हर साल की तरह इस बार भी भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा या सेवा पर्व शुरू करने जा रही है। इस पहल के तहत देशभर में रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। इसके साथ ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अस्पतालों, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाएंगे।

शेष पेज 11 पर

कुछ इस अंदाज में पीएम ने मनाया है जन्मदिन

2023 - पीएम मोदी ने 17 सितंबर 2023 को 'पीएम विश्वकर्मा योजना' शुरू की, इसका लक्ष्य कारीगरों को कौशल प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है।

2022 - देश से विलुप्त हो चुके चीतों को बसाने के लिए 'प्रोजेक्ट चीता' शुरू किया। नामीबिया से आठ चीतों को विशेष विमान से मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में लाया गया था।

शेष पेज 11 पर

आज कल

भारतीय जनता पार्टी चाहती है एक देश एक चुनाव, विपक्ष का रुख इससे अलग

ब्यूरो

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार एक देश एक चुनाव कराने को कह रही है। इसके तहत आगामी लोकसभा चुनाव के साथ ,सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव कराए जा सकते हैं। 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की बहुत वकालत की थी। यह भी तर्क दिया था कि बार-बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। फिलहाल भाजपा के एक देश एक चुनाव एजेंडा को लेकर विरोध शुरू हो गया है। सीपीआईएम ने एक देश एक चुनाव का समर्थन न करने का ऐलान किया है। जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इसे सत्तारूढ़ दल की नौटंकी करार दिया। तृणमूल कांग्रेस ने सवाल किया कि हरियाणा व जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के साथ महाराष्ट्र चुनावों की घोषणा क्यों नहीं की गई? राज्यसभा में टीएमसी संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव लोकतंत्र विरोधी भाजपा का एक और हथकंडा है। वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी राजा ने कहा कि उनकी पार्टी एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि मैं एक राष्ट्र एक चुनाव की समिति का नेतृत्व कर रहे पूर्व राष्ट्रपति से मिला था। राजा ने कहा कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है और यहां संसद-राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव होते रहते हैं। संविधान लोकसभा, राज्य विधानसभा के कार्यकाल, निर्वाचित मुख्यमंत्रियों और राज्यों में सरकारों की शक्तियों को स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों से सभी शक्तियां नहीं छीन सकती। इस मुद्दे पर संविधान सभा में चर्चा हुई थी और चीजें बहुत स्पष्ट हैं। सीपीआई नेता ने कहा कि चुनाव आयोग एक स्थायी आयोग है जो अपनी सारी शक्तियां संविधान से लेता है। आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का जनादेश मिला है।

शेष पेज 11 पर

ट्रंप पर दूसरी बार हमला, बाइडेन ने की निंदा

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित वेस्ट पाम बीच पर इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स के बाहर रविवार दोपहर डेढ़ बजे गोलीबारी हुई। ट्रंप अपने फ्लोरिडा स्थित घर में गोल्फ खेल रहे थे। तभी लगभग 300 मीटर की दूरी पर गोल्फ कोर्स के किनारे झाड़ियों के बीच से किसी ने गोली चलाई और भागने का प्रयास किया। एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने भाग रहे हमलावर का पीछा किया और उसे काउंटी में दबोच लिया। आरोपित अट्ठावन वर्षीय रयान वेस्ले राउथ के पास एके-47 के अलावा एक अन्य बंदूक, दो बैकपैक, एक गोप्रो कैमरा था। मालूम हो कि इसके पूर्व 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक रैली के दौरान भी डोनाल्ड ट्रंप को गोली मारी गई थी। हालांकि, गनीमत रही कि गोली उनके कान को छूती हुई निकल गई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने कहा है कि हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को गोलीबारी की घटना के दौरान सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए सुरक्षा में तैनात अधिकारियों की प्रशंसा की। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी ट्रंप पर हुए हमले की निंदा की है। रयान वेस्ले राउथ के बारे में कहा जाता है कि वह हवाई का निवासी है, उत्तरी कैरोलिना में एक श्रमिक के रूप में काम करता था और उसने रूसी आक्रमणों के खिलाफ

शेष पेज 11 पर

कोई बाइडेन व कमला की हत्या की कोशिश नहीं कर रहा

नई दिल्ली । पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कथित हत्या के प्रयास की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने एक विवादास्पद बयान दिया। उन्होंने सवाल किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर हत्या का कोई प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है? एक एक्स यूजर के सवाल, वे डोनाल्ड ट्रंप को क्यों मारना चाहते हैं? का जवाब देते हुए टेस्ला के सीईओ ने लिखा, और कोई भी बाइडेन या कमला की हत्या करने की कोशिश नहीं कर रहा है। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख ट्रंप समर्थक हैं और अक्सर उनके पक्ष में पोस्ट लिखते रहे हैं।

इंडिया

आम आदमी पार्टी की खास राजनीति के मायने

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत के इंडिया बनते शिक्षा के बाद सबसे ज्यादा प्रयोग राजनीति में हुए और पारंपरिक राजनीति से छली गई जनता हमेशा नए नारों और प्रयोगों की ओर आकर्षित होती रही है । आजकल मुद्दे बताने के लिए बड़े या आक्रामक लेखकों पत्रकारों को पीआर के नाम पर नियमित सेवा में लेना चलन हो गया है जिसका सबसे ज्यादा प्रयोग राष्ट्रीय पार्टियों के बाद आम आदमी पार्टी ने किया और खबरों की भूखी ब्रेकिंग न्यूज मीडिया की नस पहचानने वाले काफी महंगे चुनावी रणनीतिकारों ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के ब्रांड की तरह विभिन्न पार्टियों के अनेक नेताओं को लॉन्च किया उनके पक्ष में आख्यान गढ़े जिसमें टीवी चैनलों के धुंवाधार विज्ञापनों से लेकर सोशल मीडिया का जमकर दुरुपयोग किया गया । विरोधी पक्ष के चरित्र हनन से लेकर झूठे प्रसंग चलाकर हवा बनाने में चूंकि कोई व्यक्ति सामने नहीं होता तो समूह में चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए नीति,सिद्धान्त से लेकर सामाजिक सरोकारों तक की धज्जियां उड़ाई गईं । चूंकि इनका संचालन विदेशों से होता है और इनका सर्वर सात समुंदर पार होता है या भारतीय

कानून इसमें बहुत स्पष्ट या प्रभावी नहीं थे जिस कारण यह जहर भाईचारे से लेकर सामाजिक मेलजोल तक को आज बुरी तरह प्रभावित कर चुका है । पड़ोसी पाकिस्तान पर तो इसके लिए अश्लीलता तक का उपयोग करने के आरोप लगे और सुरक्षा एजेंसियां बार बार सुझाव देतीं रहीं हैं कि अनजान लोगों और लिंक से बच कर रहें पर यह जहर दूर दराज के गांवों तक फैल चुका है । ऐसे में भ्रष्टाचार पर वार करते अन्ना हजारे के साथ खड़े भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी अरविंद केजरीवाल में लोगों को ईमानदारी के प्रतीक और उद्धारकर्ता की छवि दिखाई पड़ी जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के रहस्यमय व्यापक कवरेज के प्रचार की सीढ़ियां चढ़ते राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गए । कनाडा के खालिस्तान समर्थक से लेकर भारत के युवा तक उनके मेक ओवर के दीवाने थे जब गांधी टाइप अन्ना हजारे के आसपास दिल्ली के वसुंधरा में रहने वाले मफलर लपेटे, साधारण सिले कपड़े में दस रुपए की कलम और आम आदमी की गाड़ी नीली वैगन आर में चलने वाले केजरीवाल बात बात पर टीवी के समाचारों में कसमे खाते दिखते कि मैं तो मर जाऊंगा पर सबसे भ्रष्ट कांग्रेस से हाथ नहीं मिलाऊँगा अपने बच्चो की कसं खाता हूं। उनकी खांसी में लोगों को अपना दर्द दिखता और देखते देखते वे अभूतपूर्व विजय के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए जिसमें उनका चुनाव जिताऊ दांव था बिजली पानी फ्री और झुग्गी झोंपड़ी वालों के घर को नियमित करने की कसम खाना। दिल्ली की बिजली रिकॉर्ड महंगी होती गई और पानी के संकट का आरोप हरियाणा की सरकार पर मढ़ दिया गया झुग्गियों को नियमित करना संभव व्यावहारिक कारणों से संभव नहीं था क्योंकि इससे अन्य लोग भी कब्जा जमाने लगते सबसे बड़ा कारण था कि वो जमीन राज्य सरकार की नहीं केंद्र सरकार की थी । अभी लगभग 5-6 महीने बाद जेल से बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर जनता से नए सिरे से जनादेश मांगा है। उनका कहना है कि जब तक जनता फैसला नहीं सुनाती, वो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत मिलने के दो दिन बाद आया है। केजरीवाल पर शराब घोटाले में शामिल होने के आरोप लगे हैं और उनके करीबी नेता मनीष सिसोदिया इस मामले में 17 महीने जेल में बिता चुके हैं। केजरीवाल ने इस्तीफे के ऐलान करके नया दांव खेला है, जिसके जरिए वो अपनी छवि सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। वे 6 महीने पहले जेल जाने पर पद से इस्तीफा दे नैतिकता की दुहाई देते तो बात दूसरी होती जब कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने की इजाजत दी थी, लेकिन जनता ने इस बात पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया और बीजेपी ने दिल्ली की सभी सात सीटें जीत लीं। उन्हें 50 करोड़ का आलीशान सरकारी आवास बनवाने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। फिर ईडी और सीबीआई ने शराब घोटाले में उनकी कथित भूमिका का आरोप लगाते हुए उनकी छवि को और धूमिल कर दिया। एक अन्य पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और विधायक अमानतुल्लाह खान अभी भी जेल में हैं। मान भी लें कि आप नेताओं के खिलाफ सभी मामले सिर्फ राजनीतिक उत्पीड़न का नतीजा थे, फिर भी यह सवाल तो उठता ही है कि क्या अदालतें बिना किसी वजह के इतने लंबे समय तक उन्हें रोके रहीं?

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को पलामू जेल में किया गया शिफ्ट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई)सुप्रीमो दिनेश गोप को रांची से पलामू जेल में शिफ्ट किया गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिनेश गोप को जेल में शिफ्ट किया गया है। जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार रांची जेल में बंद रहकर भी वह कारोबारियों से लेवी मांगने का काम कर रहा था। इसके बाद जेल प्रशासन ने उसे दूसरे जेल में शिफ्ट करने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि दिनेश गोप को एनआइए ने 21 मई 2023 को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

शेष पेज 11 पर

चतरा में मुखिया पर जानलेवा हमला

चतरा। जिले के हंटरगंज प्रखंड के कोबना पंचायत के मुखिया बबलू कुमार मेहता पर जानलेवा जानलेवा हमला हुआ है। बबलू कुमार मेहता अपने गांव में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। खाना खाकर लौटने के क्रम में बाइक सवार युवकों मे धारदार हथियार से हमला कर दिया। मोटरसाइकिल से दो युवक आए और पीछे बैठा युवक मुखिया के गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। मुखिया का गर्दन में कट लग गया और अचेत होकर गिर पड़े। घटना रविवार देर रात की है। गंभीर अवस्था में मुखिया को हंटरगंज अस्पताल लाया गया।

पीएम मोदी के जमशेदपुर दौरे पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कसा तंज, कहा

भाजपा को सताने लगा है चुनाव में हार का डर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को जेएमएम के केन्द्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने महज एक चुनावी स्टंट बताया है। आज उन्होंने एक पीसी कर कहा कि प्रधनमंत्री ने झारखंड की जनता से अपना जुड़ाव दिखाने की खूब कोशिश की। उन्होंने लोगों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दीं। लेकिन यह ये बताना भूल गए की जिस पर्व की वह शुभकामनाएं दे रहे हैं, वो असल में किनका पर्व है। कल के रेल कार्यक्रम में रेल मंत्री नहीं पहुंचे। कहा कि कार्यक्रम स्थ्ल पर कोई भी राज्य सरकार का मंत्री मौजूद नहीं था। सुप्रियो ने कहा कि कल का सरकारी कार्यक्रम पार्टी कार्यक्रम में बदल गया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि को प्रमुखता नहीं दी गई क्योंकि वे सभी जेएमएम के विधायक हैं। कल के कार्यक्रम में बीजेपी के नेताओं को प्रमुखता दी गई। इसी जिले में हमारी सरकार के 2-2 मंत्री हैं। लेकिन किसी को भी नहीं बुलाया गया। आगे उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अब हेमंत सोरेन से डरने लगी है। इसका सबूत है कल का कार्यक्रम। आज तक किसी ने नहीं देखा कि किसी प्रधानमंत्री ने चुनाव के कार्यक्रम के लिए 130 किलोमीटर की दूरी को सड़क मार्ग से तय किया हो। केंद्र में मौजूद मोदी की सरकार बैसाखी पर टिकी हुई है। सरना धर्म को लेकर अब तक केंद्र सरकार ने अपनी कोई भी स्थिति साफ नहीं की है। इस पर उन्हें चर्चा करनी चाहिए। हरियाणा जम्मू कश्मीर में होने जा रहा विधानसभा चुनाव का नतीजा स्पष्ट दिख रहा है। सिर्फ औपचारिकता बाकी है। कहा कि इस राज्य में बीजेपी को विधानसभा चुनाव में हार मिलनी तय है। इसी डर से अब बीजेपी के कई नेता झारखंड आ रहे हैं। हेमंत सोरेन के काम से पीएम इतने डरे हुए हैं कि अब अपनी सभा में वे हेमंत सरकार के कामों की चर्चा कर रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि कल एनएच 33 को लगभग 9 घंटो के लिए कैद कर लिया गया था। एनएच झारखंड का स्पाइनल कोड है और उसे कल 9 घंटों के लिए कैद किया गया था। ये कई राज्यों को जोड़ता है। चुनाव के लिए इस तरह का काम करना ये साफ दिखाता है बीजेपी को यहां हार का डर है।

आमने सामने

प्रधानमंत्री की सभा में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़ ने नींद उड़ा दी है झामुमो की : बिजय चौरसिया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झामुमो महासचिव के बयान पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कहा बीते पांच वर्षों से झामुमो और उनके सहयोगियों ने पूरे झारखंड को जाम कर रखा है। दरअसल प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में उमड़ी एतिहासिक भीड़ ने इन लोगों की नींद हीं उड़ा दी है। प्रधानमंत्री की भारी जनसभा इन्हें रोज रात में दिखती है और ये सुबह अनर्गल बयान देना शुरू कर देते हैं।मौसम बेहद खराब होने की वजह से प्रधानमंत्री ने सड़क मार्ग से अपने तय जनसभा में पहुंचे। जहां पर लाखों की तादाद में झारखंडी युवा, बुजुर्ग, माताएं और बहनें घंटों से उनके इंतजार में खड़े थे। एक जननेता का अपने जनमानस के प्रति जो लगाव और स्नेह है वो इंडी गठबंधन वालों को कभी भी समझ में नहीं आयेगी। उन्हें पता होना चाहिए कि प्रधानमंत्री के काफिला वन वे था। अन्य वाहनों और लोगों के आवागमन में कोई परेशानी नहीं भी नहीं हुई। झामुमो वालों को प्रधानमंत्री का जनता के प्रति समर्पण और लगाव नहीं दिख रहा है। आखिर उन्हें दिखेगा भी कैसे इनमें किसी प्रकार की संवेदना रहे तभी तो ये चीजें दिखे। इस सरकार की करनी से कई युवा मौत के गाल में समा गया। उत्पाद सिपाही के तुगलकी दौड़ में प्राणों को खो दिया।

पांच वर्षों में जो सरकार लूट का साम्राज्य खड़ा किया है, राज्य में बलात्कारियों को छूट दी हुई है, भूमाफियाओं को छूट दी हुई है, जिसके राज्य में सर्वाधिक आदिवासी और दलित बेटियां ही पीड़ित है। ऐसी सरकार में इस राज्य में खुला क्या जो इन्हें बंद और जाम की चिंता सताने लगी है। जब राज्य सरकार का काफिला निकलता है तब सड़कों की क्या स्थिति होती है वो इन्हें नहीं दिखती कि कैसे आमजनों को इससे आए दिन परेशान होना पड़ता है। प्रदेश प्रवक्ता में झामुमो महासचिव को नसीहत देते हुए कहा कि जहां इन्हें प्रधानमंत्री के आगमन पर और उनके द्वारा सूबे को मिले करोड़ों अरबों की योजनाओं पर खुशी जताना चाहिए वहां ये अनर्गल बयानबाजी में फंसे हुए हैं। कहा कि सबसे बड़े दुर्भाग्य की स्थिति है कि हेमंत सरकार अपराध का भी तुष्टिकरण कर रही।

दो दिनों के अंदर आउटसोर्स एजेंसी का चयन करने का निर्देश

रांची। विभिन्न जिलों की आउटसोर्स एजेंसी जिनकी सेवा अवधि समाप्त हो चुकी है या समाप्ति की ओर है, उनके स्थान पर नए सिरे से एजेंसी का चयन कर विभाग को सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया था। इसके बाद भी जिलों की ओर से कोई सूचना विभाग को नहीं उपलब्ध कराई गई है। सभी सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि अगर निविदा के माध्यम से चयन कर लिया गया है तो उन्हें विभागीय ईमेल पर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। अगर अब तक निविदा का निस्तारण नहीं किया गया है तो दो दिनों के अंदर निविदा का प्रकाशन कर एजेंसी का चयन कर सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यालयों और अस्पतालों में आउटसार्स एजेंसी के माध्यम से ही मानव बल उपलब्ध कराया जाता है। तीन या फिर एक वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न जिलों में आउटसोर्स एजेंसी मानव बल उपलब्ध करा रही है।

झारखंड में भाजपा ने गढ़ा नारा न सहेंगे, न कहेंगे, बदल के रहेंगे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की तर्ज पर नारा गढ़ा है। वर्ष 2023 में हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में जब बीजेपी ने परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की थी, तो नारा दिया था- बदल के रहिबो। झारखंड में पार्टी ने परिवर्तन यात्रा की शुरूआत से पहले नारा दिया है- न सहेंगे, न कहेंगे, बदल के रहेंगे।

इन मुद्दों पर झारखंड में भाजपा निकालेगी परिवर्तन यात्रा

झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा मुख्यालय में सोमवार को प्रेस को संबोधित किया। प्रदेश की वर्तमान सरकार पर उन्होंने जमकर हमला बोला। सरकार की वादाखिलाफी, बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ से राज्य की बदलती डेमोग्राफी के खिलाफ प्रदेश भाजपा परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करेगी।

किस प्रमंडल में कब निकलेगी परिवर्तन यात्रा

- **पलामू** प्रमंडल में 21 सितंबर को गढ़वा जिले के बंशीधरनगर से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत होगी। प्रमंडल में यात्रा का समापन 28 सितंबर को होगा।
- **हजारीबाग** प्रमंडल में 21 सितंबर को इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत होगी, जिसका समापन 28 सितंबर को होगा।
- **दक्षिणी छोटानगपुर** प्रमंडल में खूंटी के आम्रेश्वर धाम से 23 सितंबर को परिवर्तन यात्रा शुरू होगी और 3 अक्टूबर को इसका समापन होगा।
- **संताल परगना** प्रमंडल में 20 सितंबर को भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा शुरू होगी और 30 सितंबर को इसका समापन होगा।
- **धनबाद** प्रमंडल की यात्रा झारखंडी धाम से 20 सितंबर को शुरू होकर 26 सितंबर को संपन्न होगी।
- **कोल्हान** प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा चित्तेश्वर धाम बहरागोड़ा से 23 सितंबर को प्रारंभ होगी। महात्मा गांधी की जयंती पर 2अक्टूबर को यात्रा का समापन होगा।

20 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चलेगी परिवर्तन यात्रा

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बीजेपी इस सरकार की नाकामियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन के साथ रोटी, माटी और बेटी को बचाने का हमने संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर से 3 अक्टूबर तक झारखंड भाजपा अपने सभी 6 सांगठनिक प्रमंडलों में परिवर्तन यात्रा निकलेगी।

सभी 81 प्रमंडलों और 200 से अधिक प्रखंडों से गुजरेगी यात्रा

मरांडी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा पूरे प्रदेश में 200 से अधिक प्रखंडों से गुजरते हुए 5400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। इस यात्रा के दौरान 80 स्वागत कार्यक्रम होंगे।

डोरंडा कॉलेज की अतिथि शिक्षिका डॉ तस्नीमा परवीन का निधन

रांची। डोरंडा महाविद्यालय में पिछले 7 वर्षों से कार्यरत उर्दू विभाग की अतिथि शिक्षिका डॉ तस्नीमा परवीन का आकस्मिक कल दोपहर 2:30 बजे कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।। आज उन्हें रांची लाया गया और 11:00 बजे रातू रोड स्थित कब्रिस्तान में दफनाया गया। जिसको लेकर झारखंड अतिथि शिक्षक संघ में शोक व्यक्त किया है। संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि तस्नीमा अत्यंत सरल एवं मृदु भाषी तथा संघर्षशील महिला थीं। हमलोगों के साथ में पिछले 7 वर्षों से कार्य कर रही थीं। वर्तमान में पिछले 16 माह के बकाये वेतन को लेकर हमलोग संघर्ष कर रहे हैं। तस्नीमा को शारीरिक कष्ट होने के बावजूद हमारे साथ अंतिम समय तक खड़ी रहीं। उपाध्यक्ष सौरभ कुमार ने कहा कि तस्नीमा नेट तथा पीएचडी उत्तीर्ण उर्दू की एक विद्वान बुद्धिजीवी व्याख्याता का जाना शिक्षा जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

सीएम से मिले भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशक

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर एवं डॉ निर्मल कुमार, कंसल्टेंट ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 20 सितंबर- को आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। ज्ञात हो कि संस्थान के शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगी।

न्यूज बॉक्स

हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल को दी जगह

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में स्टेट बार काउंसिल का एक्सटेंशन ऑफिस जल्द ही खुलेगा। हाईकोर्ट के दूसरे टाइपिस्ट ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर पर एक्सटेंशन ऑफिस के लिए जगह उपलब्ध कराया गया है। एक्सटेंशन ऑफिस खुलने से वकीलों को काफी राहत मिलेगी। काउंसिल से जुड़े काम कराने में काफी सुविधा भी होगी। स्टेट बार काउंसिल के लिए जो जगह हाईकोर्ट ने दी है, उसके लिए कुछ शर्तें भी रखी गई है।

संजय मेहता ने बनाई नई पार्टी

रांची। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति से हजारीबाग लोकसभा सीट के प्रत्याशी रहे संजय मेहता ने नई पार्टी बना ली है। जयराम महतो से अलग होकर झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति के नाम से पार्टी का गठन किया है। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड को बचाने के मकसद से उन्होंने यह पार्टी बनाई है। झारखंड के विकास, पुनर्वास और प्रदेश की नीतियों को लेकर इस पार्टी का गठन करना अनिवार्य था। मीडिया से उन्होंने कहा कि वह चुनावी राजनीति से खुद को दूर रखेंगे। वह चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन कोई उनकी पार्टी से चुनाव लड़ना चाहेगा तो इसका रजिस्ट्रेशन एक पॉलिटिकल पार्टी के रूप में किया जाएगा। इसके बाद उनकी पार्टी का मेंबर चुनाव लड़ सकता है।

एनआईए ने डीएसपी रैंक के अधिकारियों की मांग की

रांची। राष्ट्रीय सुरक्षा को लगातार मिल रही चुनौती और झारखंड में इसकी गतिविधियों के बढ़ने से इसकी जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के पास उतने अधिकारी नहीं हैं, जिस कारण एनआईए ने झारखंड पुलिस से प्रतिनियुक्ति पर डीएसपी रैंक के अधिकारियों को भेजने का अनुरोध किया है। एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि 17 डीएसपी की एनआईए के विभिन्न ब्रांचों में प्रतिनियुक्ति की जायेगी। प्रतिनियुक्ति एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में होगी। आवेदन करने की अंतिम तारीख 22 अक्टूबर है। विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर फॉर्म भरे जाने हैं। भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 17 पद भरे जाने हैं।

साईं नाथ विवि के वीसी ने राज्यपाल से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता। रांची

साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी अग्रवाल ने सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की व विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। वीसी अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के हित में प्रारम्भ किए गए रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय अग्रसर है। यह झारखंड का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है। जिसका एनसीसी यूनिट का आवंटन प्राप्त है। विश्वविद्यालय की एनसीसी की छात्रा स्वीटी कुमारी ने नई दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। छात्राओं का नामांकन बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्रों की शिक्षा, आवास एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय के 500 छात्र एवं 500 से अधिक छात्राएं विश्वविद्यालय छात्रावास में रहते हैं। कहा कि विद्यार्थियों के समाज एवं राष्ट्र निर्माण की भावना, अनुशासन, कौशल विकास, प्रशिक्षण, रोजगार सृजन, प्लेसमेंट, खेल गतिविधि, पाठ्येतर गतिविधियां के गुर सिखाए जाने के साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप स्ववालंबी झारखंड के विचार को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के साथ काम भी कर रहा है। कहा कि साईं नाथ विश्वविद्यालय कोरोनाकाल के कठिन समय में कोबरा बटालियन के लगभग 300 जवानों को विश्वविद्यालय के छात्रावासों में कोरेन्टाइन की सुविधा उपलब्ध कराई। जिससे उनके स्वास्थ्य की रक्षा हो सकी।

पिता ने लगाया दहेज को ले बेटी को जलाने का आरोप

रांची। दहेज की खातिर कई बेटियों की जान अब तक जा चुकी है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा इलाके में दहेज में 50 हजार नहीं देने पर बेटी को जलाकर मारने की कोशिश की गई। इस वारदात में पीड़िता 26 वषीर्या ममता देवी काफी गंभीर रूप से जल गई है। उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पीड़िता के पिता बसंत राम ने सोमवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। बसंत राम ने बताया कि ससुराल वालों ने महज 50 हजार के लिए इस वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी वर्ष 2018 में विनोद राम के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ महीने तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन बाद में दहेज की रकम को लेकर ममता देवी को प्रताड़ित किया जाने लगा। इसके बाद ममता को विनोद राम ने मायके, बोकारो लाकर छोड़ दिया। बाद में जब ममता को समझा बूझकर दोबारा भेजा गया, तो ससुराल वाले उसे अक्सर दहेज के लिए प्रताड़ित ही करते रहे। रविवार को दहेज के लिए ही ममता को उसके पति विनोद राम, ससुर सहदेव करमाली, सास पांतो देवी और ननद सुमन देवी ने मिलकर आग में झोंक दिया।

रांची के इंजीनियरिंग छात्र की ओडिशा में मौत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

डोरंडा के रविदास मोहल्ले के इंजीनियरिंग के छात्र अभिषेक रवि की ओड़िशा के भुवनेश्वर में मौत हो गई। मौत के बाद कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि अभिषेक की मौत आइटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में सीढ़ी से गिरने के कारण हुई है। लेकिन छात्र के परिजनों ने रैगिंग की शिकायत के कारण घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। घरवालों का कहना है मामले को साधारण बता कर रफा दफा करने की कोशिश की जा रही है। घरवालों का कहना है कि अभिषेक रवि जहां से गिरा है, वहां की सीढ़ी पर स्टील के रॉड को देखने से साफ पता चलता है कि उस रॉड को काटा गया है। उसके सीढ़ी से गिरने से मौत को साधारण मामला बताकर रफा-दफा करने की कोशिश हो रही है।

जानकारी के अनुसार अभिषेक रवि की बहन और मामा पवन आर्य ने बताया कि अभिषेक के द्वारा रैंगिंग की शिकायत करने के बाद उसके साथ कुछ अनहोनी हुई है। अभिषेक के रैगिंग मामले की शिकायत पर पुलिस भी हॉस्टल पहुंची थी। कमरे की कुण्डी टूटे होने के तर्ज पर अभिषेक के बहन और मामा ने कुछ अनहोनी होने का अंदेशा लगाया।

कॉलेज प्रबंधन ने बताया, छात्र की मौत दुर्घटना से हुई है

परिजनों ने रैगिंग का लगाया आरोप

फाइल फोटो

दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा पीड़ित के साथ खड़ा हूं : संजय सेठ

रांची। डोरंडा के रविदास मोहल्ले के इंजीनियरिंग के छात्र अभिषेक रवि की ओड़िशा के भुवनेश्वर में मौत हो गई। पीड़ित परिवार से सोमवार को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने डोरंडा रविदास मुहल्ला स्थित निवास पर जाकर मुलाकात किया। मृतक अभिषेक रवि के पिता अनुपचंद राम ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि अभिषेक की मौत आइटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में सीढ़ी से गिरने हुई है। लेकिन मेरे बेटे की रैगिंग कर उसकी हत्या की गई है और कॉलेज प्रबंधन एवं पुलिस-प्रशासन मिलीभगत से हत्या को दुर्घटना में बदलने की कोशिश में लगी हुई है।

बातों को सुनने के बाद रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने तत्काल भुनेश्वर में संपर्क किया। वहीं कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जायेगी। जरूरत पड़ने पर पीड़ित परिवार के साथ भुनेश्वर तक जाने की बात कही। पीड़ित परिवार से मिलने पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू,राजेश राम, नागेश्वर राम सहित रविदास महासभा के पदाधिकारी एवं सदस्य थे।

रिम्स में जूनियर डॉक्टरों और होमगार्ड जवानों के बीच मारपीट मामले में हुई कारवाई

रिम्स प्रबंधन ने की एकपक्षीय कार्रवाई : होमगार्ड समादेष्टा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रिम्स में कुछ दिन पहले जूनियर डॉक्टरों और होमगार्ड के जवानों के बीच मारपीट हुई थी। इस घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने 16 होमगार्ड के जवानों को विरमित कर दिया है। इस संबंध में होमगार्ड जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने बताया कि होमगार्ड के जवानों में अंजु कुमारी नाम की दो महिला होमगार्ड के जवानों को विरमित किया गया है। ये महिला होमगार्ड पिछले एक वर्ष से रिम्स में सेवारत नहीं है। दूसरे विष्णु प्रमाणिक नाम के जवान को विरमित किया गया जो मारपीट वाले घटना के दिन छुट्टी पर था। दुःखद है कि होमगार्ड की जवान शिवानी महतो ने मारपीट की घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी, उसे भी रिम्स प्रबंधन ने विरमित कर दिया। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवददाता ने होमगार्ड जिला समादेष्टा कौशिक कुमार से बात की।

प्रश्नः क्या रिम्स के कार्यरत 16 जवानों को विरमित करने का अधिकार रिम्स प्रबंधन को है?

जवाबः बिल्कुल नहीं। रिम्स प्रबंधन को कोई अधिकार नहीं कि होमगार्ड के जवानों को विरमित करे। उन्होंने रिम्स में तैनात जवानों पर कारवाई के लिए लिस्ट भेजा है।

प्रश्नः रिम्स प्रबंधन के दिए लिस्ट पर आपने जवानों पर क्या कारवाई की?

जवाबः अभी जांच चल रही है। सारे सीसीटीवी फुटेज खंगाला जाएगा। दोषी कौन है? इसका पता लगाने के लिए मामले के तह तक जाना होगा।

प्रश्नः रिम्स प्रबंधन ने जिन जवानों पर कारवाई की बात कही है वे अभी कहां कार्यरत हैं?

जावबः होमगार्ड के जवान की गलती है या जूनियर डाक्टरों की। यह अभी साबित नहीं हुआ है। इसलिए वे सभी जवान रिम्स में ही सेवारत हैं।

प्रश्नः क्या आपको लगता है कि रिम्स प्रबंधक एकतरफा कारवाई की है?

जवाबः बिल्कुल, यह एकतरफा कारवाई है। कारवाई करने के दौरान उन्हें यह नहीं पता कि कौन होमगार्ड के जवान कार्यरत हैं और कौन नहीं।

सवालः क्या होमगार्ड के जवान दोषी हैं?

जवाबः बिल्कुल दोषी नहीं हैं। इनको न्याय दिलाने में हमलोग कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

सवालः कौन बेगुनाह है कौन दोषी यह कौन तय करेगा?

जवाबः यह निर्णय कमिटी करेगी। इस कमिटी में रिम्स प्रबंधन और होमगार्ड विभाग के पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

इस संबंध में रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने अपना पक्ष रखा

प्रश्नः होमगार्ड के जवानों को विरमित करने में रिम्स निदेशक कमिटी के सदस्य हैं?

जवाबः रिम्स के निदेशक कमिटी के पार्ट नहीं थे। पांच सदस्यों की कमिटी ने दोषी पाए लोगों पर कारवाई की अनुशंसा की है। उन पर कारवाई करने के लिए निदेशक ने आदेश पारित किया था।

प्रश्नः क्या आपको नहीं लगता कि कारवाई एकपक्षीय है?

जवाबः नहीं। होमगार्ड के जवानों ने हमारे जूनियर डॉक्टरों पर हमला किया था।

प्रश्नः क्या विरमित होमगार्ड के जवान रिम्स में कार्यरत हैं?

जवाबः नहीं। दोनों पक्षों को सुनने और वीडियो फुटेज देखने के बाद दोषी पए गए जवानों को रिम्स के निदेशक ने आदेश पारित कर तत्काल प्रभाव से हटा दिया था।

कांग्रेस के सह प्रभारियों ने संभाला 12-12 जिलों का जिम्मा

सांसद सप्तगिरी शंकर उल्का ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम व सरायकेला-खरसावां का किया दौरा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांग्रेस के सह प्रभारियों ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मोर्चा संभाल लिया है। दोनों सह प्रभारियों ने अनौपचारिक रूप से राज्य के 24 जिलों में से 12-12 जिलों पर पहले फोकस किया है।

दोनों सह प्रभारियों ने पहले चरण में सिमडेगा और गुमला का दौरा किया। वहीं, दूसरे चरण में अलग-अलग दौरे कर रहे हैं। सह प्रभारी सांसद सप्तगिरी शंकर उल्का पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां का दौरा कर चुके हैं। वहीं, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद रामगढ़ के बाद अगले पांच दिनों तक हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, गढ़वा और पलामू में विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन करेंगे। हर जिले में जिला कांग्रेस कमेटी, अग्रणी, संगठन, मोर्चा, जिले के वरिष्ठ नेता के साथ बैठक कर चुनाव के लिए रणनीति बनाएंगे। इसके अलावा पार्टी नेताओं से वन टू वन भी करेंगे। इसमें विधानसभा चुनाव को लेकर संबंधित जिला के विधानसभा में किस दल का पलड़ा भारी दिख रहा है और पार्टी की क्या स्थिति है, उसे जानेंगे। जिस विधानसभा में पार्टी कमजोर दिखेगी, वहां मजबूती के लिए वे कारगर कदम भी उठाएंगे। इसके लिए प्रदेश कमेटी से समन्वय बनाकर कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और पार्टी आलाकमान को रिपोर्ट भी देंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का संताल परगना क्षेत्र में भी फोकस रहेगा। कांग्रेस के पाकुड़, महगामा, जरमुंडी, जामताड़ा समेत पोड़ैयाहाट से विधायक हैं। ऐसे में इन सीटों पर जीत के साथ-साथ अन्य जिलों पर अपना दावा मजबूत करने के लिए भी पार्टी कार्रवाई करेगी। संताल के जिलों में इस महीने के अंत तक कांग्रेस के सह प्रभारी दौरा करेंगे और रणनीति बनाएंगे।

रांची में लगातार बारिश, कई घरों में घुसा पानी, जनजीवन अस्तव्यस्त

- *मौसम विभाग ने बारिश को देखते हुए रांची के लिए येलो अलर्ट जारी किया है*
- *राजधानी में अधिकतम 22.09 व न्यूनतम तापमान 21.31 डिग्री सेल्सियस रहा*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। साइक्लोनिक सकुर्लेशन के प्रभाव में राजधानी रांची में रविवार शाम से लगातार बारिश हो रही है। 24 घंटे से अधिक समय से जारी बारिश से शहर की तस्वीर बदल गई है। तापमान में जबरदस्त गिरावट देखने को मिला। राजधानी में अधिकतम तामम्मान 22.09 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 21.31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर में सामान्य जीवन प्रभावित हुआ है वहीं सड़कों पर चार चक्का वाहन ज्यादा और दो पहिया वाहन कम दिखे। सब्जी बाजार में विक्रेता और क्रेता दोनों काफी कम दिखे। बारिश के कारण शहर के कई नालियों का पानी सड़क पर आ गया। वहीं कई घरों में नाली का पानी घुसने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग बारिश से खुश है। नगड़ी के एक किसान गोपाल ने कहा कि अब इसके बाद बारिश न भी हो तो धान की फसल पर असर नहीं पड़ेगा। हां सब्जी की खेती में थोड़ा नुकसान जरूर हुआ है लेकिन इस बारिश का असर आगे आने वाली सब्जी की फसलों पर दिखेगा। उत्पादन समय पर और बेहतर होगा। मौसम विभाग ने बारिश को देखते हुए रांची के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

आज कमजोर हो सकता है साइक्लोनिक सर्कुलेशन

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को साइक्लोनिक सकुर्लेशन ने झारखंड में प्रवेश किया। साइक्लोन का इंटेन्स प्रेशर पुरुलिया, जमशेदपुर, रांची के आसपास केंद्रित था। विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि इंटेंस प्रेशर के पश्चिम बंगाल और झारखंड में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए अगले 12 घंटों के दौरान (मंगलवार तक) कमजोर होने की संभावना है। इसके बाद अगले 24 घंटों के दौरान यह झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ में पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा।

गोंदा डैम फिर हुआ लबालब तीनों फाटक खोले गए

राज्य में भारी बारिश से नदियां उफान पर हैं। डैमों का जलस्तर बढ़ गया है। इस कारण लोगों की परेशानी भी बढ़ गयी है। रांची के कांके का गोंदा डैम फिर लबालब हो चुका है। डैम अपनी क्षमता के अनुसार 28 फीट पर पहुंच गया है। डैम के तीनों फाटक खोलकर वाटर लेवल को नियंत्रित रखा जा रहा है। रूक्का डैम भी अपनी क्षमता से पांच फीट नीचे है। डैम का लेवल 32.04 फीट पर पहुंच चुका है। हटिया डैम का लेवल भी 31 फीट तक पहुंच चुका है। अगर पूरी रात इसी तरह बारिश होती रही तो मंगलवार की सुबह तक जलस्तर में और बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले साल की तुलना में 16 सितंबर को अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। रामगढ़ जिले में पतरातू डैम का भी जलस्तर बढ़ गया है। इस कारण फाटक खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। पांच फाटक खोल दिए गए हैं, ताकि तेजी से पानी निकल सके। दामोदर भी उफान पर है। इन पर नजर रखी जा रही है।

एक नजर

एसएसपी ने किया 6 इंस्पेक्टरों का तबादला

रांची। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने 6 इन्स्पेक्टर रैंक के पुलिस का तबादला किया है। सोमवार को एसएसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार राम कुमार वर्मा को बुंडू थाना, विमल किंडो को धुर्वा, आलोक सिंह को अरगोड़ा, अनिल कुमार तिवारी को ओरमांझी और दिग्विजय सिंह को जगन्नाथपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि आनंद कुमार मिश्रा को पुलिस केन्द्र रांची में पदस्थापित किया गया।

अधिवक्ता को मातृशोक

रांची। रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता एवं अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के वरीय सदस्य निरंजन राम की माता भागो देवी 90 वर्ष का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। सोमवार दोपहर को उनका अंतिम संस्कार हरमू स्थित मुक्ति धाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके रिश्तेदार एवं अधिवक्ता शमिल हुए। भागो देवी एक धर्म परायण महिला थी। वह दो पुत्रों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ कर चली गई। उनके निधन पर अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राधा नगर, शांति नगर और पंचशील नगर के लोगों के लिए राहत की खबर

नगर आयुक्त ने जलजमाव क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिया समाधान का निर्देश

खबर का असर

- *जलजमाव का स्थायी समाधान करने की मांग*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। नगर आयुक्त संदीप सिंह ने नगर प्रबंधक, निगम के अभियंता, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर तथा अन्य कर्मियों के साथ शांति नगर, राधा नगर और पंचशील नगर में जल-जमाव की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि इन इलाकों में रहने वालों को भारी जलजमाव के कारण अनेक कठिनाईयों का सामाना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर आयुक्त ने संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि कनेक्टिंग नालियों को साफ करते हुए पानी के बहाव का रास्ता बनाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में उक्त क्षेत्र में जल-जमाव ना हो, इसके लिए स्थायी समाधान निकालें।

ज्ञात हो कि पंचशील नगर के सामने स्थित नाला की जमीन को कुछ दबंगों ने अतिक्रमित कर उस पर पक्का मकान-दुकान बना रखा है। इस कारण पानी का बहाव अवरूद्ध हो गया था, जिससे राधा नगर, शांति नगर के लोगों की हालत बदत्तर हो गई थी। इस इलाके के लोगों को स्कूल-कॉलेज जाने, राशन व दवा लाने में भी मुश्किल हो गया था। यहां के निवासी परेशानी में जीवन-यापन कर रहे थे।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस मुद्दे को बड़ी गंभीरता से उठाया। इस संबंध में रांची नगर निगम का भी पक्ष लिया गया। इसके बाद मामला सुर्खियों में आया व नगर निगम प्रशासन की नींद खुली। आनन- फानन में नगर आयुक्त संदीप सिंह हालात का जायजा लेने पहुंचे। बात जब तक सुर्खियों में नहीं आई थी तबतक नगर उपप्रशासक रवींद्र कुमार रैयत की खाली जमीन में नाला बनाने पर अड़े हुए थे, जिसका रैयतों ने पुरजोर विरोध किया।

इसे लेकर रैयत स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत कराया। अब, जब नगर आयुक्त ने खुद स्थल निरीक्षण किया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। इलाके के आम लोगों का कहना है कि फिलहाल राहत की खबर है। मगर जिस तरह से पानी के अवरोध हटाया जा रहा है, यह स्थायी समाधान नहीं है। स्थायी समाधान कोसों दूर है, भविष्य में इस तरह के हालात न बनें इसके लिए नगर निगम को गैरमजरूआ जमीन पर बने नाला को अतिक्रमणमुक्त कराना होगा। विदित हो कि इस नाला की जमीन के अतिक्रमण की पुष्टि हेहल अंचल और सिटी प्लानर दोनों ने की है।

नाला की जमीन पर अतिक्रमण, रैयतों की जमीन पर निगम बनायेगा नाला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

1932 के खतियान के अनुसार, पंडरा मौजा के खाता न0210 के प्लाट न01075 में कुल 39 डिसमील जमीन पर नाला है। हेहल अंचल के कर्मचारी और टाउन प्लानर ने भू मापी की तो नाला की भूमि पर अतिक्रमण पाया। दबंग लोगों ने उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर पक्का दुकान-मकान बना रखा है। इससे नाला पूरी तरह से बंद हो गया। अतिक्रमित नाले रहने वालों का जीवन नारकीय हो गया है। इस इलाके के लोग लगातार नगर निगम से पानी हटाने की शिकायत कर रहे हैं। बड़े नेताओं तक भी इस बात की शिकायत पहुंची है। मगर कोई भी उस नाला को शुरू कराने में कामयाब नहीं हो पाया।

नाला की जमीन का अतिक्रमण

रैयतों ने किया विरोध, कहा-नगर निगम दे रहा है अतिक्रमण करने वालों का साथ

निगम प्रशासन रैयतों को कर रहा है परेशान

रैयतों की इसी जमीन पर है नगर निगम की नजर

रैयतों ने आरोप लगाया है कि गैरमजरूआ जमीन पर बने अतिक्रमित नाले को शुरू करने के बजाय नगर निगम रैयतों के खाली जमीन पर नया नाला बनाने की तैयारी कर रहा है। नया नाला बनाने के लिए रैयतों की जमीन पर बुलडोजर उतारी जा रही है। नगर निगम के रवैये से रैयत आक्रोशित हैं। इस संबंध में रैयतों ने आवेदन देकर नगर निगम प्रशासक से अपने हक व अधिकार की फरियाद लगायी थी। विदित हो कि ये आम गरीब रैयत पिछले 15 वर्षों से फरियाद मांगते आ रहे हैं। मगर अब, फरियादी पर ही नगर निगम शिकंजा कसने की तैयार है। नगर निगम उपप्रशासक रविन्द्र कुमार ने रैयतों को ही अपना स्वामित्व स्थापित करने को कहा है। रैयतों का कहना है कि नाला पर किए गए अतिक्रमण को तोड़ने के बजाय रैयतों के जमीन पर नए नाला बनाने की तैयारी नगर निगम के कौन सी समझ को दर्शाता है?

13 सितंबर को प्रकाशित खबर

14 सितंबर को प्रकाशित खबर

नाला अतिक्रमण को लेकर हटिया विधायक से मिले रैयत

नगर निगम उपप्रशासक कानून के दायरे में रख कर करें निष्पक्ष कार्रवाई : सर्वोच्च जनप्रतिनिधि

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पंचशीलनगर के सामने स्थित पंडरा नाला की जमीन को कुछ दबंगों ने अतिक्रमित कर रखा है। नाला पर पक्का दुकान व मकान बना लिया है। इस कारण पानी का बहाव अवरूद्ध हो गया है। राधानगर और शांति नगर के लोगों का भी बुरा हाल है। इलाके के 5 से 6 फीट तक पानी भरा हुआ है। राशन के लिए भी लोग घर से बाहर

इतनी भारी परेशानी के बीच भी नगर निगम को दया नहीं आ रही। अतिक्रमित क्षेत्र को खाली कराने के बजाय दबंगों के सामने घुटने टेक दिया है। उल्टे, खाली जमीन पर रैयतों को ही उनका स्वामित्व साबित करने का फरमान नगर निगम उपप्रशासक रवींद्र कुमार ने दे दिया। इसमें आहत रैयतों ने विधायक नवीन जायसवाल से अपने हक-अधिकार की रक्षा के लिए फरियाद लगाया। विधायक नवीन जायसवाल ने जुल्म सहने वाले कुमार से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान के अनुसार, नाला गैरमजरूआ जमीन पर है और इस जमीन का अतिक्रमण हुआ है। अतिक्रमण की पुष्टि हेहल अंचल और टाउन प्लानर ने किया है। अब, किस बात का सर्वेक्षण? कानून के दायरे में रह कर निष्पक्ष काम करें। अतिक्रमित क्षेत्र को खाली कराकर नाला के पानी को अवरूद्ध मुक्त करें। किसी का खाली जमीन देखकर उसमें नाला बनाना, नाला का पानी

कोई बीमार पड़ जाए तो डॉक्टर तक पहुंचना मुश्किल

परेशान हैं पानी से घिरे शांति नगर और राधानगर के वासी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पंडरा के शांति नगर और राधा नगर में जनता भूमाफिया से पीड़ित है। जनता की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। इनके दुखों का वर्णन नहीं किया जा सकता। इनका दुःख वही समझ सकता है, जो यह कि विभीषिका का दंश झेला हो। राजधानी के पंडरा इलाके में स्थित पंचशील नगर के ठीक सामने के नाला पर दबंगों ने वर्षों से अतिक्रमण कर रखा है। गैरमजरूआ जमीन पर बने इस नाला पर दबंगों ने पक्का मकान-दुकान बना लिया है। जिस जमीन पर जाने के पानी का बहाव हो, उस जमीन का अतिक्रमण हो जाए, तो पानी का बहाव रुकना ही। पानी का बहाव रुकने से पानी का जमाव निचले इलाके में होना स्वाभाविक है। ऐसा ही जलजमाव शांतिनगर और राधा नगर में हो रहा है। ये इलाके चारों तरफ से पानी से घिर गए हैं। शांतिनगर और राधा नगर के घरों में बच्चे-बुजुर्ग सभी लोग रहते हैं। चारों तरफ से पानी से घिरे इस इलाके में अगर डॉक्टर की जरूरत पड़ जाती है, तो जान सांसत में आ जाती है। प्रशासन के किसी भी अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं है, सभी अपने वातानुकूलित कमरे में व्यस्त हैं।

16 सितंबर को प्रकाशित खबर

न्यूज बॉक्स

मेडिका हॉस्पिटल के 20 प्रतिभागियों ने पास की बीएलएस-एसीएलएस की परीक्षा

रांची। मेडिका हॉस्पिटल के 20 प्रतिभागियों ने बीएलएस-एसीएलएस की तीन दिवसीय ट्रेनिंग के साथ लिखित, मौखिक और व्यावहारिक परीक्षा दी। इस तीन दिवसीय सत्र के प्रमुख इंस्ट्रक्टर इमरजेंसी विभाग के एचओडी डॉ. रोहित सेंगर ने बताया की मेडिका झारखंड का पहला हॉस्पिटल है जहां साल में तीन बार अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन से प्रमाणित कोर्स कराया जाता है। इसमें पास हुए बीएलएस/एसीएलएस प्रोवाइडर की मान्यता पूरे विश्व में होती है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय मिश्र ने पास हुए प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा की इस ट्रेनिंग के माध्यम से प्राथमिक जीवन रक्षक प्रणाली का लाभ अधिक-से-अधिक जरूरतमंद को मिलेगा। आईटी हेड सुहैल कैसर जो नॉन मेडिकल प्रोफेशनल हैं बताया कि तीन दिन सीखने के बाद यह लगा ये कोर्स सभी को सीखना चाहिए। मौके पर डॉ बसंत, ब्रदर जोसेफ, ब्रदर सीजू, ब्रदर साजू, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर मौसमी उपस्थित थे।

सीएमपीडीआई के निदेशक मनोज ने कर्मियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

रांची। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने संस्थान के कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) -2024 अभियान की शुरूआत की। इस वर्ष एसएचएस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, मुख्यालय-रांची और क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने स्वच्छता शपथ ली। मौके पर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक एसएचएस सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें खिचवाईं। इस अभियान के दौरान सीएमपीडीआई स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान और वॉकथान जैसे जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला, नारा, निबंध लेखन और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा व स्वास्थ्य, स्वच्छता कार्य और स्वच्छता मित्रों के लिए पोषण शिविर और 6 राज्यों में फैले अपने कार्यक्षेत्र में बैनर, सेल्फी प्वाइंट डिजिटल डिस्प्ले आदि के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाएगा।

रांची पुलिस की गिरफ्त में आए दो चोर

रांची। राजधानी में लंबे समय से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो चोरों को रांची पुलिस ने धर दबोचा है। दरअसल 13 सितम्बर को ओवरब्रीज स्टेशन रोड के पास दो अज्ञात बाइक सवार के द्वारा महिला के हाथ से फोन की छिनतई की थी। इसकी सूचना महिला ने चुटिया थाना में दी। मामले के सत्यापन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशनुसार, पुलिस अधीक्षक नगर के देख रेख में मामले की जांच के लिए छापामारी दल का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन और तकनीकी शाखा के सहयोग से छिनतई करने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा। पवन कुमार सिंह किशोरगंज का है व विकास सिंह अपर बाजार का रहने वाला है। पुलिस ने भारती बोर्ड स्टेशन रोड से रंगे हाथ गिरफ्तार किया। दोनों अपराधियों के पास से 3 मोबाइल, 2 स्टील की चाकू, 4 बाइक, 1 स्कूटी बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों अपराधियों ने बताया कि बरामद सभी सामान का उपयोग छिनतई में किया करते थे। गिरफ्तार अभियुक्त पवन कुमार सिंह का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है।

धुर्वा डैम में दूसरे दिन भी छात्रा को तलाशती रही एनडीआरएफ

रांची। थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम में रविवार को छात्रा द्वारा आत्महत्या करने की आशंका को लेकर सोमवार की दोपहर एक बजे एनडीआरएफ की टीम डैम में उतरी। टीम लगातार पांच घंटे तक छात्रा की तलाश करती रही, परंतु उसका पता नहीं चला। डैम के फाटक के पास जहां छात्रा के पानी में कूदने की आशंका जताई जा रही थी, वहां पानी की गहराई काफी अधिक है। गोताखोर लगभग 40-50 फीट तक उतरे, परंतु छात्रा का पता नहीं चला। उसके बाद एनडीआरफ की टीम ने हाई स्पीड मोटरबोट से पानी में कई बार चक्कर लगवाया, परंतु छात्रा का पता नहीं चला। इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम का मानना है कि पानी में किसी का शव नहीं है। ज्ञात हो कि रविवार को धुर्वा डैम के पास 22 वर्षीय छात्रा की चप्पल और स्कूटी लावारिस मिला थी। छात्रा शनिवार की रात घर से ढाई बजे रात में स्कूटी से निकली थी।

पितृपक्ष में श्राद्ध से प्रसन्न होते हैं पितृ : संजय सर्राफ

- *पितृपक्ष 17 सितंबर से*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि 17 सितंबर से स्नान दान भाद्रपद पूर्णिमा तिथि लगते ही पितृ पक्ष शुरू हो जाएगा। पितृपक्ष 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक रहेगा। 16 दिनों तक पूर्वजों का ध्यान स्मरण किया जाएगा। उन्हें जल देकर तर्पण की कामना होगी। पितृपक्ष शुरू होते हैं शुभ कार्यों की बेला थम जाएगी। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष में पितरों को प्रसन्न किया जाता है। इस दिन उन पूर्वजों के सम्मान में श्राद्ध किया जाता है जिनकी मृत्यु हर महीने की पूर्णिमा के दिन हुई थी। पितृपक्ष जिसे श्राद्ध के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि मृतक पूर्वजों को

समर्पित एक महत्वपूर्ण अवधि है यह वह समय होता है जब पूर्वजों की आत्माएं प्रसाद और प्रार्थनाओं के प्रति सबसे अधिक ग्रहणशील होती है श्राद्ध पक्ष वास्तव में पितरों को याद करके उनके प्रति श्रद्धा भाव प्रदर्शित करने का अवसर है पितरों का श्राद्ध करने से जन्म कुंडली में व्याप्त पितृ दोष से भी हमेशा के लिए छुटकारा मिलता है पितृपक्ष में पितरों संबंधित कार्य करने से व्यक्ति का जीवन खुशियों से भर जाता है।

जेएसएससी सीजीएल 21 व 22 को, आज से जारी होगा एडमिट कार्ड

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) रांची समेत अन्य जिलों में 21 और 22 सितंबर को आयोजित होने जा रही है। जेएसएससी 17 सितंबर को आधिकारिक वेबसाइट पर एडमिट कार्ड जारी करेगा, जो आयोग के आधिकारिक बेवसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आयोग ने अभ्यर्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल पर मैसेज भेजकर परीक्षा केंद्र और परीक्षा तिथि के साथ प्रवेश पत्र कब और कैसे मिलेगा। इस संबंध में सूचना पहले ही जारी कर दी है। इस परीक्षा में लगभग 6.50 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इससे पहले ये परीक्षा 28 जनवरी और चार फरवरी को परीक्षा आयोजित होनी थी। प्रश्नपत्र लीक होने के कारण इस परीक्षा कर रद्द कर दिया गया था।

समस्याओं से जूझ रहे हैं रिक्शा चालक

ई-रिक्शा के आने से रोजी-रोटी पर पड़ा है संकट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में रिक्शा की संख्या पहले की अपेक्षा काफी कम हो गयी है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने जब तहत तक जाने का प्रयास किया तो कई राज खुल कर सामने आये। पहला कारण यह रहा कि राजधानी रांची में विकास गति सरपट दौड़ रही है। प्रतिदिन कुछ न कुछ नया देखने का मिलता है। पिछले दो वर्षों में रांची की सड़कों पर ई-रिक्शा की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। ई-रिक्शा के चलने से रिक्शा चालकों की रोजी-रोटी पर असर पड़ा है। एक तो रिक्शा से कम किराया ई-रिक्शा का है। वहीं लोगों को कम समय में गंतव्य तक पहुंचा देता है। ऐसे में लोगों की पहली पसंद ई-रिक्शा बन गयी। वहीं रिक्शा पर चलने वालों की संख्या घट गयी। इस कारण रिक्शा चालकों को समस्याओं का समाना करना पड़ रहा है। अब रिक्शा चलाने वाले मजदूरी का काम करने लगे हैं। वहीं अभी कुछ लोग बचे हुए हैं, वे भी भूखमरी के कगार पर हैं। वहीं दूसरी ओर रिक्शा चालकों का अपना रिक्शा नहीं होता है। वे किराया पर लेकर चलाते हैं। कई दिन ऐसा होता है कि रिक्शा किराया भी देने भर कमाई नहीं होता है। जानकारी के अनुसार रांची में 40 से अधिक रिक्शा गैरेज और लगभग 8000 रिक्शा है। गाड़ीखाना चौक पर रिक्शा चालक राजु से जब इस संबंध में पूछा तो वह पहले भावुक हो गया। इसके बाद कहा कि यह सब समय की मार है। आधुनिकता ने हमारे रिक्शा को मार दिया। उन्होंने कहा कि जब से ई-रिक्शा का चलन बढ़ा है, तब से रिक्शा चालकों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

रिक्शा गैरेज के मालिक ने बताया

रिक्शा गैरेज के मालिक ने बताया कि रिक्शा चलावाना अब बहुत मुश्किल का काम है। पहले अच्छी कमाई होती थी। अब वैसी कमाई नहीं होती है। पहले मेरे पास 150 रिक्शा था। जब नुकसान होने लगा तो, मैने 50 रिक्शा बेच दिया। रांची में 40 से अधिक रिक्शा गैरेज हैं। जहां लगभग 8000 रिक्शा है। सभी रिक्शा प्रतिदिन नहीं चलता है।

दुर्गा पूजा स्पेशल | पिस्कामोड़ में शिवसेना बना रहा प्रेरणादायक पंडाल

मां दुर्गा के स्वागत की तैयारी में मग्न राजधानी

- *स्वप्न लोक थीम पर शिवसेना बना रहा मां दुर्गा का दरबार*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शारदीय नवरात्री की तारीख नजदीक है ऐसे में पंडालों का निर्माण कार्य भी जोरों पर है। राजधानी में पंडालों को अनूठा और आकर्षक बनाने के लिए तरह तरह के थीम पर काम चल रहा है। कहीं प्रेरणादायक पंडाल बनाये जा रहे हैं तो कहीं देवी देवताओं की छवि अलग तरीके से दिखाई जा रही है।

पिस्का मोड़ में कई वर्षों से प्रेणादायक पंडालों का निर्माण शिवसेना क्लब करता है। इसके मुख्य संरक्षक उदय प्रताप सिंह, अध्यक्ष रमाकांत ओझा, संयोजक बैजू सोनी ने बताया कि पिछले वर्ष क्लब ने पक्षियों और प्रकृति की सुरक्षा से संबधित पंडाल का निर्माण किया था। जिसकी सजावट और थीम ने दर्शकों और भक्तों को आकर्षित किया था। इसी कड़ी में इस वर्ष स्वप्न लोक यानी शांति की प्रेरणा थीम पर पंडाल का निर्माण हो रहा है। सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रकाह गया है। 6 वालेंटियर तैनात रहेंगे, पंडाल में कुल 9 सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे, साथ ही 3 ड्रोन कैमरों के माध्यम से पंडाल की निगरानी की जाएगी जाएगी।

पंडाल व प्रतिमा में क्या है खास

शिवसेना क्लब के मीडिया प्रभारी नरेश पंडित ने बताया की इस वर्ष भक्तों के लिए सबसे अलग पंडाल का निर्माण किया जा रहा, जहां मां दुर्गा अर्द्ध चांद पर विराजमान होंगी। मां की प्रतिमा रांची के मूर्तिकार अमित पाल के द्वारा बनाया जा रहा जिसकी ऊंचाई 15 फीट है। पंडाल को स्वप्न लोक रूपी ढांचा दिया जा रहा जिसकी लागत लगभग 15 लाख है। पंडाल अंदर से 18 फीट ऊंचा है, बाहर से 32 फीट चौड़ा और 55 फीट लंबा पंडाल को और नयनाभिराम बनाने के लिए रंग बिरंगे बल्बों का भी उपयोग किया जायेगो पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के बाजबेरिया निवासी जयदेव दास सहित कुल 12 लोग कर रहे हैं।

खराब मौसम से दिल्ली और मुंबई की उड़ान में विलंब

नवीन मेल संवाददाता

रांची। खराब मौसम का असर रांची से विभिन्न महानगरों की विमान सेवाओं पर भी पड़ा। कई विमान डेढ़ से दो घंटा विलंब से उड़े। विमान के विलंब से उड़ान भरने के कारण यात्रियों को परेशानी हुई। खराब मौसम के कारण उड़ान में विलंब होने के कारण इंडिगो एयरलाइंस अधिकारियों ने विलंब के कारण यात्रियों से खेद भी व्यक्त किया। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार इंडिगो का दिल्ली से आने वाला विमान आधे घंटे विलंब से दोपहर 2:30 बजे रांची आया। यह विमान डेढ़ घंटा विलंब शाम 5: 25 बजे दिल्ली के लिए उड़ा। इंडिगो का मुंबई से आने वाला

विमान डेढ़ घंटा विलंब से उड़ा। यह विमान शाम 4.30 बजे के बजाय शाम 5:35 बजे मुंबई के लिए उड़ान भरी। वही शाम को दिल्ली से आने वाली इंडिगो की विमान सेवा भी रात 7:45 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुआ। जबकि इसके रांची से प्रस्थान समय शाम 5:30 बजे निर्धारित है। शाम को आने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली सेवा रात 7:50 बजे रांची से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। यह विमान भी निर्धारित समय से डेढ़ घंटा लेट से रवाना हुई।

एक नजर

डायरिया प्रभावित गांव का दौरा कर एसडीएम ने लिया जायजा

बुंडू। प्रखंड की एदलहातू पंचायत के बड़कोलमा गांव में डायरिया की सूचना मिलने पर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू मोहनलाल मरांडी और डॉ दिलीप कुमार पासवान ने प्रभावित गांव का दौरा किया। अनुमंडल अस्पताल द्वारा डॉ मधु तमवार के नेतृत्व में आज भी मेडिकल टीम ने घर-घर जाकर सभी के स्वास्थ्य आदि का जायजा लिया। अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि सभी प्रभावित क्षेत्र में ब्लीचिंग आदि का सहिया के माध्यम से बांटा गया। वहीं ग्रामीणों को गरम पानी पीने और साफ-सफाई का सुझाव दिया गया। मौके पर संबंधित क्षेत्र की सभी स्वास्थ्यकर्मी, ईश्वर दयाल, अमन कुमार, बीटीटी जीतेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

जिकरा फॉल में डूबे छात्र का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

बुढ़मू। प्रखंड के जंगल में स्थित जिकरा फॉल में डूबे छात्र आर्यन उरांव की तलाश दूसरे दिन भी नहीं हो सकी। आर्यन के परिजन सोमवार की सुबह जिकरा फॉल पहुंचे और स्थानीय पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण गोताखोरों की मदद से फॉल और नदी में कई किमी दूर तक तलाश कराई, परंतु आर्यन का सुराग नहीं मिला। वहीं एनडीआरएफ की टीम सोमवार को भी बुढ़मू नहीं पहुंच पाई। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से परिजन आर्यन को तलाशने का प्रयास कर रहे हैं। फॉल के घने जंगलों के बीच काफी गहराई में होने और फिसलन भरे रास्ते के कारण फॉल तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण फॉल और नदी उफनाई हुई है जिससे डूबे युवक की तलाशी में लगातार व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

देश के 10 राज्यों के दिव्यांग रांची में दिखाएंगे अपना हुनर

रांची। खेल प्रेमियों के लिए रांची में एक बार फिर से पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है।पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड, रांची के तत्वाधान में 22 सितंबर से 23 सितंबर 2024 तक हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में तीसरे पारा थ्रोबॉल नेशनल टूर्नामेंट का आयोजन होगा। जिसमें 10 राज्यों की 20 टीमें भाग लेंगी। इनमें 10 पुरुष वहीं 10 महिला टीमें होंगी। मेजबानी में झारखण्ड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तराखंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर शामिल हैं।
सोमवार को संस्था के अध्यक्ष राहुल मेहता ने प्रेस वार्ता कर कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी भी सामान्य खिलाड़ियों के भांति अच्छे प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। इस साल झारखंड के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है।

तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश, आमलोग परेशान

चान्हो-मांडर में कई मकान जमींदोज

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो/मांडर
प्रखंड क्षेत्र में लगातार अड़तालीस घंटे से हो रही झमाझम बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। एक ओर जहां लोगो का घरों से निकलना मुहाल हो गया है वहीं पशु पक्षी भी बेहाल है। इस आफत की बारिश ने प्रखण्ड के मांडर के हेसमी निवासी सुशीला देवी और मन्दरो निवासी गंगू उरांव और सयुफ अंसारी का मकान गिर गया है। पीड़ित परिवार ने स्थानीय प्रशासन और जन प्रतिनिधियों से मकान के मरम्मत करने को लेकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। वही जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य जगराम उरांव एवं जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत ने बताया कि कई लोग अत्यंत गरीब हैं जो पैसे के अभाव में पक्का मकान बना नहीं पाए हैं। उनको सरकारी स्तर पर पदाधिकारी तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराएं। अबुआ आवास या प्रधानमंत्री आवास योजना से उनके मकानों को बनवाने की मांग की है। वहीं चान्हो प्रखंड के लुंडरी निवासी इश्तियाक अंसारी का मकान गिर गया है। उन्होंने भी प्रशासन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि से सहयोग की अपील की है यदि समय रहते बारिश नहीं रुकी तो जहां कच्चे मकान का नुकसान होने के साथ-साथ किसान बहुल इलाके में खेती में भी किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।खबर लिखे दाने तक आसपास के ग्रामीण इलाकों में कई और

खलारी में तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश

नदी-नालों में आया उफान, जनजीवन अस्तव्यस्त

खलारी। खलारी में विगत तीन दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। सोमवार देर शाम से तेज हवाएं भी बह रही हैं। लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बावजूद इसके आमलोग खुश हैं। कई वर्षों बाद इतनी बारिश हो रही है। खलारी की सभी नदियों सपही, दामोदर, सोनाडुबी उफान पर हैं। डोभा, तालाब, कुओं में पर्याप्त पानी भर गया है। लगातार बारिश से बाजार में लगभग सन्नाटा है। व्यवसायी दुकान खोलकर ग्राहकों का इंतजार करते दिखे। जरूरी काम वाले लोग ही घरों से बाहर दिखे। स्कूली बच्चों को आने जाने में परेशानी हुई। कई जगह पेड़ गिर पड़ा। एसीसी कालोनी व प्रगति मार्केट केडी के बीच सुबह लंबे समय से सुखा एक पेड़ गिर पड़ा। संयोग रहा कि स्कूली बच्चों के वहां से गुजरने के बाद पेड़ गिरा। क्षेत्र के गड्ढों वाली सड़कों में गड्ढों का पहचान करना मुश्किल हो गया है। मैकलुस्कीगंज-पतरातू रोड में अधूरा कच्ची सड़क का हाल और भी बेहाल हो गया है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विकास तिर्की ने बताया कि धान की खेती को नुकसान नहीं होगा परंतु सब्जियों की खेती को नुकसान की संभावना है। किसानों को सलाह दिया है कि धान के खेत में ज्यादा पानी जमा नहीं होने दें।

थम गई कोयला खानों की मशीनें, रेलवे व सीसीएल दोनों को नुकसान

खलारी कोयलांचल में सीसीएल के कोयला खानों की मशीनें थम गई हैं। ज्यादा बारिश के कारण कोयला उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है। खदान के हौल रोड पर फिसलन के कारण हौलपैक डंपरों को रोकना पड़ा है। रेलवे साइडिंग तक कोयला नहीं पहुंच पा रहा है। कोयले के अभाव में खलारी के विभिन्न रेल साइडिंगों से एक भी कोयला रैक नहीं निकल पाया। सीसीएल ने खाली रैक लेने से मना कर दिया है। स्टेशन यार्ड में जगह के अभाव में साइडिंगों में ही खाली रैक को स्टैबल रखा गया है। सामान्य दिनों में खलारी से प्रतिदिन चार रैक कोयला बाहर भेजा जाता है। मालभाड़े के रूप में रेलवे को करीब छह करोड़ का नुकसान हो चुका है।

कच्चे घरों को हुआ नुकसान, बिजली भी रही प्रभावित

लगातार बारिश से क्षेत्र के कई गांवों में कच्चे घरों को नुकसान होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार हुटाप बहेरटांड़ में करीमन गंझू का खपरैल घर गिर पड़ा। महेन्द्र गंझू के घर का दीवार गिर पड़ा। कजरा गंझू के घर का दीवाल गिर गया जिससे एक बकरी मर गई। वहीं दूसरी ओर बारिश से बिजली भी गुल रही और लोगा परेशानियां बढ़ गयी।

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

सरकार की आमद मरहबा, सरदार की आमद मरहबा के नारों से गुंजायमान हुआ प्रखंड

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो/मांडर
पैगम्बर-ए-जहां हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्म दिवस के मुबारक मौके पर सोमवार को शांति एवं सौहार्द के साथ ईस्लाम धर्मावलंबियों ने जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी के रूप में मनाया। इस मौके पर अंजुमन के निगरानी में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाली गयी। जिसका नेतृत्व मसाजिदों के आइमा-ए-कराम और अंजुमन कमिटी के ओहदेदरान व विभिन्न पंचायतों के सदर व सेक्रेटरी कर रहे थे। झमाझम बारिश में हरे रंगों के परचम और खुबसूरत रंग-बिरंगे पताके हाथों में लिये जनसैलाब के रूप में मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा गोरे ग्राम से शुरू हुआ जुलूस निर्धारित मार्ग से होते हुए मुड़मा चौक पहुंचा जहा कांग्रेस अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर,और क्षेत्र के मुखिया बहादुर उराँव, भाजपा नेता रामबालक ठाकुर,शमशेर आलम, ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर जुलूस में आये लोगों का स्वागत किया। मौके पर अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर ने अपने संबोधन में कहा कि पैगम्बर मुहम्मद साहब पुरे विश्व को सहिष्णुता और भाईचारा का पाठ पढ़ाया है उनके बताए गए मार्ग पर चल कर ही एक सभ्य समाज और विश्व शांति का स्थापना किया जा सकता है। मौके पर अयूब खान, तबारक खान, रामबालक ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

ईद मिलाद उन नबी पर निकला जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन मुस्लिम समुदायों के द्वारा कलुवाडीह मस्जिद के सचिव मोहम्मद फारूक की अगुवाई में जश्ने ईद मिलाद उन नबी का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बुजुर्ग, युवा और बच्चे हाथ में धार्मिक झंडा लिए हुए शामिल थे।जुलूस सिंगपुर चौक से लेकर सिंगपुर कब्रिस्तान में दुआ के बाद समाप्त किया गया। मोहम्मद फारूक ने बताया कि यह त्यौहार पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव के रूप में हम लोग मानते हैं। साथ ही साथ यह त्योहार मुसलमानों के द्वारा बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस दिन मस्जिदों को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया जाता है और नमाज भी अदा किया जाता है तदुपरांत दान पुण्य का कार्य करना भी इसमें शामिल है। पैगंबर मोहम्मद साहब की जन्म तिथि को मिलाद कहा जाता है जो की अरबी से लिया गया है और इसका हिंदी अर्थ जन्म से होता है। मौके पर मंजूर आलम, मोहम्मद चांद, शमशेर हुसैन, मोहम्मद हसन इमाम साहब, तैयब रजा, जमीर हुसैन, जमील अंसारी, अजमल रऊफ, मुजफ्फर हुसैन, अब्दुल कलाम समेत सैकड़ो लोगों पर उपस्थित रहे।

पेड़ पर गिरा 11 हजार वोल्ट का तार, बाल-बाल बचे ग्रामीण

अनगड़ा। सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे महतोटोली में सोमवार को एक पेड़ पर 11 हजार वोल्ट बिजली का तार गिर गया। इससे बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सिकिदिरी सब स्टेशन को देकर बिजली कटवाई। वहीं तेज बारिश के चलते तार ठीक नहीं किया जा सका। इस कारण कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीणों ने विभाग से जर्जर तार बदलने की मांग की है।

खलारी में ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
खलारी में ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाया गया। लगातार हो रही बारिश के बीच जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस निकालने से पूर्व खलारी जामा मस्जिद, खलारी बाजारटांड़, मायापुर, मुस्तफा नगर, हुटाप, जेहलीटांड़, जी टाइप, नया बस्ती सहित अन्य स्थानों के मुस्लिम समुदाय के बच्चे, युवा, बुजुर्ग खलारी स्थित बैंक चौक में एकत्रित हुए। जुलूस जेहलीटांड़, नयाधौड़ा, केडी नेहरू स्टेडियम, केडी मुख्य मार्ग से होते हुए खलारी शहीद चौक पहुंचा। जुलूस में लोग अपने हाथों में इस्लामी झंडा लिए हुए थे। जुलूस में ह्यसरकार की आमद मरहब्बा, आका की आमद, नारे तकबीर, नारे रिसालतह्न आदि नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस के दौरान लोग जेहलीटांड़ होते हुए नयाधौडा स्थित कब्रिस्तान में रुके तथा अपने पूर्वजों के लिए दुआ मांगी। जामा मस्जिद खलारी के इमाम नेहाल अख्तर द्वारा फातिहा ख्वानी पढ़ी गई। लोगों ने दुनिया में अमन चैन की दुआ की। जुलूस-ए-मोहम्मदी में इमाम नेहाल अख्तर, कारी सरफराज, मौलाना आशिक, हाफीज जमील, हाफीज नुरुद्दीन जमाल, फारुक नवाब सहित काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

झारखंड की सभ्यता और संस्कृति अनूठी और अतुलनीय : केशव

रांची। रांची के संत जेवियर महाविद्यालय में सोमवार को करमा सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थिति थे। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने करमा आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की सभ्यता और संस्कृति अनूठी और अतुलनीय है। समृद्ध परंपरा का पालन करने वाली यहां की संस्कृति में प्रकृति के प्रति प्रेम को नृत्य के द्वारा दर्शाना झारखंडी संस्कृति को जीवंत बनाता है।

न्यूज बॉक्स

रनसी उरांव के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

इटकी। सोमवार को इटकी प्रखंड के पलमा में करमा पूजा समिति के तत्वावधान में प्रमुख समाज सुधारक स्व. रनसी उरांव के श्रद्धांजलि कार्यक्रम सह इन्द जतरा का हुआ आयोजन जिसमे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। डॉ. परमेश्वर भगत ने उपस्थित लोगों को इन्द जतरा का बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सभी लोग इस त्यौहार को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मना रहे हैं यह त्यौहार हमारे पूर्वजों का देन है इसे आने वाली पीढ़ी को और मजबूत अवस्था में प्रदान करना हम सभी लोगों का कर्तव्य है। हमारी रूढी परंपरा, रीति रिवाज, भाषा संस्कृति एवं मूल धर्म से ना भटक कर आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक रूप से जागरूक रहने का इन्होंने आह्वान किया। डॉ. परमेश्वर भगत ने कहा की शहीद वीर-बुद्ध भगत, भगवान बिरसा मुंडा एवं बाबा कार्तिक उरांव जैसे कई महान लोगों ने हमारे समाज को एक नई दिशा देने, हमें शोषण से मुक्ति एवं हमें अपना अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पण कर दिए इसी तरह हमारे प्रमुख समाजसेवी स्वर्गीय रनसी उरांव ने भी अपना पूरा जीवन समाज के प्रति समर्पण कर दिए थे। जिसका कमी हमें हमेशा रहेगा। आज हम इन्हें शत शत नमन करते हैं।

मुरी-सिल्ली में तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित, लोग बेहाल

सिल्ली। सिल्ली मुरी एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से भारी वर्षा होने के कारण क्षेत्र में बिजली विगत तीन दिनों से गायब है। बिजली क्षेत्र में तीन दिनों से नहीं रहने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही साथ छोटे-छोटे कुटीर उद्योग बंद हो चुके हैं रोजगार को लेकर लोग काफी चिंतित हैं। वही लोगों का कहना है कि मुरी सिल्ली में बिजली की व्यवस्था काफी लचर है जिससे बच्चों की पढ़ाई करने में दिक्कत उठानी पड़ती है। बिजली क्षेत्र में 24 घंटे में 3 घंटा भी बिजली आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पाती है। बिजली की समस्या को देखते हुए लोगों ने चेतावनी दिया है कि अगर बिजली सही ढंग से आपूर्ति नहीं की जाती है तो आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता को फोन लगाने पर उनका फोन नहीं लगा क्योंकि उन्होंने अपने कॉल को दूसरे नंबर पर अग्रसारित कर रखा था। दुसरी ओर समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में बिजली बहाल नहीं हो पाई थी।

भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

सोनाहातू/राहे। पूरे राज्य में 24 घंटे से हो रही बारिश का असर प्रखंड क्षेत्र में भी हुआ है। प्रखंड में लगातार 24 घंटे से रुक रुक के बारिश हो रही है तो कभी-कभी जोरदार बारिश हो रही है। बारिश से पूरा जन जीवन प्रभावित हुआ है। सोमवार दिनभर लोग घरों में दुबके रहे। बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। बारिश से सोनाहातू प्रखंड के गलऊ पंचायत के मुरूतडीह गांव के जुटीला देवी का कच्चा मकान ध्वस्त हो गया है। इधर राहे गांव के धोबी मुहल्ले के गली में घुटना भर पानी बह रहा है। बारिश का पानी घरों में घुसने लगा है ,लोगों ने अपनी जुगाड़ से अभी तक सड़क पर बह रहे पानी को घरों में घुसने से रोक रखा है। सोमवार रात भर बारिश हुई तो स्थिति बिगड़ सकती है।

सुतियांबेगढ़ का ऐतिहासिक ईंद मेला संपन्न

कांके। पिठोरिया के सुतियांबेगढ़ में सोमवार को 12 पड़हा ईंद मेला पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हो गया। मेला में गोवर्द्धन पहाड़ की तरह एक टोपाकार आकृति बनाकर खड़ा करने की परंपरा है। ईंद टोपर की पूजा गांव के पाहन और पंडित द्वारा की गई। गांव के पाहन द्वारा बकरे की बलि और टोपर की पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि भाजपा नेता स्वामी देवेन्द्र प्रकाश और ईंद मेला समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, कार्यकारी अध्यक्ष सोहराई टोप्पो, पड़हा राजा उज्ज्वल पाहन, मुख्य संरक्षक पेपला उरांव, महासचिव भादी प्रकाश उरांव, सचिव सूरज टोप्पो, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र उरांव ने संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि स्वामी देवेन्द्र प्रकाश ने कहा कि झारखंड में जतरा का विशेष महत्व है। जतरा के माध्यम से आदिवासी भाई-बहन दूर दराज से आकर मिलते-जुलते हैं। कांके सरना समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो ने बताया कि मुंडा राज के अंतिम राजा मदरा मुंडा ने करम परब के बाद अपनी राजधानी सुतियांबेगढ़ में मेला की शुरूआत कराई थी। मेला को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, कार्यकारी अध्यक्ष सोहराई टोप्पो, महासचिव भादी प्रकाश उरांव, सचिव सूरज टोप्पो, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र उरांव, राजेश तिर्की, मतियस उरांव, बाबूलाल महली, सुरेश टोप्पो, दरिद्रचन्द्र पाहन, सूरज मुंडा, बलराज मुंडा, विकास मुंडा, अभिषेक मुंडा, रामलाल महली, विष्णु मुंडा आदि की सक्रिय भूमिका रही।

किसी की सुरक्षा के लिए जो तत्परता से खड़ा हो, वही अधिवक्ता है : जस्टिस रौशन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
अधिवक्ता परिषद झारखंड द्वारा आयोजित एकदिवसीय 32वां स्थापना दिवस सह प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन आज रांची विश्वविद्यालय के प्रांगण स्थित आर्यभट्ट सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री दीपक रौशन ने कहा कि एक अधिवक्ता वैसा व्यक्ति होता है जो किसी भी व्यक्ति के आंतरिक गुणों एवम अवगुणों के बारे में उसको बता सकता है और वह कानून का जानकार होने की वजह से वो किसी भी आम आदमी के सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहता है और इस सामाजिक कार्यों में अधिवक्ता परिषद के अधिवक्ताओं का समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान रहा है, परिषद ने समाज के लिए वो कार्य किया है जो एक आम व्यक्ति के लिए समझना भी मुश्किल है ' वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनन मिश्र (नई दिल्ली) अखिल भारतीय विधिज्ञ परिषद एवम राज्य सभा सदस्य ने कहा कि अधिवक्ता परिषद ऐसे परिपक्व अधिवक्ताओं का विश्व के सभी जगहों पर स्थित अधिवक्ता समूह है जोकि समाज के विकट परिस्थितियों में भी अपनी अहम भूमिका से समाज के मार्गदर्शक का कार्य करते है इसलिए जब भी मुझे अधिवक्ता परिषद में आमंत्रित किया जाता है।

रांची में कांग्रेस का मंईयां सम्मेलन 22 सितंबर को

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि रांची के आईटीआई बस स्टैंड बजरा के जनता मैदान में मईयां सम्मेलन का आयोजन 22 सितंबर को किया जाएगा। तिर्की सोमवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विगत साढ़े चार वर्षों के दौरान महागठबंधन की सरकार में जनता के हित में जितने कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और उससे जितने लोग लाभान्वित हो रहे हैं उसी को देखते हुए मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं के सम्मान में मईयां सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में 15 विधानसभा क्षेत्र से हजारों महिलाओं की भागीदारी होगी। इसमें लातेहार ,लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची और कोडरमा से महिलाएं भाग लेंगी। इसके अलावा प्रदेश महिला कांग्रेस तथा अन्य सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं भी शामिल होंगी।

खलारी में विश्वकर्मा पूजा की तैयारी पूरी, पूजा आज

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
खलारी कोयलांचल में आज भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाएगी। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। सीसीएल एनके एरिया की परियोजनाओं में पंडाल बनाकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके अलावा खलारी रेलवे स्टेशन, ट्रांस्पोर्टिंग कंपनियों के गैराज, निजी खनन कंपनियां व मशीनों से काम होने वाली अन्य जगहों पर भी प्रतिमा अथवा चित्र रखकर कर पूजा किया जा रहा है। अपने घरों के वाहनों की पूजा के लिए लोग सोमवार की बारिश में भी वाशिंग सेंटरो पर वाहन धुलवाते दिखे। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों में उत्साह है। हालांकि लगातार हो रही वर्षा तैयारी में व्यवधान पैदा कर रही है। बाजार में भी चहल-पहल देखा गया। मशीनों, वाहनों के साज सज्जा के सामान बिक रहे हैं। मिठाई दुकानों में भी भीड़ है। कोई प्रसाद के लिए बूंदी-लड्डू खरीदने में लगा रहा तो कई कंपनी, गैराज के लोग अपने कामगारों और आगंतुकों के लिए मिठाई पैकेट बंधवाने में लगे रहे।

इंडियन बैंक ने बैंक मित्र शाखा का किया उद्घाटन

रांची। इंडियन बैंक, ब्राह्मबे शाखा के अंतर्गत ठाकुरगांव में एक बैंक मित्र शाखा का उद्घाटन किया गया है। इसका उद्घाटन मुख्य प्रबंधक संजय कुमार सिंह के कर कमलों से किया गया। इस समारोह में शाखा प्रबंधक पंकज कुमार, बैंक प्रतिनिधि चंद्रहन्स भारती एवं रमेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक शामिल रहे। बैंक मित्र जकिर हुसैन द्वारा बैंक मित्र पॉइंट के कार्यों निष्पादन किया जाएगा। इस नए बैंक मित्र पॉइंट की शुरूआत से ठाकुरगांव के आम जनता को बैंकिंग कार्यों को करने हेतु अत्यंत सुविधा प्राप्त होगी। इंडियन बैंक इसी तरह कई बैंक मित्र पॉइंट की शुरूआत कर वित्तीय समावेशन में काफी योगदान दे रहा है। इस तरह के बैंक नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, अब उसे तरह की नौबत किसी के सामन नहीं आयेगी, जिससे लोग कोसों पैदल जाकर अपने कार्यों को अंजाम दे सकें।

एक नजर

विभावि में स्थाई कुलपति की मांग चलाया ईमेल अभियान

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति की नियुक्ति की मांग को लेकर हजारीबाग एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज और डीएसओ जिला अध्यक्ष जीवन कुमार यादव ने एक ईमेल आभियान चलाया है। इस आभियान के तहत, हजारों छात्रों ने राज्यपाल को ईमेल भेजकर अपनी मांगों को रखा है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति की नियुक्ति नहीं होने से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास और छात्र हितों की रक्षा के लिए स्थाई कुलपति की नियुक्ति आवश्यक है। छात्रों ने राज्यपाल से अपनी मांगों को पूरा करने की अपील की है।

बरकट्ठा में ईद मिलाद `उन नबी के पर्व पर निकला जुलूस

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में ईद मिलाद उन नबी का पर्व धूमधाम से मनाया गया. बरकट्ठा के विभिन्न क्षेत्रों से बारिश में भी गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया. जुलूस में बरकट्ठा, कोनहराखुर्द मजार शरीफ, बरकट्ठा डीह, बरवां के लोग एक साथ शामिल होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया. जिसमें शामिल लोग अपने अपने हाथों में इस्लामिक झंडा और बैनर लेकर नारा लगाते चल रहे थे. पर्व को लेकर बरकट्ठा रजा जामा मस्जिद और कोनहराखुर्द मस्जिद को रंग बिरंगे लाईट व फुलझड़ियों से काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया. कार्यक्रम के अंत में बरकट्ठा चौक पर जुलूस में शामिल लोग एकत्रित होकर दुआ में शरीक हुए. इमाम अताउल रहमान ने क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी. लोगों से हुजूर सल्ला वसल्लम के नक्शे कदम पर चलकर आप जिंदगी और आखिरत में कामयाबी पा सकते हैं.

पशुपालन व बिरसा कृषि बीज अनुसंधान केंद्र ने रेलवे हॉल्ट की मांग की

बरही । कोडरमा-बरकाकाना रेलवे खंड के गौरियाकरमा-देवचंदा मार्ग स्थित खोड़ाहर में रेलवे ओवरब्रिज के समीप रेलवे हॉल्ट निर्माण को लेकर पशुपालन और बिरसा कृषि बीज अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा ने भी पूर्वी रेलवे मंडल को पत्र लिखा है. जिसमे हॉल्ट की आवश्यकताओं को दशार्ते हुए अपने संस्थानों में हो रही समस्याओं से अवगत कराया है. इस संबध में पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा के प्रबंधक डॉ संजीव कुमार और बिरसा कृषि बीज अनुसंधान केंद्र के उपनिदेशक दिनेश सिंह ने अपने ज्ञापन के माध्यम से हॉल्ट निर्माण की मांग किया है. पत्र में यह लिखा गया है कि उनकी संस्थान में 400 विद्यार्थी अध्ययनरत है, जो देश के विभिन्न राज्यों से आए है. रेलवे के ठहराव से यहां के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, कर्मियो और अधिकारियो को सुविधा होगी. इतना ही नहीं आस पास के दर्जनों गांव को इसका लाभ मिलेगा.

मनरेगा कर्मचारियों की हड़ताल से जिले में 2600 कूपों का कार्य अधूरा

लाभुकों के साथ सरकार को भी 104 करोड़ का हो सकता है नुकसान

मनीष कुमार मुन्ना

हजारीबाग। चुनाव आते ही विभिन्न कर्मचारी संघ मांगों को लेकर धरना शुरू कर देते हैं। इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनके काम ठप हो जाते हैं और मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर आ जाते हैं। किसी का कागजात नहीं बन पाता है तो किसी को रोजगार नहीं मिल पाता है। इसी कड़ी में जिले में मनरेगा कर्मचारी एक सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। जिले में मनरेगा के कर्मचारियों की संख्या लगभग 300 है और अब इनके धरने पर बैठने से विभिन्न प्रखंडों में मनरेगा के कार्य बाधित हो रहे हैं। बता दें कि जिले में लगभग चार लाख की लागत से बन रहे 2600 कूपों का कार्य अधूरा है, जबकि बरसात आने से पहले इनका निर्माण पूरा करना था। अब बरसात का मौसम चल रहा और मनरेगा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ऐसे में भारी बरसात में अधूरे कूपों का निर्माण पूरा होने से पहले धंसने का खतरा बना हुआ है। इससे लाभुकों के साथ सरकार को भी लगभग 104 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। यहां तक कि मनरेगा से चल रहे अबुआ आवास, मेड़ बंदी, टीसीपी, वाटर रिचार्ज जैसे कई कार्य प्रखंड में चल रहे थे, जो बाधित हो गए हैं। इसके कारण मजदूरों को भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

मनरेगा मजदूरों को बीमा का लाभ तो हमें क्यों नहीं

इस संबंध में धरना स्थल पर बैठे मनरेगा कर्मचारी संतोष सिंह ने बताया कि मनरेगा कर्मचारी को सरकार 11 हजार रुपये से लेकर 23 हजार रुपये प्रति माह देती है। इस पैसे से हमारा न घर चलता है और न हम बच्चे को अच्छी शिक्षा दे सकते हैं। फिर भी बेरोजगारी को देखते हुए इस रोजगार को अपनाए हुए हैं और मनरेगा के कार्यों में खूब सहयोग करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब मनरेगा मजदूरों के लिए सरकार बीमा दे रखी है। कार्यस्थल पर मजदूर के साथ कोई घटना घटती है तो 75 हजार रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलता है, तो फिर हम लोगों को बीमा का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। यहां तक कि हम लोगों को अब तक स्थायी भी नहीं किया गया। इसी को लेकर हम अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

300 मनरेगा कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग

संतोष ने कहा कि हमारी मांग कोई बड़ी नहीं है। हम 300 मनरेगा कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग कर रहे हैं। संतोष ने यह भी बताया कि अगर सरकार हमारी मांग पूरी नहीं करती है तो हम इसी स्थान पर एक साथ आत्मदाह करेंगे और इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। सरकार को इस तथ्य पर विचार करना चाहिए कि अब हम दूसरे कार्य भी नहीं कर सकते हैं, क्योंकि पिछले कई वर्षों से सरकार के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन सरकार एक आंख में काजल और एक आंख में सुरमा लगा रही है।

हजारीबाग में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भारी बारिश के कारण हजारीबाग के कई तालाबों में जल स्तर ऊपर पहुंच गया है, जिससे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई इलाकों में नाली का पानी सड़क पर आ गया है और कुछ स्थानों पर कीचड़ भर गया है, जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, बारिश के चलते बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है और कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई है। हजारीबाग में बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पेड़ गिरने और 33 हजार का तार गिरने के कारण बिजली नहीं है। विभाग ने बताया कि बारिश रुकने के बाद ही मरम्मत का कार्य प्रारंभ होगा। इसके अलावा, तापमान में अचानक गिरावट आई है, जिससे लोग ठंड का अनुभव कर रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस भारी वर्षा ने व्यापार और दैनिक जीवन को भी प्रभावित किया है। बाजारों में चहल-पहल में कमी आई है और लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घर से बाहर निकल रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने निवासियों से सुरक्षित उपाय अपनाने और सतर्क रहने की अपील की है।

हजारीबाग में 48 घंटों से बिजली गुल, मुन्ना सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारी से की मुलाकात

हजारीबाग। शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 48 घंटों से बिजली गुल होने के कारण जनता को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलने पहुंचे। मुन्ना सिंह ने बिजली विभाग के एसी साहब से मुलाकात कर जनता की समस्याओं को उनके समक्ष रखा, और जल्द से जल्द समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। मुन्ना सिंह ने कहा, पिछले 48 घंटों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली न होने के कारण जनता को बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के कारण सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है, और हम यह मुद्दा सरकार के समक्ष भी गंभीरता से उठाएंगे। उन्होंने विभाग को चेताया कि इस तरह की लापरवाही जनता की असुविधा का कारण बन रही है तथा जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। मुन्ना सिंह की इस पहल से हजारीबाग की जनता को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है, और उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह इस मुद्दे को हल करवाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मुलाकात में नगर उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, रितेश तिवारी युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता, सादब, रेयान बबलू सिंह, अशोक यादव, विक्की कुमार धान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

चोरी का सामान बरामद,चार अभियुक्त पुलिस हिरासत में

हजारीबाग। दिपुगढ़ा स्थित प्रभावती देवी द्वारा उनके मकान में चोरी की सूचना दिए जाने के बाद कोर्रा थाना पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में इरशाद अंसारी को गिरफ्तार किया है।अभियुक्त द्वारा अपराध में संलिप्तता स्वीकार किए जाने के बाद उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। इस क्रम में इसी कांड में चोरी के आभूषण खरीदने के जुर्म में भी एक की गिरफ्तारी हुई है। कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

इनर व्हील क्लब ने बिरहोर बच्चों के बीच स्कूल बैग बांटा

हजारीबाग। इनर व्हील क्लब ऑफ युवा द्वारा एनटीपीसी के सहयोग से बिरहोर बच्चों के बीच स्कूली बैग का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम समुदाय के बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। पैसे कार्यक्रम आयोजित होने से बच्चों के चेहरे पर एक अलग उत्साह और उमंग देखने को मिला। सभी बच्चे बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष सरिता खंडेलवाल ने कहा हमारा उद्देश्य बिरहोर समुदाय के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने और उनकी शैक्षणिक यात्रा को प्रोत्साहित करना है।

14 सितंबर 2022 से 36 दिनों तक चलकुशा में किया था धरना प्रदर्शन

2 वर्ष में हमारी 13 सूत्री मांगें हुई पूरी : जानकी प्रसाद

हमारे विधानसभा में तत्कालीन 13 ज्वलंत समस्याएं थी, जिसे अपने समर्थकों के बीच हमने शेयर किया था

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा

पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में 14 सितंबर 2022 से चलकुशा में लगातार 36 दिन तक समर्थकों संग जनहित से जुड़े 13 सूत्री मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था इस निमित पूर्व विधायक ने अपने आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हेमंत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि 14 सितंबर 2022 से 14 सितंबर 2024 तक में हमारी सभी 13 सूत्री मांग को हेमंत सरकार के कार्यकाल में पूरी की गई। ऐसी कल्याणकारी एवं लोकप्रिय सरकार से ही जनता की भलाई सुनिश्चित होती है। कहा कि हमारे विधानसभा में तत्कालीन 13 ज्वलंत समस्याएं थी, जिसे अपने समर्थकों के बीच हमने शेयर किया था। इसके बाद उनके सहयोग से मांगों को पूरा कराने के लिए हमने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का ऐलान किया था। हमारी मांगों में हाथियों को अन्यत्र भागने के लिए स्पेशल टीम को बुलाना, मकान का क्षतिपूर्ति मुआवजा, नष्ट किए गए फसलों का मुआवजा, प्रत्येक पंचायत में तालाब,चेक डैम और कुआं का निर्माण तथा किसानों का ऋण माफी, विद्युत व्यवस्था को ठीक किया जाना, चलकुशा, परसाबाद पावर सब स्टेशन को शीघ्र चालू किया जाना, पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल, जयनगर, कोडरमा, डिग्री कॉलेज बरकट्ठा, केजीबीवी चलकुशा में पठान-पाठन शीघ्र शुरू करना, बकाया बिजली बिल माफी, गरीबों को पीएम आवास /अबुआ आवास देना, चलकुशा में खेल स्टेडियम समेत अन्य शामिल थे।इन सभी मांगों को पूरा किया गया ।आज का दिन हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है ।कहा बबुआ माननीय विधायक अमित कुमार यादव को नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा एवं राजनीति से संन्यास लेना चाहिए। क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि पूरे दुनिया में बिजली बिल माफी किसी सरकार ने नहीं किया तो हेमंत सरकार कैसे करेगी? जबकि उन्होंने यह कारनामा भी कर दिखाया।

न्यूज | बॉक्स

पूर्व मंत्री ने ईद मिलाद उन नबी पर मुस्लिम समुदाय को दी शुभकामनाएं



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

अटल विचार मंच के संस्थापक सह भारत सरकार के पूर्व वित्त व विदेश मंत्री हजारीबाग के लोकसभा के विकास पुरुष लोकप्रिय पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने ईद मिलाद उन नबी के पावन अवसर पर समस्त मुस्लिम समुदाय को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। उनके जन्मदिन को लेकर मुस्लिम समाज बड़े ही हर्ष उल्हास पूर्वक सदियों से मानता आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने सारी दुनिया को इंसानियत का पैगाम दिया था जिस पर आज हम सबको चलने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने पैगाम के अनुसरण करने के लिए इस्लाम धर्म की स्थापना की। जो पाठ उन्होंने इंसानियत का जो दिया था उस पर आज हम सबों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही हमारा मुल्क तरक्की की ओर अग्रसर करेगा। जो लोग आज विकास के रास्ते में पीछे छूट चुके हैं उन्हें आगे लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पुनः उन्होंने देश और विशेष रूप से झारखंड राज्य में रहने वाले अल्प संख्यक समाज को अपनी ह्रदय से शुभ कामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने अटल विचार मंच की ओर से विश्वकर्मा पूजा और अनंत पूजा की अनेकों अनेक बधाई समाज के लोगों को दी। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दी।

झारखंड में जल्द ही सत्ता परिवर्तन तय : टोनी जैन

हजारीबाग। भाजपा नेता टोनी जैन ने कहा है कि झारखंड में बहुत जल्द हेमंत सरकार की विदाई होगी और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की मजबूत सरकार का गठन होगा। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जैन ने दावा किया कि परिणाम भाजपा के पक्ष में आएंगे, और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटें पार्टी के खाते में जाएंगी। अपनी दावेदारी को मजबूत करते हुए, टोनी जैन ने झारखंड प्रदेश के प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद और राज्यसभा सचेतक दीपक प्रकाश से मुलाकात की। उन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की। टोनी जैन ने कहा, यह चुनाव झारखंड के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। राज्य की मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमें हर हाल में सत्ता परिवर्तन सुनिश्चित करना होगा। अगर यह भ्रष्टाचारी सरकार सत्ता में बनी रही, तो राज्य और अधिक बबार्दी की ओर बढ़ जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत से परिवर्तन यात्रा को सफल बनाएं और राज्य से भ्रष्टाचार की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। जैन ने यह भी कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का पूरा ध्यान झारखंड पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाल ही में सड़क मार्ग से जमशेदपुर दौरा इस बात का प्रमाण है कि उन्हें झारखंड से विशेष लगाव है।

भारी बारिश से कच्चे मकान हुए ध्वस्त

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में पिछले 60 घंटा से हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश होने से लोग घरों में दुबके हुए हैं तथा बाजार में सन्नाटा पसरा है। अधिक जरूरत पड़ने पर ही लोग मुश्किल से घर से निकल रहे हैं। विदित हो कि भारी बारिश से सोमवार को चेचकप्पी पंचायत निवासी केदार सिंह पिता स्वर्गीय चरक सिंह का मिट्टी का मकान बारिश में ढह गया। अचानक मकान ढहने से पुरे परिवार बाल बाल बच पाए। वहीं केदार सिंह के छोटे छोटे बच्चों को इस बारिश में रहने के लिए आश्रय नहीं है। हालांकि स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल मुखिया रीता देवी और मुखिया पति डेगलाल साव को दी। जिसके बाद मुखिया ने तुरंत पंचायत भवन में रहने को कहा तथा इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग को दी। अन्य पीड़ित में चेचकप्पी निवासी जसवा देवी पति मथुरा सिंह , उपेंद्र मेहता पिता काशी सिंह का मिट्टी का मकान ढह गया। वहीं तेतरिया टोला लगनवां में बिजली का पोल भी गिर गया है।

इसकी सूचना मुखिया द्वारा बिजली विभाग को दे दिया गया है। पूरे प्रखंड में 12घंटे से अधिक बिजली बाधित है। लगातार बारिश से प्रखंड क्षेत्र में कई कच्चे मकान ध्वस्त हो गए हैं। जिससे कई परिवार बेघर हो गए।

संवेदक संघ ने 7वां स्थापना दिवस मनाया

हजारीबाग। संवेदक संघ हजारीबाग द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई । उसके पश्चात केक काटकर कार्यक्रम को गति दी गई । सभी संवेदक गण एक राय, एक मत बनाते हुए 10% अधिकतम न्यूनतम राशि के मांग के लिए वचनबद्ध हुए । तथा सभी संवेदक गण अधिक से अधिक संख्या मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग को रखेंगे। इस अवसर पर संवेदक संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता ने कहा की निविदा में 10% से अधिकतम बिलो डालने पर रोक लगाने के लिए पुनः एक बार मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव सहित अन्य विभाग को ज्ञापन दिया जायेगा. दस प्रतिशत की अधिसीमा को हटा देने और ग्रामीण विकास कार्य विभाग में छोटे-छोटे ग्रुपों को जोड़कर पैकेज कर देने से छोटे-छोटे संवेदकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

भारी वर्षा से क्षति पर आपदा प्रबंधन सजग

सभी विभाग त्वरित कार्रवाई करें : डीसी

भारी बारिश से सड़क जाम, कच्चे मकान का टूटना, वज्रपात से जान माल की क्षति, फसल क्षति आदि की संभावना बनी रहती है

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, रांची के प्राप्त सूचना के आधार पर झारखंड राज्य में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की सक्रियता के कारण लगातार भारी बारिश की संभावना बनी रहती है। शहर/गांव में अत्यधिक बर्षा से अक्सर बाढ़ जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती और आम जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है। उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा अत्यधिक वर्षा से होने वाले जान-माल की क्षति पर त्वरित कार्रवाई के लिए निम्नलिखित दिशा निर्देश जारी किया है। अत्यधिक वर्षा के कारण जिले में जन-जीवन प्रभावित होने की संभावना रहता है। सड़क जाम, कच्चे मकान का टूटना, वज्रपात से जान माल की क्षति, फसल क्षति आदि की संभावना बनी रहती है जिसके लिए राहत शिविर के साथ-साथ आवश्यक व्यवस्था के आधार पर संबंधित रिपोर्ट विभाग द्वारा ससमय उपलब्ध कराने को कहा है। जैसे शरण-स्थली, भोजन, पानी, चिकित्सा व्यवस्था, शौचालय, असहायों के लिए विशेष सुविधा आदि। तेज बारिश में कच्चे मकान गिर जाते हैं एवं जान माल की क्षति होती है साथ ही साथ लोगों को रहने की समस्या उत्पन्न हो जाती है, ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए अंचलाधिकारी पूर्व में ही शरण स्थलों का निर्धारण उचित व्यवस्था के साथ करना सुनिश्चित करने को कहा हैं ताकि ससमय प्रभावितों को सहयोग प्राप्त हो सके। अतिवृष्टि के कारण सूखे एवं कमजोर पेड़ के गिरने की संभावना बनी रहती है, जिससे कभी-कभी बड़ी दुर्घटना हो जाती है यथा हाई वोल्टेज का तार गिरना, यातायात बाधित होना,भवन को क्षति पहुँचना आदि जिससे जान माल की भी क्षति हो जाती है,अतः पूर्वी/पश्चिमी वन प्रमण्डल, हजारीबाग अपने क्षेत्रान्तर्गत इस तरह के सभी सुखे एवं कमजोर पेड़ों को चिहिन्त करते हुए जिससे जान-माल की क्षति की संभावना हो सकती है, को अभियान चलाकर हटाने को कहा हैं,ताकि इससे होने वाले जान-माल की क्षति को कम किया जा सके। अत्यधिक वर्षा के कारण सड़क पुल-पुलिया के ध्वस्त होने की स्थिति पर तुरन्त कार्रवाई कर आवागमण बहाल कराना सुनिश्चित करने को कहा है,ताकि प्रभावित क्षेत्र/ गांव का आवागमण व्यवस्था यथावत रहे और प्रखण्ड/जिला से सम्पर्क बना रहे। अत्यधिक वर्षा के कारण जल जमाव से निजात पाने हेतु संबंधित विभाग को ससमय समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

मिलाद-उन-नबी के अवसर पर मुन्ना सिंह ने प्रदेश वासियों को दी शुभकामनाएं

नवीनम मेल संवाददाता। हजारीबाग

मिलाद-उन-नबी के अवसर पर हजारीबाग के सुजैत चौक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने मुस्लिम समाज के भाइयों के साथ इस पर्व को उत्साह के साथ मनाया और समस्त प्रदेशवासियों को इस पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए जुलूसों का स्वागत किया और क्षेत्रवासियों से बातचीत कर मिलाद-उन-नबी की शुभकामनाएं दीं। मुन्ना सिंह ने इस अवसर पर सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा, ₹हमारी गंगा-जमुनी तहजीब हमारी परंपरा और सामाजिक एकता की पहचान है। धार्मिक और सामाजिक विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। हमें इस परंपरा को संजो कर रखना चाहिए और समाज में प्रेम और भाईचारा बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मुन्ना सिंह ने मुस्लिम समाज के भाइयों के साथ मिलकर समाज में समरसता और सौहार्द्र को बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद,रितेश तिवारी युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता, शादाब, रेयान, बबलू सिंह, पप्पू सिंह, प्रासाद, पिंटू, खान साहब, अशोक यादव विक्की कुमार धान इत्यादि लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने मिलाद-उन-नबी की खुशियों में भाग लिया और आपसी भाईचारे के इस संदेश को अपनाया।

दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर, शांतिपूर्ण पूजा की तैयारी

उपद्रवी तत्वों की सीसीटीवी व ड्रोन से की जाएगी निगरानी : प्रमोद



- कोलकाता के कारीगर बना रहें हैं पंडाल
- करियातपुर दुर्गा पूजा में होंगे बाबा केदारनाथ मंदिर के दर्शन 50 फीट ऊंचा होगा पंडाल

नवीन मेल संवाददाता। बरही

प्रखंड के करियातापुर में 2008 से दुर्गा पूजा लगातार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष दुर्गा पूजा समिति के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोर शोर से चल रही है। कोलकाता के कलाकार द्वारा केदारनाथ का पंडाल अद्भुत तरीके से बनाया जा रहा है। यह एक आकर्षण का केंद्र रहेगा श्रद्धालु में बाबा केदारनाथ मंदिर के दर्शन को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं दुर्गा पूजा दुर्गा समिति के अध्यक्ष प्रमोद केसरी ने बताया कि यह पंडाल लगभग 40 से 50 फीट का ऊंचा रहेगा व विधिवत होगी। पूजा वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण मानने व विधि व्यवस्था देखने के लिए 10 से अधिक सीसीटीवी कैमरा पूरे परिसर में लगाए जायेंगे, जिससे आसामजिक तत्वों पर नजर रखी जाएंगी, वहीं इस वर्ष माता के प्रतिमा का साज कोरियाडीह निवासी दिनेश प्रसाद के द्वारा दिया जा रहा है। मौके पर अध्यक्ष - प्रमोद केशरी, सचिव - संतोष प्रजापति, कोषाध्यक्ष - मुन्ना सोनी, उपाध्यक्ष भीम केशरी, उपसचिव संजय केशरी, उपकोषाद्यक्ष उपेंद्र भगत, संरक्षक चंदन केशरी, कैलाश केशरी, राजकुमार रविदास, मुखिया मनोज कुमार, रामकुमार दास, राजेंद्र भगत, व्यवस्थापक टिंकु भगत, कार्यकारिणी - संदीप केशरी, संतोष केशरी डीलर, शशि सोनी, प्रवीण प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, प्रदीप शर्मा, एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

एक नजर

सीपीआइ नेता ने की वंदे भारत ट्रेन में जनरल बोगी व एक्सप्रेस ट्रेन बढ़ाने की मांग

कोडरमा। सीपीआइ जिला मंत्री प्रकाश रजक ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर वंदे भारत ट्रेन की जगह एक्सप्रेस ट्रेन के साथ उन ट्रेनों में जनरल बोगी की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 सितंबर को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न भागो के लिए वंदे भारत ट्रेन चलाया गया। यह वंदे भारत ट्रेन का लाभ सिर्फ धनी लोग ही ले सकते हैं। क्योंकि इस ट्रेन में एक्सप्रेस ट्रेन से ढाई गुना ज्यादा किराया लगता है। प्रधानमंत्री को देश के विभिन्न भागों के लिए एक्सप्रेस ट्रेन की संख्या बढ़ाने और उन ट्रेनों में जनरल बोगी की भी संख्या बढ़ाने की जरूरत थी। इससे गरीब, किसान, नौजवान, मजदूर को भी लाभ मिलता। रजक ने कहा कि स्पेशल ट्रेन के नाम पर यात्रियों का जेब काटा जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री, रेल मंत्री का ध्यान नहीं है। कई पैसेंजर ट्रेन को स्पेशल ट्रेन का नाम देकर एक्सप्रेस का किराया यात्रियों से वसूली की जा रही है।

विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों का अनुमोदन को लेकर पर्यवेक्षक मनोनीत

कोडरमा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों का अनुमोदन को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों,नगर परिषद, नगर पंचायत में पर्यवेक्षक मनोनीत किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश दिया है कि विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत से पार्टीजनों ने अपनी उम्मीदवारी का आवेदन पत्र दिया है। इस संबंध में प्रखंडों,नगर अध्यक्षों को पांच नाम का अनुशंसा कर जिला कमेटी को भेजना है। इसके लिए जिले से नियुक्त पर्यवेक्षकों को 21 सितंबर 2024 तक बैठक आयोजित कर पांच नाम का अनुमोदन कर पर्यवेक्षकों के जरिए जिलाध्यक्ष को भेजें।

तीन दिनों से जारी मूसलाधार बारिश में चार मिट्टी का मकान गिरकर ध्वस्त

सतगावां। प्रखंड में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण सोमवार की सुबह अलग-अलग पंचायत में चार परिवार के मिट्टी का घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। घर गिरने से सभी बेघर हो गए हैं। इसमें से ईटाय पंचायत के ग्राम योगीडीह निवासी राबड़ी देवी, पति- सुनील रविदास योगीडीह,, दिनेश मंडल, पिता- दाहु मंडल, पिंटू पंडित, पिता- शंकर पंडित, दोनों ग्राम नासरगंज और अलखदेव प्रसाद, पिता-चुट्टी महतो, ग्राम ढाब निवासी हैं। जानकारी के अनुसार तीन दिनों से हो रही बारिश से राबड़ी देवी, पति- सुनील रविदास का घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। उस घर में परिवार समेत पांच लोग रह रहे थे। बारिश से घर अचानक भर- भराकर गिर गया। गनीमत रही कि सभी परिवार सही सलामत समय रहते बाहर निकल गए।

अकीकद और उत्साह के साथ मना ईद मिलाद उन नवी का त्योहार

इस्लाम पूरे विश्व को शांति का पैगाम देता है : उलेमा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिला मुख्यालय शहर सहित पूरे जिले में आज अकीदत-मुहब्बत व उत्साह के साथ हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम की जन्म दिवस का त्योहार ईद मिलाद-उन-नबी मनाई गई। सोमवार को बारिश के बीच जुलूस ए मोहम्मदी में अकीदमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसमें सैकडों की संख्या में युवा, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए। जुलूस में अकीदतमंद रसूल की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा, रसूल-ए-खुदा की शान अल्लाह-अल्लाह आदि के नारे बुलंद करते हुए आगे बढ़ रहे थे। सिमडेगा शहर में ईद मिलादुन नवी की जुलुस आजाद बस्ती, खैरन टोली और भट्ठीटोली की जुलुस भट्ठीटोली में एक जगह इकठ्ठी होकर शहर के महाबीर चौक तक पहुंची। जहां से यह जुलुस वापस खैरनटोली होते हुए आजाद बस्ती तक पंहुची। रास्ते में कई उलेमा-ए-कराम ने ईद मिलादुन्नबी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस्लाम पूरे विश्व को शांति का पैगाम देता है। उलेमा ने कहा कि इस्लाम पूरे विश्व को नफरत दूर करने व अमन कायम करने का पैगाम देता है। इस्लाम किसी को तकलीफ नहीं देने का संदेश देता है। कहा कि इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम ने दुनिया की सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक बुराईयों को दूर किया। महिलाओं को सम्मान दिलाया। शराब हराम करार दिया गया। महिलाओं को हक दिलाया। उन्होंने कहा कि मुसलमान दहशतगर्द नहीं हो सकता है। हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम ने इस्लाम मजहब के माध्यम से विश्व को शांति, भाईचारगी व वतन से मुहब्बत का पैगाम दिया है।

खेल के साथ परंपरा को भी सहेज कर रखें युवा : अजय एक्का

ठेठईटांगर। प्रखंड अंतर्गत कोनपाला कोर्चेबहार में काथलिक युवा संघ कोर्चेबहार के तत्वावधान में वार्षिक युवा उत्सव मनाया गया। मौके पर हॉकी टूर्नामेंट एवं कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि काथलिक युवा संघ सिमडेगा धर्मप्रान्त के पूर्व अध्यक्ष सह ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के साथ साथ युवाओं को अपने समाज के रीति-रिवाज, पारंपपरा और सांस्कृतिक को भी सहेज कर रखने की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी है कि युवा पीढ़ी सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। वहीं हॉकी टूर्नामेंट का फैनल गेम गलेसेरा और पाइकपारा टोंगरीटोली की टीम के बीच खेला गया जिसमें गलेसेरा की टीम ने टोंगरी टोली की टीम को 1-0 से हराकर युवा उत्सव की किताब पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम को रेंगारीह पल्ली के पल्ली पुरोहित फा. इग्नासियुस मिंज एस जे, ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि पीटर लकड़ा, कोनपाला मुखिया फ्रांससिका लकड़ा ने भी संबोधित किया। मौके पर काथलिक सभा अध्यक्ष अतुल बारला, रेंगारीह पल्ली के हेड प्रचारक रंजीत एक्का, रेंगारीह पल्ली के युवा संघ अध्यक्ष प्रवीण खालखो, गुलशन लकड़ा, सुबोध लकड़ा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज | बॉक्स

जिला दुर्गा पूजा समन्वय समिति की बैठक में ओम प्रकाश साहू चुने गये अध्यक्ष

सिमडेगा। सिमडेगा जिला दुर्गा पूजा समन्वय समिति की देर शाम सिमडेगा महावीर मंदिर में संरक्षक श्यामलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुरानी समिति को भंग करते हुए सफल संचालन के लिए नई समिति का गठन किया गया जहां पर सर्व समिति से ओम प्रकाश साहू को पुनः अध्यक्ष बनाया गया, वहीं सचिव के रूप में अनूप केसरी जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में दीपक अग्रवाल उर्फ रिंकू को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, संजय शर्मा, उदय प्रसाद, प्रकाश कुमार लल्ला, अजय प्रसाद जबकि उपसचिव राजेश केशरी, हरि केशरी, घनश्याम केशरी, विष्णु दयाल शर्मा को बनाया संरक्षक के रूप में अमरनाथ बामलिया, श्यामलाल शर्मा, डीडी सिंह वहीं मीडिया प्रभारी में नरेश शर्मा, विकास साहू विकास वर्मा को बनाया गया। इस मौके पर बताया गया कि सिमडेगा जिला के सभी पूजा पंडालों पर जिला दुर्गा पूजा में समिति समन्वय स्थापित करते हुए धूमधाम के साथ इस बार दुर्गा पूजा का आयोजन करेगी। इसके अलावा सिमडेगा शहर स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में विजयदशमी के दिन रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबकि एकादशी के दिन भव्य तरीके से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा आयोजित की जाएगी। साथी अध्यक्ष ने बताया कि सिमडेगा जिला के सभी 10 प्रखंडों में होने वाले पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव तथा पदाधिकारी के साथ जल्द एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आगे दुर्गा पूजा भव्य तरीके से आयोजन करने से संबंधित चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से सभी सिमडेगा शहरी क्षेत्र के पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव पदाधिकारी एवं शहर के गण्यमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

कुरडेग में निकाली गई ईद मिलादुन्नबी की जुलूस

कुरडेग। पैगम्बर हजरत मुहम्मद स० के जन्म दिन ईद - मिलाद - उन - नबी के पावन अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कुरडेग में जुलुस निकाला। यह जुलूस रजा मस्जिद कुरडेग से प्रारंभ होकर झिरकामुंडा, नदी टोला जामा मस्जिद, बस स्टैंड, थाना होते हुए वापस रजा मस्जिद के समीप समाप्त हुआ। जुलुस में शामील लोगो ने दुरूद-ओ-सलाम पढ़ा और मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान रजा मस्जिद के ईमाम ने लोगों को पैगंबर हजरत मुहम्मद स० के बारे में जानकारी देते हुए उनकी बातों व शिक्षाओं पर अमल करने की बात कही जुलूस के दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गो के बीच खासा उत्साह देखने को मिला जूलूस में शामील सभी लोग जोर शोर से नारा-ए-तकबीर अल्लाह-हु-अकबर, सरकार की आमद मरहबा के नारे बुलन्द करते नजर आए। जुलूस के दौरान जगह जगह बच्चों के बीच फल, विस्कीट चौकलेट बाटें गये बतातें चलें मुस्लिम समाज के प्रमुख त्योहारों में ईद मिलाद उन नबी एक है इस्लामिक कैलेण्डर के हिसाब से तीसरे महीने रबी उल अव्वल की 12 वीं तारीख को पैगम्बर हजरत मुहम्मद स० के जन्म दिवस के अवसर पर यह त्योहार मनाया जाता है।

कोडरमा स्टेशन पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता का समर्थकों ने किया स्वागत

झुमरीतिलैया। स्थानीय साहू धर्मशाला में सोमवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के समर्थकों की बैठक हुई। इसके पूर्व करीब दो महीने बाद कोडरमा लौटने पर उनके समर्थकों ने रेलवे स्टेशन पर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दौरान शालिनी गुप्ता ने अपनी बेटी के स्वास्थ्य को लेकर भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि उनकी छोटी बेटी की तबियत अचानक खराब हो गई थी और फिलहाल उसका इलाज भुवनेश्वर ओडिशा में चल रहा है। इस विपरीत परिस्थिति में उनके पति बेटी के साथ वहां मौजूद हैं। उन्होंने अपनी बेटी का जिक्र करते आंसू नहीं रोक पायी। उन्होंने कहा कि कोडरमा के लोगों की प्रार्थनाएं और समर्थन ने मुझे इस कठिन समय में हिम्मत दी है। मौके पर साजिद हुसैन, मंटू तिवारी, दीपक गुप्ता, यशपाल सिंह, बालगोविंद मोदी, प्रदीप शर्मा, सहदेव यादव, संतोष कुणाल गुप्ता, करनवीर राम, सूर्यदेव मोदी आदि मौजूद थे।

तीन दिवसीय बालक-बालिका फुटबाल प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए विधायक

बालिका वर्ग की टीम ने बीएस की टीम को 1-0 से हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

बानो। प्रखंड जराकेल स्थित संतोषनाथ सहदेव स्कूल मे अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद प्रखंड इकाइ के तत्वावधान में तीन दिवसीय बालक बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का समापन किया गया। बालक वर्ग में फाइनल मैच बरइगढ़ा व जराकेल के बीच खेला गया। जिसमें बर इखढ़ा की टीम 3-0 से विजयी रही। बालिका वर्ग बांकी की टीम बीएस की टीम 1-0 हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। बालिका वर्ग में विजेताबांकी टीम जरसी व नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दिया गया। बालक वर्ग विजेता टीम बरइगढ़ा को खस्सी व कप दिया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक कोचे मुंडा विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह व समाज के प्रदेश सचिव सालिकग्राम सिंह समाज के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह उपस्थित थे। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि शहीद बख्तर साय व मुंडल के तस्वीर पर मल्यार्पण व खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच बालक वर्ग बरइगढ़ा व जराकेल के के बीच खेला गया। जिसमे बरइगढ़ा की 3-0 से विजयी रही। रेफरी की भुमिका नीलु सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन बालक-बालिका फुटबाल मैच का आयोजन समाज के खिलाड़ियों में खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से भी खिलाड़ी कैरियर संवार सकते हैं। इस अवसर पर शुकतला देवी, नीलम देली, लीलावती देवी, ललिता देवी, खेल समिति के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, सचिव रवि सिंह, कोषाध्यक्ष हीरानाथ सिंह, बालमुकुंद सिंह, गंगाधर सिंह, महिपाल सिंह, उमाशंकर सिंह, उग्ररतन सिंह, रामधनी सिंह, ललित सिंह, बनेश्वर सिंह, नरेंद्र सिंह, सुजीत सिंह, कलेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे। मंच संचालन धर्मवीर सिंह ने किया।

लगातार बारिश से होनेवाले क्षति को लेकर प्रशासन सतर्क

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में अत्यधिक बारिश से होनेवाले क्षति को लेकर प्रशासन सतर्क है। इस बाबत अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने पत्र जारी करते हुए कहा कि उपायुक्त हजारीबाग के निदेर्शानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार हजारीबाग द्वारा क्षेत्र में भारी बारिश को देखते हुए जानमाल की क्षति पर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश पारित किया गया। जिसके तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आपदा मित्रों को नियुक्त किया गया है। गोरहर,शिलाडीह, बेलकपी के लिए चौकीदार पंकज कुमार, चुगलामो, गैडा, बरकनगांगो, सलैया के लिए अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र पासवान बेडोकला, तूईयो, कपका के लिए अंचल अमीन अजमल अंसारी बरकट्ठा उतरी, कोनहारा खुर्द के राजस्व उपनिरीक्षक विशंभर यादव व अनुसेवक संजय कुमार श्रीवास्तव बरकट्ठा दक्षिणी और चेचकपी पंचायत के लिए चौकीदार सुरेन्द्र सिंह और झुरझुरी, गंगपाचो, गयपहाड़ी के लिए चौकीदार राहुल पासवान को नियुक्त किया गया।

खेल समिति हेठमा में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

हॉकी को नर्सरी के रूप में सिमडेगा की पहचान अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर : एनोस

नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग प्रखण्ड के हेठमा तेतरटोली खेल मैदान में तेतरटोली खेल समिति द्वारा आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाईनल मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने दोनो टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया वहीं मुख्य अतिथि के रूप रिंकू अग्रवाल, बिनोद बारला, अजीत किण्डो मौजूद रहे। हॉकी का फाइनल मैच अम्बाटोली बनाम हीनगीर के बीच खेला गया जिसमें अम्बाटोली की टीम 3-2 से विजयी रही। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित झारखण्ड पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी शुरू से ही खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का काम किया है और आगे भी करता रहेगा सिमडेगा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि हॉकी के नर्सरी के रूप में सिमडेगा जिले की पहचान अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर है।

17 दिवसीय अग्रसेन जयंती कार्यक्रम को लेकर आनंद भवन में हुआ उद्घाटन

कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा अग्रसेन जयंती के मौके पर 17 दिवसीय होने वाले कार्यक्रमों का उद्घाटन आनंद भवन में हुआ। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के संरक्षकों के द्वारा अग्रसेन पताका का झंडोतोलन किया गया एवं महाराजा अग्रसेन महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। बताया गया कि अग्रसेन जयंती के मौके पर कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मुख्य कार्यक्रम अग्रसेन जयंती 3 अक्टूबर को आनंद भवन में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। 20 सितंबर को आनंद भवन में और 22 सितंबर को प्रातः काल में श्री राम जानकी मंदिर परिसर में रस्साकसी, शाटपुट, स्लो साइकिल रेस, पुशअप प्रतियोगिता होगी, दोपहर में आनंद भवन में भी अनेक प्रकार के प्रतिस्पर्धा का आयोजन होगा। 29 सितंबर को श्री अग्रसेन उत्सव मेला का आयोजन आनंद भवन में किया जाएगा। उत्सव मेले में अग्रवाल समाज के लोगों के द्वारा अनेक लजीज व्यंजनों के स्टाल लगाए जाएंगे एवं अनेक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। युवा समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है जिनमें आनलाइन लूडो, अग्रसेन प्रीमियर लीग (क्रिकेट), बैडमिंटन सिंगल व डबल शामिल हैं। आयोजन टाई शीट के अनुसार प्रतियोगिता निर्देशक के द्वारा कराया जाएगा। 3 अक्टूबर को भगवान श्री राम के वंशज श्री श्री 1008 महाराजा श्री अग्रसेन जी के जयंती के अवसर पर अग्रवाल सभा के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकाल कर और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण एवं सामाजिक सह भोज के साथ ही बहुत ही धूमधाम से जयंती मनाई जाएगी।

> *29 सितंबर को श्री अग्रसेन उत्सव मेला का आयोजन आनंद भवन में किया जाएगा।*

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस में शामिल हुए विधायक

कोलेबिरा। ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी कोलेबिरा पहुंच कर अकीदतमंदों से मिले और मुबारकबाद देते हुए कहा कि आज बहुत ही खुशी का मकाम है, क्यों कि हमारे प्रोफेट मोहम्मद का जन्मदिन है। चूंकि प्रोफेट मोहम्मद जन्म के साथ ही पुरे विश्व में उजाला का आभास हुआ। उनके घराने और उनके अनुयायियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने प्रेम का संदेश लोगों को दिया।जब इस्लाम का प्रचार प्रसार करना शुरू किए। लोगों ने बहुत विरोध किया, किन्तु पैगम्बर मुहम्मद साहब ने अमन चैन और शान्ति के माध्यम से लोगों के दिलों को जीतते हुए सम्पूर्ण विश्व में इस्लाम धर्म को बढ़ावा देने में कामयाब हुए। आज भी पैगम्बर मुहम्मद साहब के अनुयाई आपसी भाईचारा, प्रेम और शान्ति में विश्वास करते हैं। पैगम्बर मुहम्मद साहब ने संदेश देते हुए कहा कि हम में ना कोई बड़ा है ना कोई छोटा है। इसीलिए उनके अनुयाई उनके जन्मदिन पर विशेष रूप से खुशियां मनाते हैं मौके विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, अशफाक आलम, मोहम्मद कय्युम, मोहम्मद अंजर, मोहम्मद कारु, मोहम्मद हाशिम, आदि मौजूद थे।

परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर छत्तीसगढ़ के मंत्री पहुंचे सिमडेगा

हेमंत सरकार के खोखले वादे के खिलाफ भाजपा परिवर्तन यात्रा निकालेगी : जिलाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सिमडेगा जिला में परिवर्तन यात्रा शुरू की जा रही है। परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में परिसदन भवन सभाकक्ष में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकताओं संग बैठक का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप और बीरमित्रापुर विधानसभा के पूर्व विधायक शंकर उरांव बैठक में उपस्थित हुए। जिला महामंत्री दीपक पुरी ने बताया कि 23 सितंबर से 25 सितंबर तक सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा के प्रखंडों में परिवर्तन यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा के दौरान रोड शो, नुक्कड़ नाटक और सभा का आयोजन जगह-जगह होगा। 23 सितंबर को अनिल एंटनी राष्ट्रीय प्रवक्ता और समीर उरांव राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कोलेबिरा में सभा को संबोधित करेंगे। बानो में रोड शो होगा। 24 सितंबर को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णु देव साय तथा हटिया विधायक नवीन जायसवाल सिमडेगा तथा कुरडेग में जनसभा को संबोधित करेंगे। ठेठईटांगर, बोलबा तथा केरसई में रोड शो किया जाएगा। 25 सितंबर को पालकोट में रोड शो होगा। इस दौरान भाजपा के सभी बड़े और छोटे नेता जनता के बीच जाकर हेमंत सरकार की सच्चाई को सामने रखने का काम करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री दीपक पुरी, जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी तोरपा दुर्ग विजय सिंह देव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद, संजय ठाकुर, राकेश रविकांत प्रधान, अनुप केशरी, श्रद्धानन्द बेसरा, सुजान मुंडा, नवीन सिंह, श्रीलाल साहू, जगधन मांझी, बंधु मांझी, अमित बड़ाईक, अशोक कुमार रजक, मुकेश कुमार, रामचंद्र सिंह व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

परिवर्तन यात्रा की तैयारी में जुटे भाजपा कार्यकता

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने को लेकर भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता तैयारी में जुड़ गए हैं। इस बार झारखंड राज्य में सत्ता परिवर्तन होना निश्चित है। राज्य के जनता हेमंत सरकार के कार्यशैली से उब गई हैं। झारखंड में हर तरफ भ्रष्टाचार का आलम बना हुआ है, बेरोजगारों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा ऐतिहासिक साबित होगी। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि हेमंत सरकार के खोखले वादे और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा परिवर्तन यात्रा निकालेगी।

जिले में तीन दिनों से जारी मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

रजरप्पा में भैरवी नदी का जलस्तर बढ़ने से कई दुकानें जलमग्न, कई जगहों पर गिरे पेड़


भैरवी नदी का जलस्तर उफान पर

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ जिले में पिछले तीन दिनो से हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर के निकट बहने वाली दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर बारिश के कारण काफी बढ़ गया है। भैरवी नदी के बढ़े जलस्तर के कारण नदी के किनारे स्थित कई दुकानें जलमग्न हो गई। दुकानदारों ने जलस्तर बढ़ते देख दुकान से समानों को हटा लिया था। लगातार हो रही बारिश के कारण मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं से नदी में नही जाने की अपील की है। इधर, बारिश के कारण जिला मुने कई स्थानो पर पेड़ गिर जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गए। बारिश के कारण सोमवार को सड़कों पर लोग काफी कम नजर आए। अधिकतर लोग घरों में रहे।

ईद मिलादु नबी पर निकली जुलूस ए मोहम्मदी

सतगावां। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर जुलूस ए मोहम्मदी का सोमवार को भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा की नारे के साथ प्रखंड गूंज उठा। जुलूस के साथ सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम धर्मलंबियों ने शिरकत की।

खेल व खिलाड़ियों की प्रतिभा को पंख देने का काम कर रही है झापा : संदेश एक्का

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा कोलेबिरा युवा क्लब शिवनाथपुर के तत्वावधान में शिवनाथपुर में चार दिवसीय वीर शहीद तेंलेंगा खडिंगा 23वीं स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झापा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में ज्योरुटोली ने जुरकेला को 3-0 गोल कर जीत दर्ज की। संदेश एक्का एक्का ने जीत दर्ज करने वाली टीम को बधाई दी। वहीं हारने वाली टीम को हताश और निराश होने के बजाय और अधिक मेहनत कर अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाने की अपील। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरने के साथ साथ एक दूसरे के बीच दोस्ताना संबंध मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी खेल का विकास करने को लेकर कृत संकल्पित है। आज कई युवा खिलाड़ियों के प्रतिभा अवसर नहीं मिलने के कारण गांव देहात में दबी हुई है। झापा ऐसे खिलाड़ियों की प्रतिभा को पंख देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशापान से दूर होकर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ें। खेल के क्षेत्र में रोजगार का आपार संभावना है। मौके पर नोवेल हेरेंज, रसाल खलखो, अंकित सुरीन, समिति के अध्यक्ष मनोज डुंगडुंग, उपाध्यक्ष प्रदीप डुंगडुंग, सचिव रावेल बघवार, कोषाध्यक्ष पीटर डुंगडुंग, योताम कुल्लू आदि उपस्थित थे।

> *आज कई युवा खिलाड़ियों के प्रतिभा अवसर नहीं मिलने के कारण गांव देहात में दबी हुई है।*

मन्नत ने चतरा का मान बढ़ाया, राइफल शूटिंग में जीते चार गोल्ड मेडल

चतरा। तीन दिवसीय झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन राइफल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मन्नत ने द्वितीय केबीआरएससी ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में एयर राइफल में लगातार चार गोल्ड मेडल जीतकर चतरा जिले का नाम रोशन किया है। खूंटी राइफल शूटिंग क्लब में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन राइफल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मन्नत ने यह उपलब्धि हासिल की है। मन्नत ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल में 7वीं की छात्रा हैं और चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी की पुत्री है। इस शूटिंग चैंपियनशिप में झारखंड के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। मन्नत का कहना है कि उनका प्रयास है कि वे नेशनल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करें और इस सफलता का श्रेय वे अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने प्रशिक्षक को देती हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा है कि यह उनके और उनके परिवार के साथ-साथ चतरा जिले के लिए गर्व का पल है और वे बेटी के स्वर्ण पदक जीतने के बेहतर प्रदर्शन पर प्रिंसिपल और प्रशिक्षकों को बधाई देते हैं।

झमाझम बारिश के बीच शानो शौकत से निकला जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

भाईचारगी, अमन-शांति और सद्भाव के लिए मांगी गई दुआ

नवीन मेल संवाददाता

बरही। लगातार हो रहे वारिस के बीच पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर बरही सहित विभिन्न इलाकों में पूरे शानो शौकत के साथ जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी का जुलूस निकाला गया। जिसमे भारी संख्या में बच्चें, नौजवान, बुजुर्गो ने हिस्सा लिया। बरही के सभी मदरसो, मस्जिदों, दरगाह मुहल्ला, आजाद मुहल्ला, शाकरी मुहल्ला, थाना मुहल्ला, शादी मुहल्ला, तरबंगला, हुसैन नगर आदि विभिन्न मुहल्लो से उलेमाओ की सरपरती में जुलूस में लोगो ने शिरकत किया।

जो ओल्ड जीटी रोड से होते हुए बरही चौक पर पहुंचा। जहां उलेमाओ ने बरही चौक पर तकरीर कर मोहम्मद साहब के जीवनी पर प्रकाश डाला। बताया कि पैगंबर साहब ने सारे जहां के लिए अमन चैन और खुशहाली का पैगाम दिया, गरीबो को गले लगाया, मजलून के सहारा बने, भाईचारगी पनपी और हम खुशहाल हुए। जो आज फिर से छूटता जा रहा है।

जिसकी वतन वासियों को सख्त जरूरत है। उलेमाओं ने लोगो से गले मिलकर भाईचारगी और अमन चैन के लिए सहयोग और सद्भावना बनाए रखने की दरख्वास्त किया।

मौके पर उपस्थित लोगो ने देश की खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआ मांगी। जुलूशे मुहम्मदी में मुख्य रूप से जामा मस्जिद के इमाम हाजी मुशराफुल कादरी, मदीना मस्जिद के इमाम हाजी कलीम उद्दीन रिजवी, मक्का मस्जिद के इमाम अब्दुल कयूम, मस्जीदे अक्सा के इमाम मो रिजवान कादरी, हाफिज मो फिरोज, हाफिज मो मिन्हाज, जामा मस्जिद के सेक्रेट्री मो कयूम, मदीना मस्जिद के सदर मो मुस्ताक, सेक्रेट्री मो इफ्तेखार, मक्का मस्जिद के सदर जियाउद्दीन अंसारी, सेक्रेट्री हाजी मो हफीज, मस्जिदे अक्सा के सदर गुलाम फारुक, 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग सह एजुकेशनल चैरिटेबल सोसायटी बरही अध्यक्ष रिजवान अली, काग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा बरही अध्यक्ष गुलजार अंसारी, कोनरा पंचायत उप मुखिया प्रतिनिधी मो इजहार, पंसस प्रतिनिधि मो सागिर, रियाजुल हक, मिन्हाज खान उर्फ. मीनू, अफरोज आलम, अल्ताफ कुरैशी, जियाउद्दीन अहमद, एमडी आजाद, एमडी इसरार, आशिफ हुसैन, एमडी हैदर, एमडी रियाज, कलीम राय सहीत कई लोग शामिल हुए।

दशलक्षण महापर्व के नौवें दिन उत्तम आकिंचन्य धर्म की पूजा

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ स्तिथ श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्तिथ श्री पारसनाथ जिनालय में दशलक्षण पर्व के नौवें दिन 16 सितम्बर को उत्तम आकिंचन्य धर्म की पूजा विधि पूर्वक संपन्न हुई। इस मौके पर रामगढ़ में जलाभिषेक का सौभाग्य रमेश जैन शास्त्री, मंगीलाल चूड़ीवाल, अशोक चूड़ीवाल, अशोक सेठी, संजय सेठी, अजय लुधरिया, मेगा जैन, विमल रावनका, बिनोद जैन, राजेंद्र चूड़ीवाल, राजेश चूड़ीवाल, अशोक रपरिया, विकास रपरिया को मिला। वहीं रांची रोड में जलाभिषेक का सौभाग्य अशोक रपरिया एवं विकास रपरिया को मिला। रामगढ़ में शांतिधारा का सौभाग्य पुष्पा अजमेरा को मिला। जबकि रांची रोड में शांतिधारा का सौभाग्य अशोक काला और अमित काला को मिला। मौके पर पंडित रमेश जैन शास्त्री, राजेश जैन एवं पंकज जैन ने कहा की आत्मा के अपने गुणों के सिवाय जगत में अपनी अन्य कोई भी वस्तु नहीं है इस दृष्टि से आत्मा अकिंचन है। अकिंचन रूप आत्मा-परिणति को आकिंचन करते हैं।

जीव संसार में मोहवश जगत के सब जड़ चेतन पदार्थों को अपनाता है, किसी के पिता, माता, भाई, बहिन, पुत्र, पति, पत्नी, मित्र आदि के विविध सम्बंध जोड़कर ममता करता है। मकान, दूकान, सोना, चाँदी, गाय, भैंस, घोड़ा, वस्त्र, बर्तन आदि वस्तुओं से प्रेम जोड़ता है। शरीर को तो अपनी वस्तु समझता ही है। इसी मोह ममता के कारण यदि अन्य कोई व्यक्ति इस मोही आत्मा की प्रिय वस्तु की सहायता करता है तो उसको अच्छा समझता है, उसे अपना हित मानता है। और जो इसकी प्रिय वस्तुओं को लेशमात्र भी हानि पहुँचाता है उसको अपना शत्रु समझकर उससे द्वेष करता है, लड़ता है, झगड़ता है इस तरह संसार का सारा झगड़ा संसार के अन्य पदार्थों को अपना मानने के कारण चल रहा है।

अन्य पदार्थों की इसी ममता को परिग्रह कहते हैं। यदि भरत चक्रवर्ती के समान सुंदर लुभावने पदार्थों के रहते हुए भी उन पदार्थों से मोह ममता न हो, उनको अपना समझे जल में कमल की तरह से अपने आपको सबसे पृथक समझे। यानी-संसार उनके चारों ओर हो तो हो, किन्तु उसके हृदय में अपनी आत्मा के सिवाय संसार की कोई जड़ चेतन वस्तु न हो, तो न उसके अन्तरंग में परिग्रह है न बहिरंग में कोई परिग्रह है।

नदी के बढ़ते जलस्तर पर मंत्री ने पूर्वी सिंहभूम के डीसी को दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के तटीय क्षेत्रों में रहने वालों को सुरक्षित रखने की चिंता मंत्री बन्ना गुप्ता ने व्यक्त करते हुए उपायुक्त को विशेष निर्देश जारी कर राहत एवं बचाव कार्य करने को कहा हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया अकॉउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा हैं कि लगातार तीन दिन से हो रहें बारिश के कारण स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी का जल स्तर बढ़ता जा रहा हैं और खतरे के निशान के करीब हैं। नदी तट पर रहने वाले लोगों से अनुरोध है कि सतर्क रहें। मंत्री ने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा है कि मामले में सतर्कता बरतते हुए ऐसे पीड़ितों को चिह्नित करते हुए सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का उपाय करें। साथ ही उनके दवाइयों, रहने और खाने का भी इंतजाम सुनिश्चित करें और राहत एवं बचाव कार्य चलाये। उन्होंने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की हैं एवं नदी में नहीं जाने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं अपने समर्थकों से भी क्षेत्र में भ्रमण कर पीड़ित परिवार का सहयोग करने का आह्वान किया है।

मसानजोर डैम का जलस्तर बढ़ा 383.60 फीट तक पहुंचा पानी

नवीन मेल संवाददाता

दुमका। तीन दिनों से लगतार बारिश के कारण सोमवार शाम पांच बजे तक मसानजोड़ डैम का जलस्तर 383.60 फीट तक पहुंच गया है। केंद्रीय जला आयोग के कर्मचारी कमल घोष ने बताया डैम का जलस्तर काफी तेज गति से बढ़ रहा है। सुबह तक जल स्तर और ज्यादा बड़ जायेगा। डैम का गेट के बारे में पूछे जाने पर बताया है कि अभी तक ऊपर से कोई आदेश नहीं है। गेट खोलने का अभी डैम का सभी गेट बंद है। आज का रेन फाल 73.6 है। मसानजोड़ डैम में गेटो की संख्या- पलट गेट-021, हाई लेवल-03, लो लेवल-03, हाइड्रा गेट-02 एवं एक गेट झारखंड के कैनाल के लिए है।

मसानजोर डैम में भू-स्खलन से दो दुकानें जमींदोज, लाखों का नुकसान

जिले के मसलिया प्रखड क्षेत्र के कोलारकोंदा पंचयात के तालडेगाल स्थित मसानजोर डैम पर्यटन स्थल गेट संख्या दो के समीप पहाड़ किनारे स्थित दो दुकान पहाड़ में भूस्खलन होने से धराशाही हो गया है। जानकारी के अनुसार विगत दिनों से हो रही झमाझम बारिश के कारण पहाड़ में भूस्खलन हो गया। जिसके चपेट में रंजीत मुर्मू और सुरेश माल का दुकान धराशाही हो गया। पीड़ित दुकानदारों ने बताया की जिस वक्त यह घटना घटी। उस समय दुकान बंदकर घर आ गए थे। अन्यथा एक बड़ी घटना घटित हो सकती है। आगे बताया कि दुकान में दो फ्रिज, पानी का बोतल, दूध सहित अन्य वस्तु नष्ट हुआ है, जिसका अनुमति कीमत 50 हजार और 60 हजार दोनो मिलाकर एक लाख दस हजार रुपया का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया वकील मुर्मू और मसलिया वीडीओ अजफर हसनैन को मौखिक रूप से दिया गया। इस संबंध में बीडीओ अजफर हसनैन से पुछे जाने पर बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुआ।

बारिश का कहर, मकान पर गिरा विशाल पेड़

नवीन मेल संवाददाता

गावां (गिरिडीह)। पिछले चार दिनों से जारी तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। देर रात आंधी के साथ आई तेज बौछारों ने कई स्थानों पर जमकर तबाही मचाई। तेज हवा से पेड़ व बिजली के खंभे गिरने से शहरी क्षेत्र में रविवार रात से ही बिजली गुल हो गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रो में शुक्रवार से ही बिजली गुल है। तेज हवा व बारिश कच्चे मकानों के लिए आफत बन बैठी। इस कहर का असर यह रहा कि लोग बिजली व पानी के लिए परेशान रहे। गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ पंचायत के डाबर गांव में सोमवार की सुबह तेज हवा व वर्षा के दौरान एक कच्चे मकान पर विशालकाय पेड़ गिरने से मकान धराशायी हो गया। यह तो संयोग ही था कि कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ । मकान गिरने से एक परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं।

गिरिडीह में युवक का शव कुएं में मिला, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

गांडेय। गांडेय थाना क्षेत्र के भोगतिया लोहारी गांव के एक कुआं से गांडेय पुलिस ने युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान गांडेय थाना क्षेत्र के अहरडीह गांव निवासी 21 वर्षीय अरविंद ठाकुर के रुप में की गई है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी जुटी हुई है। बता दें कि मृतक के पिता परमेश्वर ठाकुर ने रविवार की शाम को गांडेय थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र के गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज करवाया था। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को एक ग्रामीण बांस का पत्ता तोड़ने कुंआ के पास पहुंचा जहां उसने शव को कुंआ में तैरते देखा। ग्रामीण के हो हल्ला पर अन्य ग्रामीण जमा हुए और पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने पर गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आए। शव मिलने की सूचना पर मृतक के परिजन भी थाना पहुंचे।

युवक की हत्या कर शव फेंका, पुलिस कर रही जांच

तिसरी। तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना में एक शख्स की हत्या कर शव फेंक देने की वारदात सामने आई है। मृतक बेलवाना के टोला परसनवा के रहने वाले मो। जलील का 26 वर्षीय पुत्र मो। मुस्तकीम है।सोमवार की सुबह उसकी लाश बेलवाना के ही परसनवा के पास रास्ते किनारे फेंकी मिली। मृतक के सिर और चेहरे पर चोट के निशान मौजूद हैं, वहीं उसके कान से भी रक्त स्त्राव हुआ है। बताया जाता है कि मृतक मुस्तकीम केरेला में रहकर काम किया करता था। ढाई माह पहले ही उसका विवाह हुआ था। उसके तीन भाई भी बाहर रहकर काम करते हैं। मृतक के पिता मो। जलील ने बताया कि उनके पुत्र का आज केरेला का टिकट था।कल दोपहर 12 बजे वह किसी के साथ बाईक से कर्बला रोड की ओर जाते दिखा था। जिसके बाद से वह घर नहीं आया। शाम होने पर घर वालों ने खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सोमवार की सुबह कुछ लोगों ने रास्ते किनारे उसकी लाश देखी। जिसके बाद हो - हल्ला होने पर लोग जुटे और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख और तिसरी पुलिस को इसकी जानकारी दी।

कृष्ण कुमार ने रामगढ़ थाना प्रभारी के रूप में पदभार किया ग्रहण

रामगढ़। कृष्ण कुमार ने रामगढ़ के नये थाना प्रभारी के तौर पर पदभार ग्रहण कर लिया है। मौके पर उन्होंने कहा की रामगढ़ थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता है। कहा की आमलोग अपनी समस्याओं को लेकर मुझसे हमेशा मिल सकते हैं। कहा की मुझसे बगैर झिझक के मुझसे मिलकर अपनी परेशानी बता सकते हैं। मैं उनकी परेशानी दूर करने का पूरा प्रयास करूंगा।

ओजोन दिवस पर मयूरी ट्रस्ट ने किया पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर मयूरी ट्रस्ट, गुमला द्वारा शबरी आश्रम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में मनीषा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुमरिता खड़िया दूसरे और सुशांति कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में नमिता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लक्ष्मी रानी कुमारी और अलमा असूर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बनवासी कल्याण केंद्र गुमला के संगठन मंत्री खेदू नायक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से हो रहे विनाश के पीछे ओजोन परत की क्षति एक बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण और हमारी लापरवाही से ओजोन परत को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसे रोकने के लिए हमें जागरूक और जिम्मेदार बनना होगा। मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेन गुप्ता ने बताया कि 16 सितंबर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत की रक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ था, जो ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों के उपयोग को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस 2024 की थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः जलवायु कार्यवाही को आगे बढ़ाना है, जो ओजोन परत की रक्षा और जलवायु सुधार की दिशा में प्रगति को दशार्ता है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों में बनवासी कल्याण केंद्र की महिला प्रमुख ललिता कुमारी, सुजाता मुंडा, लक्ष्मी कुमारी, चंपा देवी, वसंत कुमार गुप्ता और अन्य सदस्य शामिल थे।

गुरु सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बरकट्ठा। प्रखंड स्थित सूर्यकुण्ड परिसर में जिला ग्रामीण विकास समिति के तत्वधान में गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इचाक, बरकट्ठा, चलकुशा, जयनगर प्रखंड समेत हजारीबाग जिला के तमाम सैकड़ों शिक्षको को प्रशस्ति पत्र, शॉल व मोमेंटो देकर सभी गुरुजनों को सम्मानित किया गया। समारोह में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जेबीकेएसएस के क्रांतिकारी नेता गौतम कुमार, झारखंडी एकता संघ के संचालक असलम खान व बरही एसडीपीओ समेत अन्य पदाधिकारी मुख्य व विशिष्ठ अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। जिला ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार रजक ने कहा कि पिछले बार सूर्यकुण्ड को विश्व के पटल पर स्थापित करने के लिए सूर्यकुण्ड महोत्सव का आयोजन किया जाना था, लेकिन विरोध के कारण आयोजन नही हो पाया।

विधानसभा चुनाव : टुंडी सीट पर भाजपा प्रत्याशियों में कशमकश

राजीव ओझा व विक्रम पांडेय का नाम सबसे आगे

रजनीश

रांची। संथाल विद्रोह (1856-70) और 1970 से महाजनी और धनकटी आंदोलन की उर्वरक भूमि रही टुंडी में इस बार परिवर्तन की बयार बह रही है। यहां जब प्रथम विधानसभा चुनाव हुआ था, तब लोगों ने हाथ उठाकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट किया था। इस सामान्य सीट पर पहली बार आदिवासी प्रत्याशी की जीत हुई थी। उसके बाद से अबतक दूसरे विधानसभा क्षेत्र के वोटर ही यहां से विधायक बनते आए हैं।

इधर, लोकसभा चुनाव के दौरान गिरिडीह की सीट दोस्ताना समझौते के तहत आजसू को दिए जाने के बाद से टुंडी विधानसभा सीट पर स्थानीय प्रत्याशी दिए जाने की मांग बढ़ गई है। माना जा रहा है कि टुंडी विधानसभा सीट एनडीए गठबंधन में भाजपा कोटे में रह सकती है। हालांकि, सत्यनारायण दुधानी के बाद समय के साथ यहां भाजपा संगठन का पैनापन कमजोर होता चला गया। इसके पीछे का मुख्य कारण स्थानीय उम्मीदवारों की उपेक्षा तथा बाहरियों को संगठन द्वारा प्रत्याशी बनाया जाना माना जाता है।

इस बार भाजपा ने यहां से स्थानीय को प्रत्याशी बनाने की पहल शुरू कर दी है। इसके तहत भाजपा द्वारा हाल में ही कराए सर्वे में कुल दस लोगों ने उम्मीदवारी के लिए ताल ठोंका है। इसमें ब्राह्मण, कुर्मी, कायस्थ और पिछड़ा वर्ग के लोग शामिल हैं।

भाजपा में दस लोग उम्मीदवारी के लिए ठोक रहे ताल

हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जयराम महतो, मथुरा महतो और चंद्रप्रकाश चौधरी के बीच कड़ा मुकबला था। लेकिन, चंद्रप्रकाश चौधरी अंत समय में 32 हजार ब्राह्मणों की आबादी वाले टुंडी विधानसभा क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने में सफल रहे और उन्हें जीत हासिल हुई। लोकसभा चुनाव के दौरान इन ब्राह्मणों को साधने के लिए राज्यस्तर के कई नेताओं को लगाया गया था, जो गांव-गांव पहुंचकर एनडीए के घटक आजसू के उममीदवार के पक्ष में वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे थे।

अब जब विधानसभा चुनाव नजदीक है, ऐसे में लगता है कि जाति समीकरण के लिहाज से भाजपा किसी ब्राह्मण को ही यहां से प्रत्याशी बनाए। ब्राह्मण प्रत्याशियों में राजीव ओझा व विक्रम पांडेय का नाम सबसे आगे है। हालांकि, विक्रम पांडेय के पिता बेरमो विधानसभा से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। ऐसे में टुंडी सीट पर उनका दावा कमजोर दिख रहा है। साथ ही, टुंडी के स्थानीय नहीं होना भी एक कारण हो सकता है। ज्ञान रंजन सिन्हा कायस्थ जाति से हैं, लेकिन टुंडी विधानसभा में जातिगत समीकरण के मामले में वे काफी पिछड़ते नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें काफी कम वोट मिला था। खराब प्रदर्शन के कारण उनकी भी दावेदारी कमजोर मानी जा रही है। साथ ही, इनका राजनीतिक पृष्ठभूमि भी भाजपा और आरएसएस की नहीं रही है।

कुर्मियों के लिए यह सीट तब ही सुरक्षित है, जब आदिवासी उनके साथ हैं। यहां से झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो पहले से विधायक हैं। ऐसे में आदिवासी वोट उनके पक्ष में जाने की संभावना अधिक है। साथ ही, टुंडी में पिछड़ा, कुम्हार, तेली जैसे वर्ग, जो भाजपा के कोर वोटर हैं, उनका समर्थन राजीव ओझा के पक्ष में अधिक दिखता है। राजीव ओझा का आरएसएस और भाजपा से पुराना पारिवारिक रिश्ता रहा है। ऐसे में उम्मीद है कि भाजपा उनपर इस बार भरोसा कर सकती है।

सामान्य परिवार से आने वाले ओझा की परिवारिक पृष्ठभूमि आरएसएस और भाजपा की रही है। पिछले बार विक्रम पांडे को भाजपा ने टिकट दी थी, लेकिन वह हार गए थे। टुंडी विधानसभा के राजनीतिक पंडितों का मानना है कि राजीव ओझा को भाजपा से टिकट मिलना लगभग तय है।

राधा गोविंद स्कूल ऑफ नर्सिंग में फ्रेशर डे मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर के स्कूल ऑफ नर्सिंग में फ्रेशर डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा नर्सिंग की फाउंडर फ्लोरेंस नाइटेंगल के तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, उसके बाद केक काटा गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने नव-आगंतुक नर्सिंग छात्राओं को नर्सिंग की महत्ता बताते हुए शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा की नर्सिंग समाज को सेवा और समर्पण का पाठ पढ़ाता है। नर्सिंग प्राचार्या प्रियंका भारती ने सभी नए प्रशिक्षु छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की नर्सिंग एक पवित्र कार्य है, जिसमे आप दूसरों की सेवा करके अपने जीवन को अर्थपूर्ण बना सकते है। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, म्यूजिकल चेयर, पेपर फोल्ड डांस जैसे खेलो का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा ने कहा की मानव के स्वस्थ के संरक्षण में जितना योगदान एक डॉक्टर का होता है , उतना ही योगदान एक नर्स का होता है। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने सभी नर्सिंग छात्राओं को स्वागत करते हुए नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने का परामर्श दिया और उनके उज्जवल भविष्य कामना की। कार्यक्रम का नेतृत्व कृतिका राज एवं प्रियंका कुमारी ने किया।

संपादकीय

उत्तराखंड व झारखंड में मनुष्यों व वन्य जीवों में टकराव घातक संकेत

झारखंड में वन्य जीव घरों में घुसकर नुकसान पहुँचा रहे हैं इसे एक चेतावनी माना जाना चाहिए क्योंकि ये बिना कारण ऐसा नहीं करते। उत्तराखंड और झारखंड में मनुष्यों और वन्य जीवों का टकराव लगातार बढ़ रहा है। उत्तराखंड में तेंदुए और बाघों के आक्रामक तेवर इस टकराव को खूनी बना रहे हैं तो गजराज झारखंड के गांवों में तोड़ फोड़ मचाकर वन विभाग के साथ समाज से सवाल पूछ रहे हैं। प्रकृति के अनुपम उपहार देवभूमि में टकराव घर के आंगन में अकेले खेलते अबोध बालक को उठाकर ले जाने तक पहुंच चुके हैं। राजधानी देहरादून से लेकर राज्य के दूर के गांवों तक में बाघों और तेंदुओं (गुलदारों) का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि देहरादून में वन विभाग की टीमों को रात में गश्त लगानी पड़ रही है और श्रीनगर में रात का कर्फ्यू लगा दिया गया है। वनों की बहुलता वाला राज्य उत्तराखंड कई मामलों में अनूठा है। बाघ और गुलदारों की संख्या बढ़ने के साथ ही राज्य में स्नो लैपर्ड की तादाद में भी काफी वृद्धि दर्ज हुई है। केवल इतना ही होता, तो यह प्रकृति प्रेमियों के लिए खुशखबरी होती, पर वन्य जीवों की आबादी बढ़ने के साथ ही इंसानों से उनके टकराव का हिंसक होते जाना एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। राज्य बनने के बाद से 2023 तक उत्तराखंड में बाघों व गुलदारों ने 514 से अधिक लोगों की जान ली है। इस दौरान 1,850 से अधिक लोग वन्य जीवों के हमलों में घायल हुए हैं। भालुओं, हाथियों, जंगली सुअरों के हमलों में मारे जाने वालों की संख्या भी सैकड़ों में है। देहरादून में गुलदार के बार-बार घुस आने और कई इलाकों में हमलों की घटनाएं होने के कारण लोग दहशत में हैं। राजधानी देहरादून की घनी आबादी वाले इलाके गढ़ी कैंट, रेसकोर्स, धर्मपुर, एफआरआई, घंघोड़ा, कौलागढ़ आदि में गुलदार अक्सर घूमते देखे गए हैं। यही नहीं, गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन भी होने लगे हैं।इस चुनौती से निपटने के लिए कोई प्रयास न किया गया हो, ऐसा भी नहीं है। वन्य जीवों के हमलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि बढ़ाई गई है और वनों तथा वन्य जीव अभयारण्यों के नजदीक रहने वाले लोगों को जागरूक करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं, पर टकराव कम होते नजर नहीं आते। उत्तराखंड में गुलदारों की संख्या काफी बढ़ गई है। वर्ष 2015 में गुलदारों की संख्या 2,335 थी, जो 2023 तक 3,115 तक पहुंच चुकी है। इस बीच बाघों की आबादी बढ़कर 560 पहुंच गई है। वन विभाग के अधिकारी राज्य को विश्व में बाघों की आबादी के हिसाब से सबसे अधिक घनत्व वाला राज्य बताते हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बीते 16 वर्षों में उत्तराखंड में बाघों की संख्या में 314 प्रतिशत इजाफा हुआ है। मगर बाघ, गुलदार, हाथी, भालू और सांप जिस तरह लोगों की जान ले रहे हैं, वह इंसानों पर तो भारी पड़ ही रहा है, इन वन्य जीवों के लिए भी कम खतरा नहीं है। इंसानों से बढ़ते टकराव उनके लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। जंगलों में वन्य जीवों का घनत्व बढ़ना और जंगलों के आसपास इंसानी आबादी में लगातार वृद्धि इस संघर्ष की एक बड़ी वजह मानी जा रही है। वन्य जीवों की आबादी बढ़ने पर गर्व करने के बजाय इस खूनी संघर्ष ने सरकार को भी चिंता में डाल दिया है।

बाघ और गुलदारों की संख्या बढ़ने के साथ ही राज्य में स्नो लैपर्ड की तादाद में भी काफी वृद्धि दर्ज हुई है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

श्रीमती अनीता प्रवीण
सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय।

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरूआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है। भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है। समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दशार्ता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) भी लागू कर रहा है।

'वर्ल्ड फूड इंडिया': वैश्विक स्तर पर 'फूड बास्केट' के रूप में भारत

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित 'वर्ल्ड फूड इंडिया' वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दशार्येंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, 'रिवर्स बायर सेलर मीट' अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी। उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

देश की बात

कौन करवाता है योजनाबद्ध धर्मांतरण

आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी धर्म को मानने या ना मानने या फिर किसी भी धर्म से जुड़ने का अधिकार संविधान देता है, पर किसी प्रलोभन या गलतफहमी में योजनाबद्ध रूप से किसी तरह के धर्मांतरण को अपराध माना गया है। इस आलोक में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत का हाल ही में अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये 12 लोगों को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाना महत्वपूर्ण है। अदालत ने सभी आरोपितों को दोषी करार दिया। अदालत की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, धर्मांतरण करवाने के धंधे से जुड़े शातिर लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत सजा सुनायी गई। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार कई दूसरे देशों से भी जुड़े थे। इसके लिए आरोपित हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बना कर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे। उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। वह ऐसे अवैध संगठन का संचालन कर रहा था जो उत्तर प्रदेश में मूक-बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था। इस बात की पुरजोर आशंका है कि इसके लिए उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलता था। उमर गौतम पहले हिंदू था लेकिन उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने के अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। उसने करीब एक हजार गैर मुस्लिम लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराया और उनकी मुस्लिमों से दूसरी या तीसरी शादी कराई है। देखिए, भारत में धर्म परिवर्तन को लेकर बहस तो होती रही है, होनी भी चाहिये। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें स्वेक्षा या स्वविवेक से धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और धर्म बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है। पर उमर गौतम और उनके साथी तो गरीब-गुरुबा लोगों को लालच और जोर-जबरदस्ती से धर्मांतरण करवा रहे थे। गौतम और उनका गिरोह भूल गया था कि धर्म परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आप की बात

नव्य-भव्य भारत के शिल्पकार नरेंद्र मोदी



बृजनंदन राजू

भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। वह ऋद्धि-सिद्धि के जनक हैं। विश्वकर्मा के गुणों को अपने जीवन में धारण करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नव्य, भव्य व दिव्य भारत का शिल्पकार कहा जाय तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। इस बार नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर के दिन ही शिल्प कलाधिपति विश्वकर्मा की जयंती है। विश्वकर्मा जयंती को उत्पादन-वृद्धि और समृद्धि के लिए एक संकल्प दिवस के रूप में समाज मनाता है। मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राजनीति में मोदी जैसे व्यक्तित्व बिरले होते हैं क्योंकि उनके व्यवहार और कृतित्व में अंतर नहीं है। यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता भारत ही नहीं विश्व में दिनोंदिन बढ़ रही है। मोदी युग में ही भाजपा विश्व की सबसे पार्टी बनी। लगातार तीसरी बार उनके नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनना उनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण है। यही कारण है कि इस दौर में उनके समकक्ष भारत क्या दुनिया में कोई राजनेता खड़ा दिखाई नहीं देता है। मोदी ने देश से मुस्लिम तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति को खत्म करने का कार्य किया है। वे स्वच्छता, सेवा व सामाजिक समरसता के अग्रदूत हैं। उन्होंने स्वच्छता को जन आन्दोलन बनाने का काम किया। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से घर-घर शौचालय का निर्माण व गरीबों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं शुरू की हैं। आजादी के बाद किसी सरकार ने कारीगरों की सुध नहीं ली थी। कारीगरों की कला को सम्मान दिलाने और उनके उत्थान के लिए मोदी ने विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की। राजनीति में प्रायः फिसलन का खतरा अधिक रहता है। इसलिए नेताओं में प्रायः संस्कारों में गिरावट एवं व्यक्तिगत दुर्बलताओं को प्रोत्साहन अधिक मिलता है किन्तु मोदी के जीवन में देखेंगे तो हिन्दू आदर्शों और संस्कृति के प्रति वह अटूट श्रद्धा व सम्मान का भाव रखते हैं। हिन्दू समाज को जिस भव्य दिव्य राममंदिर की शताब्दियों से प्रतीक्षा थी उस स्थल पर आज भव्य मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर है। अबूधाबी में नरेन्द्र मोदी के हाथों हिन्दू मंदिर का उद्घाटन भारत के सामर्थ्य का परिचायक है। नरेन्द्र मोदी विश्व में हिन्दुत्व की विजय पताका को फहराने का काम कर रहे हैं। भारतीय इतिहास, दर्शन, समाजनीति, अर्थनीति, राजनीति व संगठन शास्त्र पर उनकी अच्छी पकड़ है। संघ का स्वयंसेवक और प्रचारक कैसा होता है, लोग नरेन्द्र मोदी का आचरण देखकर सहज अनुमान लगा सकते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से

X से

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। **-संपादक**

दोहा

प्रश्न एक था, आपने उत्तर दिये हजार।
वो भी ऐसे, जिस तरह, गहना गढ़े सुनार।।

- सोमदत्त शर्मा, देहरादून

बोधि वृक्ष

जीवन का नृत्य हो या मृत्यु का नृत्य हो, जान लो कि ये 'मुझसे' ही आते हैं और आनंद मनाओ। जब तुमने मुझे ही पा लिया है, तो और क्या चाहते हो?

ईश्वर में निष्ठा विकसित करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

असाध्य रोग से ग्रसित एक निडर भक्त प्रभु पर एकाग्र होता है और शरीर रूपी जेल की कैद से मुक्त होकर जीवनोपरान्त भव्य सूक्ष्म जगत में जाने के लिए तैयार हो जाता है। इस प्रकार वह अपने अगले जीवन में मुक्ति के उच्चतम लक्ष्य के और समीप हो जाता है।... सभी व्यक्तियों को अनुभव करना चाहिए कि आत्म-चेतना प्रत्येक बाह्य आपदा पर विजय प्राप्त कर सकती है। आध्यात्मिक रूप से उन्नत व्यक्ति के लिए मृत्यु भी कुछ नहीं है। मैंने एक बार स्वप्न देखा कि मैं शरीर त्याग रहा हूँ। परन्तु फिर भी मैं ईश्वर से प्रार्थना कर रहा थाः प्रभो! ठीक है; आपकी जो इच्छा है। तब 'उन्होंने' मुझे स्पर्श किया और मुझे इस सत्य का ज्ञान हुआः मैं मर कैसे सकता हूँ? लहर कभी मर नहीं सकती, वह तो केवल सागर में वापस समा जाती है, और फिर उभर कर ऊपर आती है। लहर कभी नहीं मरती, और मैं भी कभी नहीं मर सकता।

(एक महान परीक्षण के समय परमहंस योगानन्दजी मरुस्थल में एकान्तवास एवं प्रार्थनाओं के लिए चले गए। एक रात को जब वे गहन ध्यान कर रहे थे, तो उन्हें ईश्वर से यह सुन्दर उत्तर प्राप्त हुआ :) सन्त जैसी आत्माओं के अनुकरणीय जीवन दूसरों के लिए शक्ति और प्रेरणा के अक्षय भंडार हैं। श्री ज्ञान माता (सन 1869-1951) जो कि परमहंस योगानन्द के अग्रगण्य शिष्यों में से एक थीं, के जीवन में दुःख के प्रति सही दृष्टिकोण की पूर्ण अभिव्यक्ति मिलती है। **(क्रमशः)**

धर्म की बात

समस्त सांसारिक वस्तुओं के निर्माता भगवान विश्वकर्मा

विजय केसरी
कथाकार/स्तंभकार, हजारीबाग।

समस्त सांसारिक वस्तुओं के अधिष्ठाता व निर्माता भगवान विश्वकर्मा की पूजा से समस्त सांसारिक वस्तुओं के भोग करने का सुख प्राप्त होता है। उनकी आराधना से समस्त देवताओं की भी कृपा प्राप्त होती है। ब्रह्मांड की जन्मदात्री आदि देवी शक्ति स्वरूपा ने सृष्टि के संचालन हेतु अपने तेज से ब्रह्मा, विष्णु और महेश को उत्पन्न किया था। ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अवतरण के बाद त्रिदेव ने संयुक्त रूप से भगवान विश्वकर्मा का आह्वान किया था। त्रिदेव के आदेशानुसार ही भगवान विश्वकर्मा ने इस सृष्टि की रचना की थी। संसार में उपभोग होने वाली सारी समग्रियां भगवान विश्वकर्मा के हाथों ही निर्मित हुआ था। इसलिए हिन्दू धर्म ग्रंथो ने भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना है। हमारे हिंदू धर्म ग्रंथो में यह भी कथन है कि सोने की लंका महल का निर्माण भगवान विश्वकर्मा के ही कर कमरों से संपन्न हुआ था। हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार भगवान विश्वकर्मा की ऋद्धि, सिद्धि और संज्ञा नाम की तीन पुत्रियाँ थीं। जिनमें से ऋद्धि सिद्धि का विवाह भगवान चंद्रशेखर और माता पार्वती के सबसे छोटे पुत्र भगवान गणेश से हुआ था। भगवान विश्वकर्मा की सबसे छोटी पुत्री संज्ञा का विवाह महर्षि कश्यप और देवी अदिति के पुत्र भगवान सूर्यनारायण से हुआ था। यमराज , यमुना, कालिंदी और अश्वनीकुमार इनकी ही संताने हैं। भगवान विश्वकर्मा, ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अंश से उत्पन्न हुए थे। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को त्रिदेव की शक्तियों का एक पूंज भी कहा जा सकता है। भगवान विश्वकर्मा पलक झपकते ही एक नूतन सृष्टि की भी रचना कर सकते हैं। इसलिए हर वर्ष 17 सितंबर को संपूर्ण देश में बड़े ही धूमधाम के साथ विश्वकर्मा पूजा मनाई जाती है । इस दिन छोटे-बड़े तमाम वाहनों की पूजा की जाती है। इसके साथ ही छोटे-बड़े उद्योगों में बड़े ही श्रद्धा भाव से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। कई प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा मूर्ति स्थापित कर पूजा की जाती है। इस दिन कई उद्यम स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है। भगवान विश्वकर्मा

भगवान विश्वकर्मा पूजा सह जयंती पर विशेष

की पूजा में सम्मिलित सभी भक्त गण कामना करते हैं कि उनके घर में सदा सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे। भगवान विश्वकर्मा की पूजा में सभी जाति, धर्म संप्रदाय और विचार के लोग सम्मिलित होते हैं। भगवान विश्वकर्मा की पूजा समस्त देशवासियों को एक सूत्र में बंधे रहने का भी संदेश देती है। सर्वविदित है कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, वास्तुकला, औजार, शिल्पकला, मूर्तिकला एवं वाहनों समेत समस्त संसारिक वस्तुओं के अधिष्ठात्र देवता के रूप में आदिकाल से पूजित हैं और अनंत काल तक पूजित रहेंगे। भगवान विश्वकर्मा अपने सिंहासन पर विराजमान और अपने भक्तों से घिरे हुए अन्य नाम विश्वकर्मा, देव शिल्पी, जगतकर्ता और शिल्पेश्वर निवास स्थान विश्वकर्मा लोक अस्त्र कमंडल, पाश, प्रतीक औजार माता-पिता वास्तुदेव, अंगिरसी संतान बृहस्मति, नल-निल, संध्या, रिद्धि, सिद्धि और चित्रांगदात्यौहा विराजमान हैं। बीच में गरुड़ पर विराजमान विष्णु हैं, बाएँ ब्रह्मा हैं, तथा दायें तरफ भगवान विश्वकर्मा हैं। वेद को हिंदू धर्म का आदि ग्रंथ कहा जाता है। वेदों में भी भगवान विश्वकर्मा की चर्चा बहुत ही विस्तार से की गई है। भगवान विश्वकर्मा के भक्तों को यह जानना चाहिए कि ऋग्वेद मे विश्वकर्मा सुक्त के नाम से ग्यारह ऋचाऐ लिखी हुई है। जिनके प्रत्येक मन्त्र पर लिखा है, ऋषि विश्वकर्मा, भौवन देवता आदि। यही सुक्त यजुर्वेद अध्याय सत्रह, सुक्त मन्त्र सोलहा से इकतीस तक सोलहा मन्त्रो मे आया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

ॐ श्री सृष्टतनया सर्वसिद्धया विश्वकर्माया नमो नमः

ज्ञान-विज्ञान में श्रेष्ठ हैं आदि अभियंता भगवान विश्वकर्मा

यो विश्वं जगतं करोत्येसे स विश्वकर्मा

सनातन धर्म में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण और सृजन का देवता माना जाता है। वे ज्ञान-विज्ञान में श्रेष्ठ हैं। वे आदि अभियंता हैं। वे शिल्प शास्त्र के आदि पुरुष माने जाते हैं। भगवान विश्वकर्मा के जन्म या प्राकट्य के बारे में कई कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मा जी के मानस पुत्र हैं। वहीं, अन्य पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान ब्रह्मा के पुत्र धर्म थे। धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। वास्तुदेव या वासुदेव का विवाह अंगिरसी से हुआ था। भगवान विश्वकर्मा वासुदेव और अंगिरसी के पुत्र थे। स्कंद पुराण के प्रभात खंड के अनुसार, महिर्षि अंगिरा के बड़े पुत्र बृहस्पति की बहन भुवना (योगसिद्धा और वरस्त्री भी कहा जाता है) का विवाह अष्टम वसु महर्षि प्रभास से हुआ। भुवना और महर्षि प्रभास ही भगवान विश्वकर्मा के माता-पिता थे। स्कंद पुराण में भगवान विश्वकर्मा के जन्म का श्लोक इस प्रकार है-

बृहस्पते भगिनी भुवना ब्रह्मवादिनी।
प्रभासस्य तस्य भार्या बसूनामष्टमस्य च।
विश्वकर्मा सुतस्तस्यशिल्पकर्ता प्रजापतिः।।

पौरणिक कथा के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा ने इंद्रपुरी, द्वारिकापुरी जैसे कई लोकों का निर्माण किया है। उन्होंने कई लोकों की यात्रा करने में सक्षम पुष्पक विमान की रचना की। वे न केवल विमान विद्या, बल्कि अन्य यंत्रों व उपकरणों की रचना करने वाले शास्त्र के भी ज्ञाता थे। उन्होंने भगवान शिव का त्रिशूल, कार्तिकेय का भाला और भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र बनाया। रावण की लंका और हस्तिनापुर नगर का निर्माण किया। वे यांत्रिकी और वास्तुकला विज्ञान के लेखक भी हैं। भगवान विश्वकर्मा ने पूरी सृष्टि को संवारने और सजाने का कार्य किया। वे सभी कारीगरों के संरक्षक देव हैं। इसलिए विश्वकर्मा पूजा के दिन औजारों और उपकरणों की भी पूजा की जाती है।

विश्वकर्मा पूजा

ऋग्वेद के विश्वकर्मा सूक्त में हैं 11 ऋचाएं

ऋग्वेद में विश्वकर्मा सूक्त है। इसमें 11 ऋचाएं हैं। प्रत्येक ऋचा में विश्वकर्मा भुवन देवता का जिक्र है। यही सूक्त यजुर्वेद के अध्याय 17 में भी ऋचा 16 से 31 तक है।

भगवान विश्वकर्मा ने इन लोकों का किया है निर्माण

द्वारिकापुरी, इंद्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, पांडवपुरी, सुदामापुरी, शिवमंडलपुरी, जगन्नाथपुरी।

प्रसिद्ध उपकरण एवं सामान, जिसे भगवान विश्वकर्मा ने निर्मित किया

भगवान शिव का त्रिशूल, भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र, कार्तिकेय का भाला, पुष्पक विमान, कर्ण का कुंडल, दिव्य रथ, देवों के भवन।

17 सितंबर को ही क्यों होती है विश्वकर्मा पूजा

भारतीय कैलेंडर के अनुसार, विश्वकर्मा पूजा सूर्य की कन्या संक्रांति के दिन की जाती है। सूर्य की कन्या संक्रांति 16 से 18 सितंबर के बीच होती है। यह बदलाव इसलिए होता है कि भारतीय कैलेंडर के अनुसार, सूर्य का कन्या राशि में प्रवेश 16, 17 या 18 सिंतबर में से किसी भी तिथि को होता है। बता दें कि राशिया 12 हैं और सूर्य एक वर्ष में इन सभी 12 राशियों में भ्रमण करता है। यह भी जान लें कि जिस दिन सूर्य किसी राशि में प्रवेश करता है, उसे संक्रांति कहते हैं। जैसे, सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है, तो उसे मेष संक्रांति कहते हैं। सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, तो उसे मकर संक्रांति कहते हैं। ज्ञात हो कि चैत्र, वैशाख आदि माह भारतीय कैलेंडर के माह हैं। जनवरी, फरवरी आदि माह ग्रेगोरियन कैंलेंडर (अंग्रेजी कैलेंडर) के महीने हैं। ग्रेगोरियन कैंलेंडर के अनुसार, मेष संक्रांति (13 अप्रैल) और मकर संक्रांति (14 जनवरी) लगभग एक ही दिन होती है, जबकि अन्य 10 राशियों की संक्रांति में हर वर्ष थोड़ा अंतर होता है। इस कारण कन्या संक्रांति की अंग्रेजी कैलेंडर में तिथि बदल जाती है। इसलिए जनमानस ने एक नियत तिथि तय की और 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का आयोजन होने लगा।

भगवान विश्वकर्मा के वंशज

- भगवान विश्वकर्मा के पांच पुत्र थे - मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ।
- ऋषि मनु के वंशज लौहकार कहे जाते हैं।
- ऋषि मय के वंशज काष्टकार कहे जाते हैं।
- ऋषि त्वष्टा के वंशज ताम्रक के रूप में जाने जात हैं।
- ऋषि शिल्पी के वंशज शिल्पकला के अधिष्ठाता हैं।
- ऋषि देवज्ञ के वंशज स्वर्णकार है।

राज्यों से

राष्ट्रपति से मिले डॉ. योगेश की बुजुर्ग कैदियों व दिव्यांगों पर चर्चा

नई दिल्ली। भारतीय विकास संस्थान तथा उत्तर भारतीय महासंघ के अध्यक्ष, दो बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉ योगेश दुबे नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डॉ योगेश दुबे ने उनका ध्यान भारत की जेलों में बंद बुजुर्ग कैदियों की तरफ दिलाते हुए कहा कि सजा पूरी हो जाने के बावजूद जुर्माना न भरने के कारण अनेक बुजुर्ग कैदी जेलों की सजा काटने के लिए विवश हैं। उन्होंने ऐसे कैदियों को नियमपूर्वक रिहा किए जाने की अपील की, ताकि वे अपने बचे हुए जीवन को अपने परिवार के साथ बिता सकें। साथ ही उन्होंने दिव्यांग लोगों को और अधिक सशक्तिकरण किए जाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाए जाने की दिशा में उन्हें रोजगार देने तथा सरकारी नौकरियों में उनका आरक्षित कोटा भरने की अपील करते हुए कहा कि अभी भी दिव्यांग जनों को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

शिवसेना विधायक संजय गायकवाड का विवादित बयान

राहुल गांधी की जीभ काटकर लाने वाले को दूंगा 11 लाख रुपए का नकद इनाम

एजेंसी

मुंबई। एक विवादास्पद बयान में, शिवसेना (एकनाथ) विधायक संजय गायकवाड़ ने सोमवार को आरक्षण प्रणाली को खत्म करने पर अपनी टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। अपने अजीबोगरीब बयान में गायकवाड़ ने कहा कि विदेश में रहते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह भारत में आरक्षण व्यवस्था खत्म करना चाहते हैं. इससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है।

संजय गायकवाड़ ने कहा कि राहुल गांधी का वह बयान जिसमें उन्होंने भारत में आरक्षण खत्म करने की बात कही है, यह जनता से सबसे बड़ा झूठ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ महाराष्ट्र में आरक्षण की मांग उठ रही है, वहीं राहुल गांधी ने देश से आरक्षण खत्म करने का बयान दे दिया। गायकवाड़ ने कहा कि आज वह देश से आरक्षण खत्म करने की भाषा बोल रहे हैं और उन्होंने कांग्रेस का असली चेहरा दिखा दिया है। जो भी राहुल गांधी की जीभ काटेगा, मैं उसे 11 लाख रुपये का इनाम दूंगा। महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वह विधायक की टिप्पणी का समर्थन नहीं करते हैं। बावनकुले ने कहा कि मैं गायकवाड़ की टिप्पणियों का समर्थन या समर्थन नहीं करूंगा। हालांकि, हम यह नहीं भूल सकते कि पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने आरक्षण का विरोध करते हुए कहा था कि इससे प्रगति प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने कहा था कि आरक्षण देने का मतलब बेवकूफों का समर्थन करना है। अब राहुल गांधी कहते हैं कि वह आरक्षण खत्म कर देंगे।

> भाजपा नेता ने कहा कि हम एससी, एसटी और ओबीसी को जागरूक करेंगे और उन्हें नेहरू, राजीव गांधी और राहुल गांधी की टिप्पणियों के बारे में सूचित करेंगे। यहां तक कि मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जारांगे को भी इस बारे में सोचना चाहिए।

भाजपा नेता ने कहा कि हम एससी, एसटी और ओबीसी को जागरूक करेंगे और उन्हें नेहरू, राजीव गांधी और राहुल गांधी की टिप्पणियों के बारे में सूचित करेंगे। यहां तक कि मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जारांगे को भी इस बारे में सोचना चाहिए। गायकवाड़ की आलोचना करते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोंढे ने कहा, संजय गायकवाड़ समाज और राजनीति में रहने के लायक नहीं हैं। हम देखना चाहते हैं कि क्या महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फड़नवीस गायकवाड़ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाते हैं।

जहर से नहीं, हार्ट अटैक से हुई मुख्तार अंसारी की मौत

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बांदा जेल में बंद रहे मुख्तार अंसारी की बीते 28 मार्च को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया था और कहा था कि उसे स्लो पॉइजन दिया गया था, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच की जा रही थी। अब इस जांच की रिपोर्ट सामने आ गई है। बांदा जिला प्रशासन ने रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इस रिपोर्ट में यह माना गया है कि मुख्तार अंसारी की मौत जहर देने से नहीं, हार्ट अटैक से हुई थी।

एडीएम वित्त राजस्व को सौंपी गई थी जांच : बता दें कि मुख्तार अंसारी की मौत की जांच एडीएम वित्त राजस्व राजेश कुमार को सौंपी गई थी। अऊट वित्त राजेश कुमार ने लेटर जारी करते हुए बताया कि गाजीपुर के रहने वाले मुख्तार अंसारी की 28 अप्रैल को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद मेरे द्वारा मजिस्ट्रियल जांच संपादित की जा रही है। इस संबंध में जिस भी व्यक्ति को लिखित, मौखिक, साक्ष्य बयान प्रस्तुत करना हो तो वह 15 अप्रैल 2024 तक किसी भी दिन मेरे ऑफिस में आकर अपने बयान या साथ प्रस्तुत कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्तार के किसी परिजन ने कोई बयान नहीं दिया है।

अब यह मजिस्ट्रियल जांच पूरी हो चुकी है। जांच में भी साफ हो गया है कि माफिया मुख्तार अंसारी की मौत जहर से नहीं, हार्ट अटैक से हुई थी। बैरक में मिले गुड़, चना और नमक में जहर नहीं पाया गया है। एडीएम राजेश कुमार ने मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट शासन को भेजी है। एडीएम राजेश कुमार ने लगभग 5 माह जांच करने के बाद शासन को भेजी। जेल अधिकारियों डॉक्टर सहित 100 से ज्यादा लोगों के बयान लिए गए। सीसीटीवी फुटेज बैरक जांच के अलावा खाने की जांच रिपोर्ट का भी अध्ययन किया गया।

तेजस्वी यादव का नीतीश कुमार पर बड़ा आरोप, बोले

मेरी जासूसी करा रहे हैं मुख्यमंत्री

एजेंसी

पटना। बिहार के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा आरोप लगाया है। तेजस्वी ने दावा किया कि नीतीश उनकी निगरानी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकतार्ओं के साथ बैठक के दौरान सीआईडी ??और विशेष शाखा के अधिकारी मौजूद थे। उनकी पहचान की पुष्टि उनकी आईडी से की गई। झंझारपुर में पार्टी कार्यकतार्ओं के साथ बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने गेस्ट हाउस में मीडिया से बात की और मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला।

तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी एक मीटिंग में सीआईडी और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी वहां बैठे नोट्स ले रहे थे। हमने शुरू में सोचा कि वे पत्रकार थे। उन्होंने कहा कि पार्टी की आंतरिक बैठक के बाद आमतौर पर पत्रकार फोटो खींचकर चले जाते हैं, लेकिन ये लोग नहीं हटे। बाद में हमें पता चला कि वे सीआईडी और विशेष शाखा के अधिकारी थे। उन्होंने अपनी आईडी भी दिखाईं। तेजस्वी ने आगे कहा, "अब यह स्पष्ट हो गया है कि मुख्यमंत्री पूरी तरह से जासूसी में लगे हुए हैं। वह डरे और सहमे हुए हैं। वहीं, एक एक्स पोस्ट में तेजस्वी ने कहा कि नीतीश जी के कैबिनेट मंत्री बिहार जैसे पिछड़े और गरीब राज्य के अपने विभागों को लूट कर सभी अखबारों में करोड़ों-करोड़ के फुल पेज विज्ञापन दे रहे है। आश्चर्यजनक है कि यह विज्ञापन नीतीश कुमार की पार्टी जदयू, बिहार सरकार तथा सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ से आधिकारिक विज्ञापन नहीं बल्कि कैबिनेट के 5 मंत्रियों की तस्वीरों के साथ बिना किसी निवेदक के जारी किया है। उन्होंने आगे लिखा कि यह विज्ञापन टूटते पुलों से प्राप्त कमीशन, जमीन सर्वे, स्मार्ट मीटर तथा थानों और ब्लॉक कार्यालयों में सरकारी भ्रष्टाचार के माध्यम से अर्जित अवैध काली कमाई एवं अवैध धन शोधन से दिया जा रहा है। यह विज्ञापन भी नहीं बल्कि नीतीश कुमार के भ्रष्टाचार का विवरण और शंसापत्र है।



तेजस्वी मे कहा कि ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर तथा पुल-पुलिया और सड़क बनाने में अभियंताओं से कमीशन लो और फिर उसी काली कमाई व धन-शोधन से अभियंताओं को अभियंता दिवस की बधाई दो! सीएम और उनके मंत्री अभियंताओं और ठेकेदारों से कमीशन लेते है तभी तो घटिया क्वालिटी के पुल गिरते है?

आरजी कर दुष्कर्म व हत्या: प्रदर्शन अब भी जारी

बातचीत के लिए ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों को फिर बुलाया

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को फिर से कोलकाता स्थित अपने आवास पर बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि यह पांचवां और अंतिम निमंत्रण है। बंगाल के मुख्य सचिव ने डॉक्टरों से खुले दिमाग के साथ चर्चा के लिए बनर्जी से उनके कालीघाट आवास पर मिलने का आग्रह किया। इससे पहले, डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सभी शर्तों को स्वीकार कर लिया था, लेकिन अंतिम समय में सरकार ने उन्हें ठुकरा दिया।

इस बीच, सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के जवाब पॉलीग्राफ टेस्ट और स्तरित आवाज विश्लेषण के दौरान भ्रामक पाए गए। 9 अगस्त को अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले की जांच सीबीआई कर रही है। वहीं, प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों का राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर आठवें दिन भी धरना जारी रहा और लगातार 36वें दिन उन्होंने काम बंद रखा।



> बंगाल के मुख्य सचिव ने डॉक्टरों से खुले दिमाग के साथ चर्चा के लिए बनर्जी से उनके कालीघाट आवास पर मिलने का आग्रह किया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को कनिष्ठ चिकित्सकों के धरनास्थल पर अचानक पहुंची थीं और उन्हें उनकी मांगों पर गौर करने तथा दोषी पाए जाने वाले हर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन गतिरोध को दूर करने के लिए प्रस्तावित वार्ता विफल होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के आवास पर तीन घंटे तक इंतजार करने के बाद उन्हें कार्यक्रम स्थल से चले जाने को कहा गया। एक अन्य चिकित्सक ने दावा किया कि वे सीधा प्रसारण या वीडियो रिकार्डिंग के बिना ही बैठक में शामिल होने पर राजी हो गये थे जैसा कि ममता ने अनुरोध किया था और स्वास्थ्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य को इस निर्णय की सूचना दी गई थी लेकिन प्रदर्शनकारियों को यह कहते हुए मुख्यमंत्री आवास से जाने के लिए कहा गया कि अब काफी देर हो गयी है। बैठकों के सीधा प्रसारण और उपस्थित प्रतिनिधियों की संख्या पर असहमति के कारण कनिष्ठ चिकित्सकों और ममता के बीच बातचीत के पिछले कुछ प्रयास भी नाकाम रहे हैं।

तृणमूल सरकार के खिलाफ डॉक्टरों का विरोध महज 'नाटक' है : सिद्दीकुल्लाह

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने सोमवार को जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे एक नाटक और राजनीतिक रूप से प्रेरित घटना बताया, जिसका उद्देश्य तृणमूल कांग्रेस सरकार को बदनाम करना है। इस बीच, विरोध कर रहे डॉक्टरों ने स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ भवन के बाहर अपना धरना आठवें दिन भी जारी रखा और उनके 'काम बंद' आंदोलन का आज 36वां दिन था। वे आरजी कर अस्पताल में हुए एक चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं। डॉक्टरों ने अपनी मांगें पूरी होने तक प्रदर्शन जारी रखने की कसम खाई है, जिसमें कोलकाता पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों को हटाने की मांग शामिल है। मंत्री चौधरी ने कहा, जूनियर डॉक्टरों को अब इस नाटक को बंद कर देना चाहिए। यह बहुत समय से चल रहा है और अब हद पार कर चुका है। स्पष्ट है कि अब राजनीतिक स्वार्थ इस आंदोलन को निर्देशित कर रहे हैं।

भारतीय टीम ने अभ्यास में जमकर बहाया पसीना

2 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होगा / **गौतम** गंभीर की बतौर कोच ये पहली टेस्ट सीरीज है। / **टेस्ट सीरीज** में टीम इंडिया का पलड़ा एकतरफा भारी रहा है

एजेंसी। चेन्नई

टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होगा। पहला टेस्ट चेन्नई के मैदान पर खेला जाएगा। सभी खिलाड़ी चेन्नई पहुंच चुके हैं और प्रैक्टिस शुरू कर दी। भारतीय पिचों पर स्पिनरों को मदद मिलती रही है। ऐसे में इस सीरीज में बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा।

गौतम गंभीर की बतौर कोच ये पहली टेस्ट सीरीज है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उनके नेतृत्व में टीम इंडिया टेस्ट फॉर्मेट में किस अंदाज में खेलती है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए पहले ही खूब पसीना बहा रही है, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान को उसके घर में पस्त करने के बाद बांग्लादेश की क्रिकेट टीम भारत को चुनौती देने के लिए आत्मविश्वास से लबरेज होगी।

नजमुल हुसैन की कप्तानी वाली टीम बढ़े हुए मनोबल के साथ चेन्नई पहुंची है। बांग्लादेशी कप्तान ने भारत के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। हालांकि टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का पलड़ा एकतरफा भारी रहा है और बांग्लादेश के लिए भारत को टेस्ट में हराना 'लोहे के चने' चबाना जैसा है। पाकिस्तान का दौरा करने से पहले बांग्लादेश ने उसे टेस्ट में नहीं हराया था लेकिन इस बार बांग्लादेश ने बड़ा उलटफेर करते हुए सीरीज भी जीत ली। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी भी बांग्ला टाइगर्स को हल्के में नहीं ले सकती। विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर.अश्विन जैसे अनुभवी और उम्रदराज खिलाड़ी अपने करियर के अंतिम पड़ाव में है।

हालांकि, तीनों ही खिलाड़ी अपनी फिटनेस और फॉर्म के आधार पर बड़े-बड़े दिग्गजों को छकाने का माद्दा रखते हैं। एकतरफ दोनों ही बल्लेबाज टीम इंडिया के मुख्य बैटर हैं, जबकि विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर अश्विन बांग्लादेशी बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी परेशानी का सबब हो सकते हैं। इन तीनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टीम इंडिया की नजर टिकी होगी। भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह एक बार फिर टीम इंडिया के लिए 'संकटमोचन' बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शुरुआती सफलता दिलाने का जिम्मा एक बार फिर उनके कंधों पर होगा।

टेस्ट से पहले भारतीय शिविर में शामिल हुए सरफराज

चेन्नई। मौजूदा दलीप ट्रॉफी में एक अतिरिक्त मैच खेलने के बाद, सरफराज खान गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले सोमवार को यहां एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय टीम से जुड़ गए। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैचों के बाद आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा के बाद शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे अन्य खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए, वहीं सरफराज को कथित तौर पर चयनकर्ताओं ने एक अतिरिक्त मैच खेलने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने 16 रन बनाए, क्योंकि इंडिया बी ने इंडिया सी को पहली पारी में बढ़त दे दी। सरफराज अपने साथियों की तुलना में बाद में शिविर में शामिल हुए, इसलिए संभावना है कि पहले टेस्ट में मध्य क्रम की भूमिका के लिए 26 वर्षीय सरफराज को राहुल से पहले प्राथमिकता दी जाएगी।

ओडिशा-आरएफए एचपीसी के एथलीटों ने सैफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते पांच पदक

नई दिल्ली। ओडिशा-रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉरमेंस सेंटर (आरएफए एचपीसी) के एथलीटों ने चेन्नई में सैफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर अपनी चमक बिखेरी। डीएम जयराम ने दो पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य और पुरुषों की 4x100 मीटर रिले स्पर्धा में रजत पदक शामिल है, जहां उनके साथ ओडिशा-आरएफ एचपीसी के एथलीट महेंद्र सांता भी शामिल थे। सबिता टोप्पो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में रजत पदक जीता और लक्ष्मीप्रिया किसान ने भी महिलाओं की 800 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता। प्रदर्शन को लेकर, ओडिशा-आरएफ एचपीसी के मुख्य कोच मार्टिन ओवेन्स ने कहा, "एसएएफएफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप वास्तव में एक अच्छी प्रतियोगिता थी और कुछ युवा एथलीटों के लिए पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व करने का एक अच्छा अवसर था। हमारे दृष्टिकोण से, जयराम ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। उनका मुकाबला दो बहुत ही उच्च गुणवत्ता वाले श्रीलंकाई धावकों से था, जिन्होंने जयराम की तरह जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था। उन्होंने अब तक के सत्र की अपनी सर्वश्रेष्ठ दौड़ लगाई, इसलिए मैं उनके प्रयास से बहुत प्रसन्न था।"

अगस्त माह के लिए आईसीसी प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुने गए वेल्लालगे, हर्षिता

यह पुरस्कार उनके लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है : वेल्लालागे

एजेंसी। दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को श्रीलंकाई खिलाड़ी दुनीथ वेल्लालागे और हर्षिता समरविक्रमा को अगस्त 2024 के लिए क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया। वेल्लालागे ने भारत के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और समरविक्रमा ने आयरलैंड दौरे पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इससे पहले एक ही देश के खिलाड़ियों द्वारा एक ही महीने में पुरस्कार जीतने का एकमात्र उदाहरण तब था जब इस साल जून में जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुना गया था। वेल्लालागे ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स से आगे रहते हुए प्रतिष्ठित मासिक पुरस्कार जीता, जो शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य खिलाड़ी थे। वेल्लालागे के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने भारत पर 2-0 से सीरीज जीत हासिल की। 31 वर्षीय बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने नाबाद 67, 39 और दो रन बनाए, जबकि सीरीज में सात विकेट भी चटकाए, जिसमें तीसरे मैच में 27 रन देकर पांच विकेट लेना भी शामिल है।

यह पांचवीं बार है जब किसी श्रीलंकाई खिलाड़ी ने पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता है, इससे पहले एंजेलो मैथ्यूज (मई 2022), प्रभात जयसूर्या (जुलाई 2022), वानिंदु हसरंगा (जून 2023) और कामिंडु मेंडिस (मार्च 2024) इस पुरस्कार को जीत चुके हैं। उन्होंने कहा, "यह मेरे लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है, क्योंकि यह मान्यता मुझे एक खिलाड़ी के रूप में अच्छा काम जारी रखने और मैदान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपनी टीम में योगदान देने के लिए और अधिक ताकत देती है। मैं अपने साथियों, माता-पिता, दोस्तों और रिश्तेदारों को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि मुझे यकीन है कि मेरी उपलब्धि उन्हें बहुत संतुष्टि प्रदान करेगी।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की

कोलंबो। श्रीलंका ने बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ओशादा फर्नांडो की वापसी हुई है, जबकि निशान मदुश्का टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं। ओशादा 18 महीने की अनुपस्थिति के बाद श्रीलंका की टीम में वापस आ रहे हैं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने ए टीम के साथ अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद वापसी की है, जो अभी दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही है। दो मैचों की श्रृंखला के पहले अनौपचारिक टेस्ट में, ओशादा ने 122 और 80 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन किया, जिससे श्रीलंका की ए टीम जीत गई। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान, मदुश्का ने दो टेस्ट में 4, 0, 7 और 13 के स्कोर बनाए। खराब फॉर्म के कारण उन्हें तीसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया। भले ही ओशादा टीम में वापस आ गए हैं, लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो सकता है।

फुटबॉल मैच रद्द होने के बाद एम्स्टर्डम में हुए दंगों में आठ अजाक्स प्रशंसक गिरफ्तार

नई दिल्ली। पुलिस हड़ताल के कारण अजाक्स और एफसी उट्रेच के बीच इरेडिविसी फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच रद्द होने से भड़के दंगों के बाद डच पुलिस ने रविवार को एम्स्टर्डम में आठ अजाक्स प्रशंसकों को गिरफ्तार किया है। प्रशंसक शहर के केंद्र में एकत्र हुए, जिससे पुलिस मुख्यालय को नुकसान पहुंचा और पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की गई। भीड़ द्वारा अधिकारियों के साथ टकराव जारी रखने के बाद दंगा पुलिस को तैनात किया गया। दंगाई सबसे पहले सेंट्रल एम्सटर्डम के एक सार्वजनिक चौराहे लीडसेप्लेन में पुलिस की हड़ताल का विरोध करने के लिए एकत्र हुए थे, जिसके कारण अजाक्स को लगातार दूसरे रविवार को लीग मैच से चूकना पड़ा। विरोध प्रदर्शन बढ़ता गया, जिसके परिणामस्वरूप इलाके में ट्रामों को रोक दिया गया और खिड़कियों को तोड़ दिया गया। अजाक्स बनाम एफसी उट्रेच मैच को रद्द कर दिया गया क्योंकि सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई पुलिस उपलब्ध नहीं थी, पुलिस अधिकारी समय से पहले सेवानिवृत्ति लाभों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और हड़ताल पर हैं। दो हफ़्ते पहले, रॉटरडैम में फेयेनोर्ड बनाम अजाक्स नामक एक और एरेडिविसी मैच भी चल रही पुलिस हड़ताल के कारण रद्द कर दिया गया था।

उम्मीद है, मैंने साबित कर दिया है कि ऊपरी क्रम मेरे लिए बेहतर: लियाम लिविंगस्टोन

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को उम्मीद है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 आई श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में साबित कर दिया है जो ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द होने पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही। लिविंगस्टोन को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इंग्लैंड ने पिछले तीन टी20 विश्व कप में लिविंगस्टोन को फिनिशर के तौर पर इस्तेमाल किया है। लेकिन 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने शीर्ष पर बेहतरीन प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई। स्काई स्पोर्ट्स के हवाले से लिविंगस्टोन ने कहा, "मैंने थोड़ा और शामिल होने का आनंद लिया, कुछ लड़कों के दूर होने के कारण बल्ले और गेंद दोनों से मौका मिला, इसलिए मैं अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। उन्होंने श्रृंखला का समापन सबसे अधिक रन बनाने वाले और संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में किया।

फिर से चोटिल होने का जोखिम नहीं उठाना चाहता : शमी

कोलकाता । भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी फिटनेस अपडेट देते हुए कहा कि वह जल्द वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन वह जल्दबाजी करके फिर से चोटिल होने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। शमी टखने की चोट से उबरने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं जिसने उन्हें पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद से क्रिकेट से दूर रखा है। शमी वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने पुनर्वास के अंतिम चरण में हैं।

सन यिंगशा, लिन शिदोंग ने जीता डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाऊ का खिताब

एजेंसी। मकाऊ

चीन की सुन यिंगशा और लिन शिदोंग ने रविवार को विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चैंपियंस मकाऊ 2024 में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में खिताब जीता। टेबल टेनिस प्रशंसकों के बीच "शाशा" के रूप में भी जानी जाने वाली सुन ने हमवतन वांग यिदी के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की, उन्होंने इंचियोन और चोंगकिंग में विजयी होने के बाद 2024 की अपनी तीसरी डब्ल्यूटीटी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह सुन का पांचवां डब्ल्यूटीटी चैंपियंस खिताब भी था। सुन ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अगले ओलंपिक चक्र के लिए यह एक शानदार शुरुआत थी, उन्होंने कहा कि प्रत्येक मैच के साथ उनके फॉर्म में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, "अगले चार वर्षों में कई बदलाव और प्रतिस्पर्धा होगी, लेकिन मैं पहली चैंपियनशिप जीतकर बहुत खुश हूं।

साक्षी मलिक, गीता फोगाट ने की कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की घोषणा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय पहलवान साक्षी मलिक और गीता फोगाट ने सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) के गठन की घोषणा की। साक्षी ने एक्स पर घोषणा की, "हमारे गाँव और समुदायों ने हमें पाला-पोसा, लेकिन पूरे राष्ट्र ने हमें चैंपियन बनाने में एकजुट होकर मदद की। तिरंगे के लिए लड़ने से बड़ा कोई सम्मान नहीं हो सकता है, और आपके प्यार और प्रेरणा से यह संभव हो सका। हम आपके प्रति आभारी हैं और अपने सार्वजनिक एवं निजी सहयोगियों के भी योगदान के लिए धन्यवाद करते हैं। हम विशेष रूप से सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए आभारी हैं।" उन्होंने आगे कहा, "आपके विश्वास का एकमात्र उत्तर यही है कि हम अपनी खेल प्रतिभा, अनुभव, दृढ़ता और सफलता को खेल की सेवा में समर्पित करें। हम तीनों ने इसीलिए कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) का गठन किया है। डब्ल्यूसीएसएल, एक विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय लीग है, जो हमारे पहलवानों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर वैश्विक खेल में अपनी पहचान बनाने के लिए कौशल और ताकत प्रदान करेगी। यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, विशेषज्ञों द्वारा संचालित वातावरण में सर्वश्रेष्ठ समर्थन प्रणालियों के साथ किया जाएगा।"

भारत की रिन्यूएबल एनर्जी यात्रा अन्य उभरते हुए देशों के लिए मॉडल : केंद्रीय मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत की रिन्यूएबल एनर्जी यात्रा अन्य उभरते हुए देशों के लिए पथ प्रदर्शक है। केंद्रीय न्यू और रिन्यूएबल एनर्जी मंत्री प्रल्हाद जोशी की ओर से यह बयान दिया गया है।

भारत की ओर से साल 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कारण लगातार रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। सरकार ने 2030 तक 500 गीगावाट की रिन्यूएबल क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है।

मंत्रालय की ओर से कहा गया कि भारत की रिन्यूएबल एनर्जी यात्रा को सरकार की मजबूत नीति और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का समर्थन प्राप्त है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस द्वारा बनाया गया इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) दुनियाभर में सोलर एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देता है विशेषकर विकासशील देशों में। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से पिछले महीने कहा गया कि जी20 में भारत एकमात्र देश है, जिसने 'पेरिस क्लाइमेट चेंज समिट-2015' में किए गए वादों को लेकर प्रतिबद्धता दिखते हुए उन्हें डेडलाइन से पहले पूरा किया है। मौजूदा समय में देश में स्थापित कुल सोलर और विंड पावर क्षमता क्रमशः 85.47 गीगावाट और 46.65 गीगावाट है। केंद्र सरकार की ओर से सोलर और विंड एनर्जी के विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की जा रही हैं। 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से 500 गीगावाट की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ऑटोमेटिक रूट से इस सेक्टर में 100 प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को अनुमति दी है।

इकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक, भारत के पास अच्छा स्थापित इन्फ्रास्ट्रक्चर है, जिसके जरिए रिन्यूएबल एनर्जी जैसे सेक्टर में आसानी से एफडीआई आकर्षित कर सकता है।

एसइबीआई वापस ली प्रेस रिलीज, कहा शिकायतों का निपटारा आपसी बातचीत से होगा



नई दिल्ली। नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने सोमवार को अपनी 4 सितंबर को जारी उस प्रेस रिलीज को वापस ले लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि कर्मचारियों को बाहरी तत्व अपना उल्लू सीधा करने के लिए उकसा रहे हैं। इसे सेबी में कामकाज की स्थितियों को लेकर कर्मचारियों के असंतोष जताने के बाद जारी किया गया था। हालांकि अब इस मुद्दे पर सेबी के सुर नरम हो गए हैं। बाजार नियामक ने कहा कि ये चिताएं "गलत" हैं और इस बात पर जोर दिया कि कर्मचारी-संबंधी मुद्दों को आंतरिक रूप से हल किया जाएगा।

सेबी ने कहा सभी शिकायतों का निपटारा बातचीत से होगा

यह निर्णय 5 सितंबर को सेबी मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कर्मचारियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद लिया गया। कर्मचारियों ने बयान वापस लेने और सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच के इस्तीफे की मांग की थी।

सोमवार को दिए गए बयान में, सेबी ने पिछले 36 वर्षों में भारतीय प्रतिभूति बाजार को विश्व के सबसे गतिशील और सुव्यवस्थित बाजारों में से एक बनाने में अपने कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। सेबी ने कहा कि वह कर्मचारी-संबंधी मामलों का निपटारा उचित आंतरिक तंत्र के माध्यम से करती है।

एक प्रेस रिलीज में बाजार नियामक ने कहा, "सेबी उचित आंतरिक तंत्र के माध्यम से कर्मचारी-संबंधित मामलों का निपटारा करती है। सभी ग्रेड के अधिकारियों के प्रतिनिधियों के साथ रचनात्मक चर्चा के बाद, सेबी और उसके कर्मचारियों ने पुष्टि की है कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से आंतरिक हैं और उन्हें संगठन के शासन के उच्च मानकों के अनुसार और समयबद्ध ढांचे के भीतर प्रबंधित किया जाएगा।"

भारत में कुल बारिश में 8 प्रतिशत की बढ़त सब्जियों की कीमतों में आ सकती है कमी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत में इस वर्ष (13 सितंबर तक) लंबी अवधि के औसत से 8 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। इस कारण से आने वाले समय में सब्जियों और दूध की औसत खुदरा कीमतों में नरमी देखने को मिल सकती है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि अब बुआई करीब पूरी हो चुकी है। अब फोकस फसल कटाई सीजन की तरफ शिफ्ट हो गया है। इस साल 6 सितंबर तक कुल 109.2 मिलियन हेक्टेयर्स क्षेत्र में बुआई हुई है और इसमें पिछले साल के मुकाबले सालाना आधार पर 2 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस सीजन में सभी मुख्य फसलों की अच्छी बुआई देखने को मिली है। चावल की 41 मिलियन हेक्टेयर्स, दालों की 12.6 मिलियन हेक्टेयर्स, मोटे अनाज की 18.9 मिलियन हेक्टेयर्स और तिलहन की 19.2 मिलियन हेक्टेयर्स में बुआई हुई है। बुआई का कुल क्षेत्रफल सामान्य बुआई क्षेत्रफल का 99 प्रतिशत है, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 98 प्रतिशत था। रिपोर्ट में बताया गया कि अधिक आपूर्ति होने के कारण कीमतों में हाल में कमी देखने को मिली और कीमतें कुछ समय के लिए यहां स्थिर रह सकती हैं, जब तक बाजार में नई आपूर्ति नहीं आ जाती है। बैंक ऑफ बड़ौदा में अर्थशास्त्री अदिति गुप्ता का कहना है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अच्छी बारिश हुई है। इसके कारण बांधों में मौजूद जल भंडार में इजाफा देखने को मिला है।

खरीफ की फसल का बुआई क्षेत्र पिछले साल के मुकाबले 2.2 प्रतिशत बढ़ा है।

एयर इंडिया ने शुरू की दिल्ली-कुआलालंपुर नॉनस्टॉप दैनिक उड़ान

नई दिल्ली। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने नई दिल्ली से कुआलालंपुर के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप दैनिक उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की एयरबस ए320 नियो (नया इंजन विकल्प) विमान द्वारा संचालित ये उड़ान 15 सितंबर को स्थानीय समयानुसार 2043 बजे कुआलालंपुर में लैंड किया। एयर इंडिया ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि हमने राजधानी नई दिल्ली और मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बीच अपने नए नॉन-स्टॉप रूट के उद्घाटन का जश्न मनाया। कंपनी ने कहा कि यह मलेशियाई यात्रियों के लिए एयरलाइन के विश्वव्यापी नेटवर्क तक पहुंचने के लिए नए कनेक्शन को खोलती है, जो पांच महाद्वीपों में फैला हुआ है। एयरलाइन ने कहा कि अब कुआलालंपुर के लिए प्रतिदिन नॉन-स्टॉप उड़ान भरें। अभी http://airindia.com या एयर इंडिया ऐप पर अपना टिकट बुक करें।

अदाणी ग्रुप ने केन्या कारोबार से जुड़ी फर्जी प्रेस रिलीज का किया खंडन

नई दिल्ली। अदाणी ग्रुप की ओर से सोमवार को केन्या में उसकी उपस्थिति से जुड़ी फर्जी प्रेस रिलीज का खंडन किया गया। साथ ही कहा गया कि इस गलत खबर को फैलाने वालों के खिलाफ कंपनी कानूनी कार्रवाई करेगी। ग्रुप के प्रवक्ता की ओर से कहा गया कि 'दुर्भावनापूर्ण इरादे और निहित स्वार्थ' के चलते कुछ के द्वारा फर्जी प्रेस रिलीज को सर्कुलेट किया जा रहा है। प्रवक्ता द्वारा जोर देते हुए कहा गया, "अदाणी ग्रुप या फिर उसकी किसी अन्य सहयोगी कंपनी की ओर से केन्या से जुड़े बिजनेस को लेकर कोई प्रेस रिलीज नहीं जारी की गई है।" आगे कहा, "हम इस कपटपूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं और सभी से आग्रह करते हैं कि इन फर्जी धोखाधड़ी वाली प्रेस रिलीज को पूरी तरह से नजरअंदाज करें।"

कोयल नदी का जलस्तर बढ़ा, भीमबराज के 29 गेट खुले, 1.65 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। मोहम्मदगंज स्थित भीमबराज से कोयल नदी में 1.65 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से आ रहे पानी के दबाव से रविवार की देर रात से ही स्थिति गंभीर बनी हुई है। पहले दिन 23 गेट खोलकर 87,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जबकि मौजूदा स्थिति में 29 गेट खोले गए हैं, जिससे पानी का प्रवाह बढ़कर 1.65 लाख क्यूसेक हो गया। कोयल नदी के जलस्तर में वृद्धि से आसपास के गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

राजबारा नदी पर पुलिया टूटी, कई गांवों का संपर्क बाधित

रामनगर के ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाई 1.5 किमी लंबी कच्ची सड़क और उस पर राजबारा नदी में बनाई गई ह्यूम पाइप पुलिया हालिया उफान में क्षतिग्रस्त हो गई है। इस पुलिया के टूटने से आसपास के कई गांवों का संपर्क मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ से टूट गया है। रामनगर निवासी रामजन्म राम ने बताया कि चार साल पहले ग्रामीणों ने श्रमदान से यह पुलिया बनाई थी, लेकिन इसके पक्कीकरण को लेकर किसी भी सरकारी स्तर से अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। रामजन्म राम ने यह भी कहा कि मौसम शुष्क होने के बाद ग्रामीण श्रमदान से पुलिया को फिर से बनाएंगे और आवागमन का मार्ग पुनः चालू किया जाएगा।

सावधानी बरतने की सलाह

कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने जानकारी दी कि कोयल नदी के जल प्रवाह पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा, 'नदी के किनारे के गांवों के निवासियों को पानी छोड़े जाने से पहले सायरन बजाकर सतर्क किया जाता है।' फिलहाल, मुख्य नहर का जल प्रवाह पूरी तरह बंद रखा गया है, और इसे मौसम के सामान्य होने के बाद ही फिर से खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग के अनुसार ही नहर में पानी छोड़ा जाएगा। इस सीजन में दूसरी बार ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, और ग्रामीणों को आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

कोयल नदी के पानी से सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद, किसानों को मुआवजे का आश्वासन

विश्रामपुर। लगातार हो रही बारिश ने विश्रामपुर क्षेत्र में तबाही मचा रखी है। कोयल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण नदी किनारे बसे नवगढ़, भादुमा, लुंबा, सतबहिनी, कादल, जोगा और करकट्टा समेत कई गांवों में पानी घुस गया है। इस बाढ़ के कारण सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। सोमवार को भाजपा नेता पुष्परंजन मेहता ने प्रभावित किसानों के साथ दौरा कर खेतों में नष्ट हुई फसलों का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार से फसलों के नुकसान के लिए मुआवजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रशासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लोगों को नदी-नालों से दूर रहने और सावधानी बरतने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

वर्तमान में कई गांवों का प्रखंड मुख्यालय और कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ से संपर्क पूरी तरह से टूट चुका है।

बारिश में बह गई कंडा-पिपरहवा गांव की मुख्य सड़क, आवागमन ठप

नावाबाजार। प्रखंड के कंडा-पिपरहवा गांव की मुख्य सड़क लगातार बारिश के कारण बह गई है। इससे इस क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क टूट गया है। सड़क के बहने के कारण ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से जुड़ाव पूरी तरह से बंद हो गया है। कुछ ग्रामीणों ने इस स्थिति के लिए सड़क निर्माण में लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि निर्माण के समय ह्यूम पाइप का सही तरीके से उपयोग नहीं किया गया था, जिसके कारण यह सड़क भारी बारिश में बह गई। प्रखंड क्षेत्र के कई अन्य गांवों में भी कच्चे और खपरैल मकानों को नुकसान पहुंचा है। इस भारी बारिश में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी का खपरैल घर भी गिर गया, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ग्रामीण अब सड़क की मरम्मत और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

न्यूज बॉक्स

चबूतरा व नाली निर्माण कार्य योजनाओं का हुआ शिलान्यास

हुसैनाबाद। प्रखंड क्षेत्र के लंगरकोट गांव में चबूतरा निर्माण व भैरोपुर में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व उप प्रमुख इंदु देवी ने नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सुदूर गांवों में विकास योजनाओं को सुगमता से पहुंचाने का उनका प्रयास लगातार जारी है। केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से गांव का सतत विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर गांव में अन्य किसी भी बात की समस्या है तो वे बेझिझक उसे मेरे पास रखें। उसका समाधान का प्रयास किया जाएगा। गांव के विकास, ग्रामीणों की समस्याओं तथा अन्य किसी भी जरूरतमदों के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।मौके पर पंचायत समिति राजवंश यादव, पवन कुमार पटेल, धनंजय यादव,मिथलेश पासवान, सुरेंद्र चौधरी, यमुना सिंह, गरीबन पासवान, लल्लू सिंह, रामचंद्र चौधरी,बबलू चौधरी, दिनेश्वर चौधरी, सुदेश्वर गुप्ता समेत कई अन्य ग्रामीण जनता मौजूद थे।

रेलवे फाटक के पास खुदाई से मार्ग अवरुद्ध, ग्रामीणों में आक्रोश

उंटारी रोड। पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा व करकट्टा रेलवे फाटक पर रेलवे के द्वारा खुदाई करने से लोगों का आना-जाना पूरी तरह से बंद हो गया। वहीं जोगा मुखिया कमला देवी ने बताया कि आने जाने वाले राहगीरों व गर्भवती महिलाओं के लिए रास्ता ठीक नहीं रहने से परेशानी हो रही है, क्योंकि दोनों जगह रेलवे फाटक को जेसीबी से खुदाई कर रास्ता को अवरुद्ध कर दिया गया है। कमला देवी ने रेलवे प्रशासन से रास्ता को चालू करने का आग्रह किया है, क्योंकि रात्रि में किसी को अगर तबियत बिगड़ जाती है, या गर्भवती महिलाओं को ले जानें के लिए और कोई दूसरा रास्ता नहीं है। रास्ता नहीं रहने से किसी की जान भी जा सकती है। मुखिया कमला देवी ने बताया कि सोमवार को दो गर्भवती महिलाओं को वाहन से विश्रामपुर ले जाया जा रहा था, लेकिन दोनों फाटक पर खुदाई होने से वाहन वापस चला गया। कोयल नदी में पार करने के लिए भी नाव का कोई व्यवस्था नहीं है। रास्ता नहीं रहने से किसी की जान भी जा सकती है। मुखिया ने रेल प्रशासन को चेतावनी दी कि वह तत्काल सड़क बनाए नहीं तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

हुजूर सभी लोगों के लिए रहमत बनकर आये : हाजी मौलाना जुनैद

छतरपुर। छत्तरपुर में हुजूर स.आ. व की आमद पर जुलूस निकाला गया। जुलूस में हुजूर की आमद मरहबा, पत्ता-पत्ता, फूल-फूल..या रसूल या रसूल ... के नारे पूरा शहर गूंजता रहा। पटखाही, खाटीन, मुरुमदग, बचकोमा, मुनकेरी, अलीपुर,मड़वा,मंदेया,खेन्धरा, खजूरी, नौडीहा, कारीमाटी, रामगढ़,बसनाराज, कजरू से जुलूस लेकर छतरपुर पहुंचे। जुलूस जपला मोड़ होते हुए गोलक्ष्मी से वापस आकर अनुमंडल से होते हुए सलाउद्दीन साहब के घर के पास समाप्त हुआ । सभी हाफिज व मौलाना साहब ने हुजूर के आमद पर और उनके जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। हाजी मौलाना जुनैद आलम मिसवाहि ने कहा कि हुजूर सभी लोगों के लिए रहमत बनकर आये; हर इंसान को उन्होंने गले लगाया और अल्लाह के बताये हुए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। वहीं कारी असलम साहब ने कहा कि अल्लाह के संदेश को हुजूर सभी इंसान के पास रखते थे और उसी रास्ते मे चलने को कहा करते थे।

लूट कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

4 देसी कट्टा व 6 जिंदा कारतूस के साथ 4 अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र से 4 अपराधियों को गिरफ्तार कर लूट कांड गिरोह का उद्भेदन किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 4 देशी कट्टा, 6 गोली, एक मोटरसाइकिल, 3 मोबाइल व एक पिट्ठू बरामद किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सभी अपराधी हंटरगंज डोभी मुख्य मार्ग पर ट्रक व अन्य चारपहिया वाहनों में योजनाबद्ध तरीके से लूट की घटना को अंजाम दिया करते थे। इस मामले में गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ मोटरसाइकिल सवार युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से डोभी की ओर जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाई करते हुवे एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन के नेतृत्व में हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार दलबल के साथ नागर सोहाद मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे तीन लड़के पुलिस को देखते ही भागने लगे, तो उन्हें खदेड़कर पकड़ा गया और जांच के क्रम में मोटरसाइकिल की डिक्की से एक देसी कट्टा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवकों ने पुलिस को बताया कि थाना क्षेत्र के बहेरा निवासी नवनीत कुमार उर्फ दीपू द्वारा देसी कट्टा और कारतूस दिया गया है। लड़कों की निशानदेही पर नवनीत कुमार को उसके घर बहेरा से पकड़ा गया, साथ ही उसके साथ तीन देसी कट्टा और 4 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पकड़े गए युवकों ने पुलिस को अपना नाम श्याम कुमार, बिट्टू कुमार तथा निखिल कुमार बताया। निखिल कुमार बिहार के गया, बिट्टू कुमार तथा श्याम कुमार हंटरगंज थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। इस कड़ी में नवनीत कुमार उर्फ दीपू का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध कहां कितने घटनाओं को अंजाम दिया गया है, इसकी पड़ताल की जा रही है। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर पकड़े गए अपराधियों ने सड़क लूट सहित अन्य आपराधिक घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। सभी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस आगे अनुसंधान कर रही है।

मुखिया पर जानलेवा हमला, गंभीर

चतरा। जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत कोबना पंचायत के मुखिया बबलू कुमार मेहता पर बीते देर रात जानलेवा हमला किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मुखिया गांव में ही एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने गए थे। इस दौरान रात के लगभग 10 बजे एक अज्ञात बाइक सवार के साथ पीछे बैठे युवक ने मुखिया के गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज पहुंचाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया रेफर कर दिया गया। हमला करने वाले युवक की पहचान गांव के ही आनंद पासवान के पुत्र सौरभ पासवान के रूप में की गई है। इस मामले में थाना में प्राथमिकी नहीं दर्ज करायी गयी है।

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकला भव्य जुलूस

हैदरनगर। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर पलामू जिला के हैदरनगर में विभिन्न मदरसों ने भव्य जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। भाई बिगहा के मदरसा मोहम्मदिया के नेतृत्व में जुलूस हैदरनगर के विभिन्न गली मोहल्लों से गुजरते हुए भाई बिगहा में जलसा में तब्दील हो गया। जुलूस में शामिल लोग, सरकार की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा, हिंदुस्तान जिंदा बाद, इस्लाम जिंदाबाद, संविधान जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। जलसा की शुरूआत तिलावत ए कुरान ए पाक से की गई। जलसा को खिताब करते हुए हैदर नगर बड़ी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अहमद अली खान रजवी ने कहा कि मुसलमानों को हजरत मुहम्मद के बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची मोहब्बत होगी।

पेज एक का शेष

पीएम मोदी का...

स्वच्छ भारत अभियान, मोदी सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका नेचर ने बढ़ावा दिया था, जिसमें दावा किया गया कि इस अभियान ने 60,000 से 70,000 शिशु मृत्यु को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी के 74वें जन्मदिन के उपलक्ष्य पर राजस्थान की प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह पर 4,000 किलो शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। गुजरात के सूरत में कई व्यापारियों ने 17 सितंबर को अपने उत्पादों पर 10 से 100% तक की छूट की घोषणा की है। यह छूट होटल, बाजार, परिवहन सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में लागू होगी।

कुछ इस अंदाज...

साल 2021 - देश ने एक ही दिन में 2.26 करोड़ कोविड टीकाकरण का अद्भुत देने वाला रिकॉर्ड बनाया था। कोरोना वायरस के खिलाफ भारत की लड़ाई को गति देने के लिए एक विशेष अभियान भी चलाया गया।

साल 2020 - साल 2020 में पूरा देश कोरोना महामारी की चपेट में था, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर कोई जश्न नहीं मनाया गया। भाजपा ने सेवा सप्ताह के तहत शिविर और हेल्प डेस्क का आयोजन किया।

साल 2019 - इस साल, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के केवड़िया में नमामि नर्मदा उत्सव में भाग लिया। यह बांध के 138.88 मीटर के पूर्ण जलाशय स्तर तक भरने के उपलक्ष्य में मनाया गया।

साल 2018 - प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जन्मदिन अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोगों के साथ मनाया था। इसके साथ पीएम मोदी ने छात्रों को कई उपहार भी भेंट किए थे।

ट्रंप पर दूसरी बार...

यूक्रेन के समर्थन में लड़ाकों की भर्ती की कोशिश की थी। वह यूक्रेन का समर्थक बताया जा रहा है। इधर सीएनएन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप कोर्स पर थे और उन पर गोलियां चलाई गईं। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने उस दिशा में जवाबी फायरिंग की। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने पुष्टि की है कि उसके एक या अधिक एजेंटों ने ट्रंप के गोल्फ कोर्स की सीमा के पास एक बंदूकधारी पर गोलियां चलाई और एक वीडियो कैमरे के साथ एक ह्यएके-47 स्टाइल राइफलह्ल बरामद की गई। अधिकारियों के अनुसार, अभी भी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि रयान वेस्ले राउथ नामक बंदूकधारी ने पूर्व राष्ट्रपति की ओर गोली चलाई थी या नहीं, लेकिन सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोल्फ कोर्स में झाड़ियों में छिपे संदिग्ध पर गोली चलाई थी।

भारतीय जनता पार्टी...

डी राजा ने कहा कि किसी भी राज्य सरकार को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये सदन में हराया जा सकता है या निर्वाचित मुख्यमंत्री कैबिनेट की सलाह पर विधानसभा भंग करने की सिफारिश कर सकता है। उन्होंने इसके परिणाम पूछे और कहा कि ऐसे कई सांवैधानिक और व्यावहारिक सवाल हैं।

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश...

उसे ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची लाया गया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओड़िशा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआई के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस द्वारा दिनेश गोप पर 25 लाख और एनआइए की ओर से पांच लाख कुल 30 लाख इनाम घोषित था।

पेड़ गिरने से सड़क जाम, आवागमन बाधित

नवीन मेल संवाददाता

गारू। गारू-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर पॉवर घाट के रामनदाग मोड़ के पास शनिवार को तेज बारिश और आंधी के कारण एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया। इस घटना के कारण वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पेड़ गिरने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे घंटे तक यातायात ठप रहा। घटना की सूचना मिलते ही गारू पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने वन विभाग के श्रमिकों को मौके पर भेजा और पेड़ को हटाने का निर्देश दिया। वन श्रमिकों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ को काटकर सड़क से हटाया। करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद पेड़ को पूरी तरह से हटाया गया और इसके बाद यातायात फिर से सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में अक्सर तेज आंधी और बारिश के दौरान पेड़ गिरने की घटनाएं होती रहती हैं। प्रशासन और वन विभाग को ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए पहले से तैयार रहने की जरूरत है।

रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा

इटखोरी (चतरा)। जिले के इटखोरी स्थित पंचवटी प्लाजा होटल में सोमवार को परिवर्तन सकल्प यात्रा कार्यक्रम के निमित्त भारतीय जनता पार्टी की जिला सतरीय बैठक हुई। इटखोरी मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता व संचालन जिला महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह ने किया। इस अवर पर आगामी 21 सितंबर को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इटखोरी कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा करते हुवे, बताया गया कि रक्षा मंत्री 21 सितंबर को 10:00 बजे दिन में माता भद्रकाली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे, उसके बाद इटखोरी उच्च विद्यालय मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। बैठक में उपस्थित मंडल अध्यक्षों ने कहा कि कार्यक्रम में 25 से 30 हजार की संख्या में कार्यकर्ता व जनता उपस्थित होंगे।बैठक में विधायक किशुन कुमार दास, चतरा विधानसभा प्रभारी टुनु गोप, प्रभारी किसान मोर्चा जुगनू सिंह, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, उपाध्यक्ष ऋषि बाला सिंह, विद्यासागर आर्य, सतीश सिंह, ग्रामीण चतरा मंडल अध्यक्ष गुड्डू सिंह, पत्थलगड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश दांगी, रामकुमार सिंह, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

फैक्ट और तथ्यात्मक लेखनी ही सकारात्मक पत्रकारिता, विकासात्मक पत्रकारिता से व्यक्ति के चेहरे पर आती है मुस्कानः राघवेन्द्र

विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता समाज की उन्नति का मार्ग : राणा अरुण सिंह

विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता समाज की जरूरतः उपनिदेशक

नवीन मेल संवाददाता। बेतला

पत्रकारिता में तथ्यपरक और तथ्यात्मक लेखनी ही सकारात्मक पत्रकारिता की पहचान है। सकारात्मक और विकासात्मक पत्रकारिता से व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आती है। लेखन कार्य के दौरान प्राप्त सूचनाओं की गहन जांच-पड़ताल आवश्यक है। जल्दबाजी, तेज गति और समय के दबाव में सावधानी अवश्य बरती जानी चाहिए, अन्यथा गलतियां होने की संभावना रहती है। लेखन विद्या के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करना ही सकारात्मक और विकासात्मक पत्रकारिता है। यह बातें नक्षत्र टीवी के स्टेट हेड और झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र ने कही। वे आज ₹समाज में विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता₹ के उद्देश्य पर चर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम लातेहार जिले के बेतला स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित किया गया था।

राघवेन्द्र ने कहा कि एआई और बढ़ती तकनीक के इस दौर में पत्रकारिता की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। ऐसे में सावधानी अत्यंत आवश्यक है। जीवन की जद्दोजहद के बीच जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें खुशहाल बनाना ही सकारात्मक पत्रकारिता है।

राष्ट्रीय नवीन मेल, पलामू के संपादक व पत्रकार राणा अरुण सिंह ने कहा कि आज का यह अवसर मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम सभी पत्रकारिता के उस पहलू पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो समाज की उन्नति और प्रगति से सीधा संबंध रखता है– विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता।

जैसा कि सब जानते हैं, आज के दौर में पत्रकारिता का दायित्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। सूचनाओं की दुनिया में हम पत्रकार समाज के मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल खबरें देना नहीं है, बल्कि ऐसी खबरें देना है जो समाज के हित में हों, समाज को जागरूक करें, और विकास की दिशा में प्रेरित करें।

विकासात्मक पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रगति और उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त करना है। हमारे देश और हमारे क्षेत्र में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, आधारभूत ढांचा, रोजगार–ये सभी हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। जब हम इन मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं, तो हम न केवल समस्याओं को उजागर करते हैं, बल्कि उनके समाधान की दिशा में भी सोचने के लिए समाज को प्रेरित करते हैं।विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता समाज की मांग है। सकारात्मक और विकासात्मक पत्रकारिता से समाज में उन्नति होती है। हम सभी पत्रकार अपनी लेखनी से ऐसा उदाहरण पेश करें, जिससे समाज की उन्नति हो। द इमर्जिंग वर्ल्ड के राजनीतिक संपादक व पत्रकार संजय पाण्डेय ने कहा कि उत्तम, ज्ञानवर्धक और सारगर्भित लेखनी से समाज को सही दिशा देना ही विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता है। सकारात्मक सोच के साथ लेखन कार्य से समाज में सकारात्मक संदेश का प्रवाह होता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान दौर में फेक न्यूज से बचने के लिए, प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की जांच अत्यंत आवश्यक है।

प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क इकाई, पलामू के उपनिदेशक संजीव कुजूर ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता समाज की जरूरत है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करना ही विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी लेखनी के माध्यम से समाज का उत्थान और विकास करना है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लातेहार के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन ने दार्शनिक अरस्तू के उस सिद्धांत का उदाहरण दिया, जिसमें मनुष्य को एक सामाजिक प्राणी बताया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी सामाजिक प्राणी हैं और समाज का उत्थान और विकास हम सभी की जिम्मेदारी है। समाज को आगे बढ़ाना और लोकतंत्र की सफलता में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। पत्रकारिता के मौलिक उद्देश्य को समझना आवश्यक है। सूचना का संप्रेषण और आदान-प्रदान भी पत्रकारिता का एक अंग है। सरकार के नियम, कानून, और जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक करना और उन्हें लाभ पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका है। सशक्त समाज में मीडिया की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। धन्यवाद ज्ञापन प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई के उपनिदेशक संजीव कुजूर ने किया। कार्यक्रम में प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई के सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी (एपीआरओ) बिजय कुमार ठाकुर, जिला जनसंपर्क कार्यालय के सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी (एपीआरओ) अजित कुमार तिवारी के अलावा पलामू प्रमंडल के विभिन्न जिलों के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरूण कुमार, गौरव, प्रेम, भोला, संजय सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

केजरीवाल 'आप' में एकमात्र महत्वपूर्ण बाकी सभी घरेलू नौकर : संदीप दीक्षित

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने सोमवार को एक इंटरव्यू में कहा कि आम आदमी पार्टी में केवल केजरीवाल है, उसमें वही एकमात्र महत्वपूर्ण व्यक्ति है बाकी सब उनके घरेलू नौकर है। किसी का कोई वजूद नहीं है।

मेरे हिसाब से यह निर्णय इस हिसाब से लेंगे कि कौन ऐसा व्यक्ति आएगा जो इनके भरोसे का हो, जो फाइल नहीं निकलने दे। इनके खिलाफ जो भ्रष्टाचार के सबूत हैं उसको दबा के रखे, जो इनके कहने पर काम करे, जिस कांट्रेक्ट पर हस्ताक्षर करना है, उस पर हस्ताक्षर कर दे। एक तरीके से इनका पिट्ठू बनकर वहां रहे। दो-तीन लोगों ने तय कर लिया होगा। वो दिखाने के लिए तमाम औपचारिकता करेंगे। यह सब नाटक है, इसका कोई अर्थ नहीं है।

केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान के बाद हुई आप पीएसी की बैठक

आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कार्यकत्ताओं को संबोधित करने के दौरान अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उनके ऐलान के बाद राष्ट्रीय राजधानी की सियासी फिजा में हलचल तेज हो गई। मुख्यमंत्री कल (17 सितंबर) अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इस बीच, आज मुख्यमंत्री के आवास पर पीएसी (पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी) की बैठक हुई। बैठक में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय शर्मा, दुर्गेश पाठक, आतिशी, गोपाल राय, इमरान हुसैन, राघव चड्ढा, राखी बिड़लान, पंकज गुप्ता, एनडी गुप्ता शामिल हुए। इस बीच आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी की नाराजगी का आलम यह है कि ये लोग अब एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के पीछे पड़ चुके हैं। इसके लिए बीजेपी ने पूरी ताकत लगा दी है। केजरीवाल जब जेल से बाहर निकले, तो उन्होंने सत्ता का सुख भोगना जरूरी नहीं समझा। उन्होंने लोगों के हितों को ज्यादा सर्वोपरि समझा।

हमें अन्ना हजारे से है पूरी हमदर्दी: केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार (15 सितंबर) को दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। सीएम केजरीवाल के इस फैसले पर समाजसेवी अन्ना हजारे ने प्रतिक्रिया दी। अन्ना हजारे की इस प्रतिक्रिया पर केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने अपनी राय रखी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने ट्विटर पर अन्ना हजारे का एक वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, हमें अन्ना हजारे जी से हमदर्दी है, लेकिन अन्ना जी से ज्यादा यह दिल्ली के लोगों और कुछ हद तक पूरे देश के लिए बहुत बड़ा बोझ बन गया है। हमने कभी नहीं सोचा था कि अराजकता और भ्रष्टाचार को एक सद्गुण बना दिया जाएगा। गौरतलब है कि अन्ना हजारे ने सीएम केजरीवाल को लेकर कहा था, जब सीएम अरविंद मेरे साथ थे, तब मैं उनसे कई सालों से कह रहा था अपना आचरण सुधारो, अपना व्यवहार और विचार शुद्ध रखो।

संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए अब कोई जगह नहीं : शाह

- जम्मू-कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान, दो झंडे अब कभी नहीं हो सकते
- आतंकवाद को इतने नीचे दफन करेंगे कि वह कभी बाहर नहीं आएगा

एजेंसी

पद्देर नागसेनी। जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक उठा पटक जारी है। जम्मू संभाग के पाडर, किश्तवाड व रामबन में सोमवार को चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जिंदा करने की कोशिश की जा रही है और इसे केंद्र शासित प्रदेश में इस हद तक दफना दिया जाएगा कि यह फिर कभी नहीं उभर पाएगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार है और किसी के पास जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जिंदा करने की ताकत नहीं है। किश्तवाड़ जिले के पद्देर नागसेनी शहर में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा अब जम्मू-कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान, दो झंडे कभी नहीं हो सकते। झंडा एक ही हमारा प्यारा तिरंगा होगा। अनुच्छेद 370 के लिए अब हमारे संविधान में कोई जगह नहीं है। आपसे वादा करता हूं कि आतंकवाद और इनके समर्थकों को इतने नीचे दफन करेंगे कि वह कभी बाहर नहीं आएगा।

इसके बाद उन्होंने पहाड़ी आरक्षण पर कहा, वह कह रहे है कि अगर हमारी सरकार आई तो हम आरक्षण पर पुनर्विचार करेंगें। आप उनके झांसे में मत आइए, उनकी सरकार आई तो वह आरक्षण पर पुनर्विचार नहीं, बल्कि उसे हटा देंगे। जब पहाड़ियों को आरक्षण देने की बात आई तो उन्होंने गुर्जरों को उकसाने का काम किया कि पहाड़ियों को आरक्षण मिलेगा, तो गुर्जरों का आरक्षण जाएगा। हमने गुर्जर भाइयों से वादा किया था कि पहाड़ियों को आरक्षण तो जरूर मिलेगा, लेकिन गुर्जर भाइयों का आरक्षण बिल्कुल भी कम नहीं होगा। आज गुर्जरों का आरक्षण जस का तस रख कर पहाड़ियों को आरक्षण देने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। मैं पहाड़ पर बसे सभी अभिभावकों को कहने आया हूं कि वो दिन अब लद गए, जब आपके बच्चों को ग्रेजुएशन में एडमिशन नहीं मिलता था। अब आपके बच्चे कलेक्टर और एसपी बनकर देश भर में काम करेंगे। यह अधिकार आपको नरेंद्र मोदी सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा, हमने देश में विभाजन के दिन भी देखे और घाटी में 1990 में आतंकवाद के दिन भी देखे। चंद्रकांत शर्मा हों या परिहार बंधु हों, इन सभी लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। आज मैं इस क्षेत्र के सभी भाइयों को याद करते हुए आपसे वादा करता हूं कि आतंकवाद का दौर अब कभी नहीं लौटेगा।

इराक : पुलिस ने मार गिराए आईएस के तीन आतंकवादी

एजेंसी

बगदाद। इराक के उत्तरी शहर किरकुक में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। एक पुलिस सूत्र ने यह जानकारी दी। इराकी सुरक्षाबलों ने रविवार को बगदाद से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर में किरकुक के एक मोहल्ले में मोटरसाइकिल पर विस्फोटक बेल्ट पहने दो आईएस आतंकवादियों को घेर लिया। अल-ओबैदी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि बाद में सुरक्षाबलों ने उसी इलाके में विस्फोटक बेल्ट पहने एक तीसरे आईएस आतंकवादी को भी मार गिराया।

10 दिन की विदेश यात्रा, मात्र 5 घंटे का सार्वजनिक कार्यक्रम, शेष समय कहां थे राहुल : अमित मालवीय

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे से स्वदेश लौट आए हैं। राहुल गांधी का यह विदेशी दौरा काफी सुर्खियों में रहा। हालांकि, राहुल गांधी केवल तीन दिन के अमेरिकी दौरे पर गए थे। जिसके बाद सियासी गलियारों के साथ ही आम लोगों के बीच भी यह चर्चा होने लगी है कि आखिर 3 दिन को छोड़कर बाकी के दिनों में उन्होंने अमेरिका में क्या-क्या किया और किन-किन लोगों से मुलाकात की? भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे को लेकर फिर से सवाल उठाए हैं? अमित मालवीय के मुताबिक, राहुल गांधी 6 सितंबर को लंदन में थे और 15 सितंबर तक उन्होंने कुल 10 दिन विदेश में बिताए। लेकिन, सार्वजनिक कार्यक्रमों में केवल पांच घंटे ही हिस्सा लिया। अमित मालवीय ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''राहुल गांधी अपनी नौवीं विदेश यात्रा के बाद स्वदेश वापस आ गए हैं। वह 6 सितंबर को लंदन के लिए रवाना हुए और 16 सितंबर तक 10 दिन विदेश में बिताए। उन्होंने 9 सितंबर को अपने कार्यक्रमों (टेक्सास विश्वविद्यालय और भारतीय प्रवासियों के साथ मुलाकात, कुल मिलाकर 1.5 घंटे) और फिर 10 सितंबर को (जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय, भारतीय प्रवासियों, एक प्रेस वार्ता और चुनिंदा अमेरिकी सांसदों के साथ बातचीत, कुल मिलाकर 3.5 घंटे) का समय बिताया था।'' उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए लिखा, ''इन पांच घंटों को छोड़कर, कोई नहीं जानता कि भारत के विपक्ष के नेता विदेशी धरती पर क्या कर रहे थे। उदाहरण के लिए, 11 से 15 सितंबर के बीच वह कहां थे? उन्होंने किन-किन लोगों से मुलाकात की? उनका स्वागत किसने किया?'' अमित मालवीय ने आखिर में लिखा, ''ये संदिग्ध, गुप्त विदेश यात्राएं कई सवाल खड़े करती हैं, खासकर तब जब खबरें आ रही हैं कि उन्होंने संभवतः भारत के हितों के प्रतिकूल विदेशी एजेंसियों और ऑपरेटरों से मुलाकात की है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी से उनके पूरे कार्यक्रम का खुलासा करने की भी मांग की।

श्रीलंका में महिला को मिल सकता है प्रधानमंत्री का पद

एजेंसी

कोलंबो। नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सांसद विजेता हेराथ ने सोमवार को संकेत दिया कि एनपीपी सरकार में प्रधानमंत्री एक महिला हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को जीत के बाद संविधान के अनुच्छेद 47.3 के तहत राष्ट्रपति के पास निहित शक्तियों के साथ नया मंत्रिमंडल गठित किया जाएगा। इसके बाद संसद भंग कर दी जाएगी। हेराथ ने कहा कि स्विट्जरलैंड में केवल सात सदस्यीय मंत्रिमंडल है। चार सदस्यीय मंत्रिमंडल संसदीय चुनाव के बाद नए मंत्रिमंडल के गठन होने तक दो महीने तक चल सकता है।

वक्फ विधेयक पर जेपीसी को ईमेल के जरिए मिले 84 लाख सुझाव

एजेंसी

नई दिल्ली। वक्फ (संशोधन) विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति में भेज दिया गया है। इसके लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सामने ईमेल के जरिये 84 लाख सुझाव आ चुके हैं। इसके अलावा, 70 बॉक्स के माध्यम से लिखित सुझाव भी प्राप्त हुए हैं। सुझाव देने की आखिरी तारीख 16 सितंबर को रात तक है। इस विधेयक को लेकर संयुक्त संसदीय समिति में अब तक चार बार बैठक हो चुकी है। विधेयक को लेकर आम लोगों से उनकी राय भी मांगी गई थी। जेपीसी इन सुझावों पर चर्चा करने के अलावा विशेषज्ञों और हितधारकों के सुझाव भी सुनेगी। समिति की अगली बैठक 19-20 तारीख को होगी। 19 तारीख की बैठक के लिए पटना लॉ कॉलेज के चांसलर को बुलाया गया है। वहीं जेपीसी की 20 सितंबर को होनी वाली छठी बैठक के लिए अखिल भारतीय सज्जादानशीन परिषद-अजमेर, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और भारत फर्स्ट-दिल्ली से जुड़े लोगों को बुलाया गया है। इसके बाद समिति की अगली बैठक 26 तारीख से 1 अक्टूबर तक देश के अलग-अलग शहरों में होगी।

एजुकेशन/करियर

सर्टिफिकेट कोर्स	समय	कोरेस फिस
सर्टिफिकेट इन ई-कॉमर्स	6 माह	3200
सर्टिफिकेट इन लिगल अवर्यनेस	6 माह	3200
सर्टिफिकेट इन रूरल डेवलोपमेंट	6 माह	3200
सर्टिफिकेट इन मीडिया मैनेजमेट	6 माह	3200
सर्टिफिकेट इन मास कम्यूनिकेशन	6 माह	3200
सर्टिफिकेट इन वोकेशनल लोजिसट्क्स	6 माह	3200
डिप्लोमा कोर्स		
डिप्लोमा इन कंप्यूटर अप्लिकेसनस	12 माह	6400
डिप्लोमा इन मैनेजमेट	12 माह	6400
डिप्लोमा इन जीआईएस	12 माह	6400
डिप्लोमा इन बैंकिन एंड इंसुरेंस	12 माह	6400
डिप्लोमा इन रिजनल लेंग्वेज	12 माह	6400
डिप्लोमा इन अमानत एंड सर्वेइंग	12 माह	6400
डिप्लोमा इन उर्दू लेंग्वेज	12 माह	6400
डिप्लोमा इन काउंसेलिंग	12 माह	6400
डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग	12 माह	6400
डिप्लोमा इन हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर	12 माह	6400
डिप्लोमा इन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट	12 माह	6400
डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेंट	12 माह	6400
डिप्लोमा इन नेचरोपैथी	12 माह	6400
डिप्लोमा इन योगा	12 माह	6400
डिप्लोमा इन नर्सरी टीचर ट्रेनिंग	12 माह	6400
डिप्लोमा इन रूरल मैनेजमेंट	12 माह	6400
डिप्लोमा इन फस्ट एड स्पेस्लिस्ट	12 माह	6400
डिप्लोमा इन पब्लिक गेल्थगार्ड	12 माह	21300
डिप्लोमा इन वोकेश्नल लोजीस्टीक्स	12 माह	21300
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा		
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट	18 माह	6400
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एचआर	18 माह	9600
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल डेव्लोपमेंट	18 माह	9600
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन आईटी	18 माह	9600
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन	18 माह	9600
बीबीए	3 साल	10000
एमकॉम	2 साल	9000

झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय में इन विषयों की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर...

डॉ. घनश्याम कुमार सिंह, कुलसचिव झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय राज्य सरकार के एक अधिनियम द्वारा स्थापित है और जेएसओयू अधिनियम, 2021 (झारखंड अधिनियम, 12, 2021) द्वारा शासित है। यह राज्य के भीतर समाज के सभी वर्गों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुच प्रदान करता है। यह भारत का 18वाँ और सबसे युवा मुक्त विश्वविद्यालय है। जेएसओयू के पहले स्टेट्यूट को जेएसओयू की कार्यकारी परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है और जल्द ही आवश्यक अनुमोदन के बाद इसे अधिसूचित किया जाएगा। विश्वविद्यालय का अधिकार क्षेत्र पूरे झारखंड राज्य पर है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर उच्च गुणवत्ता वाले, नवीन और आवश्यकता-आधारित शैक्षणिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्यों को प्राप्त करना है, जिन्हें उनकी आवश्यकता है और राज्य भर में उच्च शिक्षा तक पहुँच से वंचित लोगों तक पहुँचना है। जेएसओयू समावेशी शिक्षा के अवसरों का लगातार विस्तार कर रहा है। यह उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए आईसीटी उपकरणों के गहन उपयोग के साथ अगली पीढ़ी का विश्वविद्यालय बनने की कोशिश कर रहा है। शिक्षार्थियों के लिए रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कौशल घटक को शामिल करते हुए शैक्षणिक कार्यक्रम तैयार और विकसित किए गए हैं। इसका उद्देश्य विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा की एक अभिनव प्रणाली प्रदान करना है, जो सीखने के तरीकों और गति, पाठ्यक्रम विकल्प, प्रवेश आवश्यकताओं और मूल्यांकन रणनीतियों के संबंध में लचीली और खुली हो। विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र केंद्र राज्यों द्वारा स्थापित और यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा के बराबर माने जाते हैं। विश्वविद्यालय छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देता है। अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए, मुक्त विश्वविद्यालय ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में अध्ययन केंद्र स्थापित किए हैं। राज्य में स्नातक पाठ्यक्रमों में पहले से ही प्रवेश लेने वाले छात्रों को लक्षित करके अतिरिक्त पाठ्यक्रम पेश किए जाते हैं। पेश किए जाने वाले सभी शैक्षणिक कार्यक्रम शिक्षार्थियों के लिए सस्ती कीमत पर उपलब्ध हैं, जिनका लक्ष्य समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाना है। झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक कार्यक्रमों की पेशकश में यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीटीई आदि जैसे वैधानिक निकायों द्वारा निर्धारित सभी मानदंडों और विनियमों का सख्ती से पालन किया जाता जेएसओयू में 41.31% महिला छात्र, 10.17% एसटी छात्र, 5.16% एससी छात्र, 34.58% बीसी-1 छात्र और 17.21% बीसी- II छात्र पंजीकृत हैं। शैक्षणिक कर्मचारी और विभाग शैक्षणिक कार्यक्रमों की योजना, डिजाइन और विकास की अपनी नियमित गतिविधियों में लगे हुए हैं, जिनकी आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र द्वारा निरंतर निगरानी की जाती है। वर्तमान में विश्वविद्यालय अंग्रेजी, इतिहास, पत्रकारिता, जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा, लोक प्रशासन, ग्रामीण विकास, वाणिज्य और व्यवसाय और प्रबंधन अध्ययन, कंप्यूटर विज्ञान पाठ्यक्रम, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, संचार कौशल, अनुवाद अध्ययन और जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा पाठ्यक्रमों के कार्यात्मक पहलुओं को कवर करने वाले 33 शैक्षणिक कार्यक्रम पेश कर रहा है। जेएसओयू ने अनुसंधान के प्रोत्साहन और अभिनंदन के लिए एक नीति तैयार की है जिसका उद्देश्य अनुप्रयुक्त और मौलिक अनुसंधान दोनों को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है। इसे जेएसओयू के विजन और मिशन के अनुरूप तैयार किया गया है। वर्तमान नीति अनुशासन विशिष्ट अनुसंधान, क्रियात्मक अनुसंधान और सिस्टम आधारित अनुसंधान पर केंद्रित है। ऐसा करते समय यह शायद ही कभी नैतिक विचारों को नज़रअंदाज़ करता है जो सभी प्रकार के अनुसंधान के लिए अनिवार्य हैं।

डॉ. घनश्याम कुमार सिंह, कुलसचिव
झारखंड राज्य खुला विश्वविधालय, रांची